# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार, 27 नवंबर 2019


## पवार का पावर

फडणवीस सरकार धड़ाम



## सुप्रीम आदेश के बाद तीन दिन पुरानी सरकार हिली और गिरी

# 'देव-इंद्र' का सिंहासन डोला

# फ्लोर टेस्ट से पहले ही इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के सियासी संग्राम के बीच संविधान दिवस के दिन भाजपा को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा। इसी का नतीजा यह हुआ कि देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री पद से और अजित पवार को डिप्टी सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा। महाराष्ट्र की सियासत के बेताज बादशाह कहे जाने वाले एनसीपी प्रमुख शरद पवार के पावर के आगे बीजेपी के चाणक्य का दांव काम नहीं आ सका। इससे साबित हो गया कि महाराष्ट्र के बाहुबली सिर्फ शरद पवार हैं।

श्री फडणवीस ने राज्यपाल से भेंट की और अपना इस्तीफा सौंपा। इससे पहले फडणवीस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि अजित पवार के अपने पद से इस्तीफा देने के बाद उनके पास संख्या बल नहीं रह गया है और वह राज्यपाल से मिलकर अपना इस्तीफा सौपेंगे। अजित पवार ने पिछले ▶▶ शेष पेज 2 पर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10:45 बजे | सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फ्लोर टेस्ट कराने का आदेश दिया | 11:00 बजे | अजित पवार की शरद पवार, सुप्रिया सुले से गोपनीय मुलाकात | 01:00 बजे | दिल्ली में पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह और नड्डा के बीच बैठक | 02:30 बजे | चार दिन उप-मुख्यमंत्री रहने के बाद अजित पवार ने दिया इस्तीफा | 03:30 बजे | मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस्तीफे की घोषणा कर दी |

### खास बातें

- देवेंद्र फडणवीस ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा, भाजपा विधायक कोलाम्बकर बने प्रोटेम स्पीकर
- अब शिवसेना-राकांपा और कांग्रेस की सरकार, उद्धव होंगे मुख्यमंत्री
- राज्यपाल के समक्ष दावा पेश आज विधायकों का शपथ ग्रहण

*महाराष्ट्र में एक महीने से चल रहे राजनीतिक ड्रामे का मंगलवार को तकरीबन अंत हो गया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा फडणवीस सरकार को बहुमत साबित करने एक दिन का समय देने के बाद घटनाक्रम तेजी से बदला। पहले एनसीपी से बागी नेता अजित पवार ने इस्तीफा दिया और फिर बहुमत नहीं होने का हवाला देते हुए देवेंद्र फडणवीस ने भी कुर्सी छोड़ दी। अब शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस की सरकार बनेगी। तीनों दलों ने बैठक कर अपने गठबंधन को महा विकास अघाड़ी का नाम दिया और इसका नेता शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को चुन लिया गया है। उद्धव 28 नवंबर को सीएम पद की शपथ लेंगे।*

### फडणवीस के इस्तीफे का फरमान आया दिल्ली से

उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा इस्तीफा दिए जाने की खबर लगते ही आनन-फानन में संसद भवन में पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और कार्यकारी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा की मीटिंग हुई। कहा जा रहा है कि भाजपा के शीर्ष नेताओं को लगा कि फ्लोर टेस्ट में फेल हो जाने पर ज्यादा किरकिरी हो जाएगी इसलिए देवेन्द्र फडणवीस को इस्तीफा देने का संदेश भेजा गया और उन्होंने तत्काल इस्तीफा सौंप दिया।



### अजित की गोपनीय मुलाकात, फिर इस्तीफा

बताया जाता है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद मुंबई में अजित पवार ने चाचा शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले से मुलाकात की। इस मुलाकात में अजित पवार को भाजपा का साथ छोड़ने के लिए मनाया गया। इसके बाद अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे के लिए अजित पवार ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है।



### 28 को लेंगे शपथ

**मुंबई।** शिवसेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उद्धव ठाकरे का शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को सायं 5 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में होगा। ज्ञात हो कि सीएम देवेंद्र फडणवीस के इस्तीफे के बाद मंगलवार ▶▶ शेष पेज 2 पर

### आपरेशन कमल को किया फेल

आखिर महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार का पावर भाजपा के 'आपरेशन कमल'पर भारी पड़ गया। पवार के घर में सेंध लगाकर भी भाजपा उन्हें पटकनी नहीं दे पाई और बहुमत का दावा कर रहे देवेंद्र फड़नवीस को महीने भर में ही दुसरी बार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ गया। वैसे शरद पवार महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे बड़े खिलाड़ी हैं,यह उन्होंने कई बार साबित किया है। राजीव गांधी जब प्रचंड बहुमत से केंद्र की सत्ता में आए थे तो महाराष्ट्र में शरद पवार की ही चली। राजीव गांधी के न चाहते हुए भी शरद पवार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने और अपना कार्यकाल पूरा किया। हालांकि 79 साल के हो चुके पवार को अब माना जा रहा था कि वे बूढ़े गए हैं और राजनीतिक संन्यास की ओर पहुंच गए हैं। यही समझकर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पार्टी कई विधायक और नेता उन्हें छोड़कर भाजपा या शिवसेना के साथ चले गए। इस विषम हालात के बावजूद ▶▶ शेष पेज 2 पर

- आखिरकार महाराष्ट्र में शरद पवार की ही चली

## खबर संक्षेप

### ट्वीट खोलेगा सुनंदा की मौत का राज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को विशेष अदालत से आग्रह किया कि दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया जाए कि वह उनकी पत्नी सुनंदा पुष्कर द्वारा किए गए ट्वीटों को रिकॉर्ड में लाए। सुनंदा जनवरी 2014 में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत मिली थीं। थरूर ने कहा कि ट्विटर देखना महत्वपूर्ण है कि मृत्यु से पहले उनकी मनःस्थिति क्या थी।




# डीजीपी ने देखी खामियां, सादी वर्दी में ड्यूटी करते मिले टीआई समेत सात सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पुलिसिंग को मजबूत बनाने डीजीपी डीएम अवस्थी ने छापामार शैली पर काम प्रारंभ कर दिया है। पुलिस स्टेशनों पर अचानक एसपी और आईजी के धमकने के फरमान के बाद मंगलवार को खुद ही डीजीपी धमतरी जिले के भखारा पुलिस स्टेशन पहुंच गए। ड्यूटी के दौरान ▶▶ शेष पेज 2 पर

- अचानक डीजीपी के पहुंचने से हड़बड़ाए पुलिसकर्मी



### खामियों पर हुई कार्रवाई

डीजीपी के औचक निरीक्षण में ड्यूटी के दौरान टीआई समेत 7 पुलिसकर्मी सादी वर्दी में मिले। साथ ही अन्य खामियां मिलीं। सभी को सस्पेंड कर रिजर्व पुलिस लाइंस अटैच किया है।

- **बीपी राजभानू,** एसपी, धमतरी

**जांच के दौरान मिली ये खामियां :** अफसरों के मुताबिक डीजीपी श्री अवस्थी शाम 5 बजे थाने पहुंचे, जहां टीआई से एफआईआर रजिस्टर, विवेचना की संख्या, कोर्ट में चालान पेश की स्थिति, जुआ-सट्टा कार्यवाही, शिकायतों की संख्या और थाने के मालखाने का निरीक्षण किया। इस दौरान ▶▶ शेष पेज 2 पर

# अब तीन महीने में नहीं खाली करना पड़ेगा घर

**नई दिल्ली।** एक्शन के दौरान शहीद होने वाले रक्षाकर्मियों के परिजन अपने उसी सरकारी आवास में एक साल तक रह सकेंगे जिसमें वो पहले से रह रहे हैं। अभी तक जवान की मौत के तीन महीने बाद तक सरकार की ओर से दिया गया आवास खाली करना होता था। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, सशस्त्र सेनाओं की ज़रूरत और मांग को देखते हुए रक्षा मंत्रालय ने मौजूदा प्रावधानों की समीक्षा की और ▶▶ शेष पेज 2 पर



### राजनाथ ने की घोषणा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, सशस्त्र सेनाओं से जुड़ा कोई जवान शत्रु सेना से लड़ते हुए या हवाई हमले में वीरगति को प्राप्त होता है तो उसके परिजनों को सरकारी आवास में बने रहने की अवधि तीन माह से बढ़ाकर अब एक साल कर दिया गया है।







### इसरो आज लांच करेगा 14 सैटेलाइट

**श्रीहरिकोटा।** इसरो बुधवार सुबह 9.28 मिनट पर कार्टोसैट-3 सैटेलाइट को लॉन्च करेगा। इस सैटेलाइट को श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी-सी47 के जरिए लॉन्च किया जाएगा। कार्टोसैट-3 को 509 किमी ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा।




### 14 जनवरी से विंडोज 7 हो जाएगा बंद

**न्यूयॉर्क।** माइक्रोसॉफ्ट विंडोज 7 यूज़र्स के लिए बुरी खबर लाया है। कंपनी विंडोज 7 का सपोर्ट खत्म कर रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने 22 अक्टूबर, 2009 को विंडोज 7 रिलीज़ कर 10 साल तक सपोर्ट का वादा किया था। समयसीमा खत्म होते ही कंपनी 14 जनवरी, 2020 को इसके लिए सपोर्ट बंद कर देगी।



### कारोबारी की सवा छह करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आतंकवाद वित्त पोषण मामले के सिलसिले में कश्मीरी कारोबारी जहूर अहमद शाह वटाली की 6.20 करोड़ रुपए की संपत्तियों को अपने कब्जे में लिया है। ये संपत्तियां भूमि के टुकड़ों के रूप में है जो जम्मू कश्मीर के सोझीठ गांव में स्थित हैं।






## कई बड़े घटनाक्रमों ने सियासत में मचे उठा-पटक का किया अंत

# फ्लोर टेस्ट से पहले महाराष्ट्र में मात्र 80 घंटे से भी कम समय में गिर गई फडणवीस की सरकार

*दूसरी बार महाराष्ट्र के सीएम पद की शपथ लेकर देवेन्द्र फडणवीस ने गत शनिवार को सबको चौंका दिया था। लेकिन जिस एनसीपी नेता अजित पवार के भरोसे सरकार बनाने का सपना संजोया उन्हीं ने मंगलवार को साथ छोड़ दिया और डिप्टी सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। मात्र 80 घंटे से भी कम समय में देवेन्द्र फडणवीस की सरकार गिर गई। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इस्तीफे का ऐलान कर दिया है।*

## जिसके भरोसे सरकार का सपना संजोया उसी एनसीपी नेता अजित ने छोड़ा साथ

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि उनके पास बहुमत नहीं है और वे इस्तीफा देने जा रहे हैं। इस तरह से महाराष्ट्र की सियासत में मचे उठा-पटक का अंत हो गया है। बतौर सीएम देवेंद्र फडणवीस की दूसरी पारी देश दुनिया के लिए एक सरप्राइज की तरह थी। हालांकि 80 घंटे से भी कम चली इस सरकार का अंत हैरान करने वाला नहीं बल्कि प्रत्याशित था। इसका अंदाजा तभी हो गया था जब मंगलवार को 10.30 बजे सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी किया कि 30 घंटे के अंदर फडणवीस सरकार को बहुमत हासिल करना पड़ेगा और इसका लाइव प्रसारण किया जाएगा।



### उद्धव बोले- बड़े भाई से मिलने दिल्ली जाऊंगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र का राजनीतिक घमासान अब सत्ता की राह पर आगे बढ़ चला है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के इस्तीफे के बाद मंगलवार को मुंबई स्थित ट्राइडेंट होटल में शिवसेना, एनसीपी, कांग्रेस और कुछ छोटे दलों की संयुक्त बैठक हुई। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लेकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आप हमें गले लगाओ और जब जरूरत न हो तो छोड़ दो। आपने हमें दूर रखने की कोशिश की। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि राज्य का संचालन करूंगा। मैं इसके लिए सोनिया गांधी समेत अन्य लोगों को धन्यवाद देता हूं। मैं बड़े भाई से मिलने दिल्ली भी जाऊंगा। उद्धव के 'बड़े भाई' वाले संबोधन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का संकेत माना जा रहा है।

**सुप्रीम कोर्ट में संडे को सुनवाई**

इस खबर की सूचना जैसे ही एनसीपी-शिवसेना और कांग्रेस के खेमे में गई, वहां हड़कंप मच गया। अखबारों में तो सुर्खियां छपी थीं कि शनिवार को ही उद्धव ठाकरे सीएम पद की शपथ ले सकते हैं। लेकिन यहां सब कुछ उलट चुका था। आनन-फानन में एनसीपी बॉस ने कहा कि इस सरकार को न तो एनसीपी का समर्थन है और न ही उनका। इसके बाद तीनों पार्टियां सुप्रीम कोर्ट की शरण में गईं। सुप्रीम कोर्ट में शनिवार को ही इस सरकार की वैधता को चुनौती देते हुए याचिका दायर की गई। ऐतिहासिक रूप से सुप्रीम कोर्ट में रविवार को सुनवाई हुई। अदालत में दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश की और मामले की सुनवाई को सोमवार तक के लिए टाल दिया गया।

**ट्विटर से जूनियर पवार की बैटिंग**

डिप्टी सीएम पद की शपथ लेने के बाद जूनियर पवार ने चुप्पी साधे रखी थी, लेकिन रविवार शाम 4 बजे अजित पवार अचानक से ट्विटर पर सक्रिय हुए और एक के बाद एक 22 ट्वीट किए। उन्होंने पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री की बधाई का जवाब दिया और महाराष्ट्र में पांच साल की स्थिर सरकार देने का वादा किया। अजित पवार ने ये भी कहा कि वे एनसीपी में हैं और इसी पार्टी में रहेंगे। उन्होंने शरद पवार को ही अपना नेता घोषित किया। जूनियर पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा एनसीपी की सरकार पांच साल तक चलेगी और लोगों के लिए काम करेगी।

**हयात में द ग्रेट एकजुटता परेड**

महाराष्ट्र के गेम में थ्रिलर सोमवार शाम को आया, जब मुंबई के होटल हयात में कांग्रेस-एनसीपी और शिवसेना ने मिनी एसेंबली ही सजा दी। यहां पर 162 विधायकों की मौजूदगी का दावा किया गया। एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने हयात होटल से हुंकार भरी और दावा किया कि महाराष्ट्र की सत्ता के असली हकदार वहीं हैं क्योंकि उनके पास संख्याबल भी है। पवार ने कहा कि भाजपा को समझना चाहिए कि ये कर्नाटक और गोवा नहीं है।

**सुप्रीम कोर्ट में ये दी गईं दलील**

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर जोरदार बहस हुई। मामले की सुनवाई कर रहे थे न्यायमूर्ति एनवी रमण, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना। जिरह के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह हॉर्स ट्रेडिंग का मामला नहीं है,यहां तो पूरा अस्तबल ही खाली हो गया है। इस पर विपक्षी दलों का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पलटवार किया और कहा, 'अस्तबल तो अभी भी है, केवल जॉकी यानी की मुख्य घुड़सवार भाग गया है। इस याचिका पर 80 मिनट की सुनवाई के बाद तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि आखिरी फैसला मंगलवार की सुबह सुनाया जाएगा।

## इन मौकों पर फेल रहा शाह का प्लान



फडणवीस दोबारा मुख्यमंत्री बने तो उस दिन सोशल मीडिया पर 'चाणक्य' ट्रेंड हो रहा था लेकिन महाराष्ट्र में प्लान असफल नजर आया। ऐसे कई मौके आए जब अमित शाह का प्लान नाकाम रहा।

**कर्नाटक में देना पड़ा इस्तीफा**

222 सीटों वाली कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में भाजपा को 104 सीटें मिली थीं जो बहुमत के लिए जरूरी 112 के आंकड़े से 8 कम थी। जेडीएस को 37, कांग्रेस को 78 विधायक जीते और 3 सीटें अन्य के खाते में गईं। लेकिन येदियुरप्पा ने सीएम पद की शपथ ले ली। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और बहुमत साबित करने के लिए कहा गया। लेकिन भाजपा बहुमत साबित नहीं कर पाई और फ्लोर टेस्ट से पहले ही येदियुरप्पा को इस्तीफा देना पड़ा।

**2016 में उत्तराखंड में उल्टा पड़ा दांव**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री हरीश रावत के 35 विधायकों में से 9 ने बगावत कर दी। इसके बाद राष्ट्रपति शासन लग गया। कांग्रेस ने हाई कोर्ट में इसे चुनौती दी तो हाई कोर्ट ने राष्ट्रपति शासन को अवैध ठहरा दिया। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सरकार को बहुमत साबित करने का आदेश दिया तो हरीश रावत सरकार ने बहुमत साबित कर दिया और अंततः राष्ट्रपति शासन हटाया गया।

**अहमद ने जीता राज्यसभा चुनाव**

2017 में राज्यसभा चुनाव गुजरात की तीन सीटों में से दो पर भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और स्मृति ईरानी जीतीं लेकिन तीसरी सीट पर सस्पेंस इसलिए बना रहा क्योंकि भाजपा कुछ कांग्रेस विधायक तोड़ ले गई थी लेकिन वहां भी अंततः निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस के दो बागी विधायकों के मतों को रद्द कर दिया और अहमद पटेल ने भाजपा के बलवंत राजपूत को हराया।

## खबर संक्षेप

### कश्मीर घाटी में रेल सेवाएं बहाल हुईं : रेलवे

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने कहा कि कश्मीर घाटी में श्रीनगर-बनिहाल खंड पर सुरक्षा कारणों से निलंबित ट्रेन सेवाओं को मंगलवार से फिर शुरू कर दिया गया है। कई दिनों तक परीक्षण परिचालन के बाद सेवाओं को बहाल किया गया है। पूरे क्षेत्र में रेल यात्रा करने वाले हजारों स्थानीय यात्रियों को फायदा पहुंचाने के लिए ट्रेन सेवाओं को बहाल किया है।




### लोकपाल को 'लोगो' आदर्श वाक्य मिला

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार रोधी संस्था 'लोकपाल' को मंगलवार को इसका 'लोगो' और 'आदर्श वाक्य' मिल गया। कार्मिक मंत्रालय के बयान के मुताबिक इसके लिए एक खुली प्रतियोगिता के जरिये 6,000 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी। खुली प्रतियोगिता के तहत देश के विभिन्न हिस्से से विभिन्न आयु वर्ग के लोगों से 'लोगो' के लिए 2,236 तथा 'आदर्श वाक्य' के लिए 4,705 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

### हेरोइन की तस्करी, सात अफगान गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 9.78 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन की तस्करी करने की कोशिश करने के आरोप में सात अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई है। सभी आरोपियों को 16 नवंबर को अफगानिस्तान के कंधार से यहां पहुंचने के बाद पकड़ लिया गया।



### झारखंड विस चुनाव : 260 उम्मीदवारों चुनाव मैदान में

**नई दिल्ली।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में विभिन्न दलों के 260 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दूसरे चरण में 20 सीटों पर सात दिसंबर को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने दूसरे चरण में रांची सहित सात जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर मतदान के बारे में मंगलवार को जारी तथ्यों के आधार पर बताया कि इस चरण में 260 उम्मीदवार चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं।

*70 सालों में हमने दिए हैं बाबासाहेब के सवालों के जवाब*

# पीएम बोले- सात दशकों में भारत ने लोकतंत्र को किया मजबूत

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस के 70 साल पूरे होने के मौके पर कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 को अपने आखिरी भाषण में देश को याद दिलाया था कि भारत पहली बार आजाद नहीं हुआ है, न ही पहली बार गणतंत्र बना है। पीएम मोदी ने आंबेडकर का हवाला देते हुए कहा कि हमने अपनी ही गलतियों से अतीत में आजादी भी खोई है और गणतंत्र का दर्जा भी खोया है। उन्होंने चेताते हुए पूछा था कि हमें आजादी मिल गई है, लेकिन इसे अक्षुण्ण रखने के लिए ध्यान रखना होगा।

**खास बातें**

- 70 साल पहले संविधान के एक-एक अनुच्छेद पर हुई गहन बात
- सपनों, आशाओं, आस्था और विश्वास पर हुई चर्चा



### संविधान हमारे लिए सबसे बड़ा ग्रंथ

केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों से आह्वान करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम अपने कार्यक्रमों में कर्तव्यों की बात करें। हमारा संविधान हम भारत के लोग से शुरू होता है। पीएम मोदी ने कहा कि संविधान हमारे लिए सबसे बड़ा ग्रंथ है। इसमें तमाम चीजों का समावेश है और जटिल स्थितियों का समाधान भी है।

### स्मारक सिक्के, डाक टिकट का विमोचन



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संविधान दिवस के अवसर पर 250 रुपए के स्मारक सिक्के और एक विशेष डाक टिकट को जारी किया, उन्होंने राष्ट्रीय युवा संसद योजना के पोर्टल और संसद भवन के पुस्तकालय में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। लोकसभा व राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने से पहले उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने 'भारतीय संसदीय लोकतंत्र में राज्यसभा की भूमिका' नामक पुस्तक को जारी किया।

## कई विपक्षी दलों ने किया संविधान दिवस समारोह का बहिष्कार

### कांग्रेस ने आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष किया प्रदर्शन

संविधान दिवस के अवसर पर संसद के दोनों सदनों की मंगलवार को हुई संयुक्त बैठक का कांग्रेस, शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, द्रमुक, राष्ट्रीय जनता दल और वाम दलों समेत विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया, वहीं बसपा के सदस्य इस समारोह में शामिल हुए। तृणमूल कांग्रेस ने भी संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह का बहिष्कार किया। संविधान को अंगीकार करने के 70 वर्ष पूरा होने के मौके पर संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित लोकसभा एवं राज्यसभा की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संबोधित किया।



प्रदर्शन में शामिल हुए छग के सांसद

यह पहला मौका है जबकि कांग्रेस द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन को शिवसेना का समर्थन मिला। इन नेताओं ने हाथों में बैनर ले रखा था जिस पर 'संकट में संविधान संकट'' लिखा हुआ था। उन्होंने ''संविधान की हत्या बंद करो' के नारे लगाये। प्रदर्शन में राज्यसभा सांसद पीएल पुनिया, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, कोरबा की कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत, द्रमुक के टी आर बालू, शिवसेना के अरविंद सावंत और राकांपा के माजिद मेमन सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

### मौजूदा सरकार के हाथों में संवैधानिक मूल्य सुरक्षित नहीं



उच्चतम न्यायालय द्वारा देवेंद्र फडणवीस सरकार को महाराष्ट्र विधानसभा में बुधवार शाम तक बहुमत साबित करने का निर्देश देने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा कि मौजूदा सरकार में 'संवैधानिक मूल्य सुरक्षित नहीं हैं। सिंह ने कहा, उच्चतम न्यायालय ने जो भी फैसला दिया है उसका सम्मान होना चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने यह भी कहा, जिस तरह से केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र में कदम उठाया है उससे साफ है कि मौजूदा शासन के हाथों में संवैधानिक मूल्य सुरक्षित नहीं हैं।

# एक साल में रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार के मामले में आई 10 फीसदी की कमी

## इंडिया करप्शन सर्वे की रिपोर्ट में खुलासा

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2019 में देश के 20 राज्यों में भ्रष्टाचार 10 फीसदी कम हुआ है। इंडिया करप्शन सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी कार्यों में रिश्वतखोरी पर कुछ हद तक लगाम लग गई है।



सर्वे में 248 जिलों के 1,90,000 लोगों से भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को लेकर के सवाल पूछने पर 51 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्होंने पिछले 12 महीनों में एक बार रिश्वत जरूर दी है।

इस सर्वे को ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया ने किया था। यह एक गैर राजनीतिक, स्वतंत्र और गैर सरकारी भ्रष्टाचार रोधी संगठन है। ग्लोबल वॉचडॉग ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के वार्षिक सूचकांक के अनुसार भारत 41 अंकों के साथ 78वें नंबर पर है। उसने तीन अंकों का सुधार किया है।

वहीं राष्ट्रपति शी जिनपिंग के हाई-प्रोफाइल भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के बावजूद चीन भ्रष्टाचार की रैंकिंग में ऊपर है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत पड़ोसी देशों से तो बेहतर हुआ है लेकिन भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

**भारत 78 वें पायदान पर**

दुनियाभर के 180 देशों की सूची में भारत तीन स्थान के सुधार के साथ 78वें पायदान पर पहुंच गया है। वहीं इस सूचकांक में चीन 87वें और पाकिस्तान 117वें स्थान पर हैं। बीते दस सालों में ये पहला मौका है जब भारत इस स्थान पर पहुंचा है। साल 2008 के बाद से भारत का प्रदर्शन धीरे-धीरे सुधरता रहा है। चीन 2017 में भारत से ऊपर था लेकिन 2018 में यह फिसलकर 87वें स्थान पर पहुंच गया। जिन देशों को सबसे कम भ्रष्ट माना जाता है, उनके अंक भी इस रिपोर्ट में गिरे हैं।

### बिना हेलमेट काट दिया होंडा सिटी कार का चालान

**फरीदाबाद।** ट्रैफिक के नए नियम लागू होने के बाद लोग काफी सतर्क होकर रोड पर चल रहे हैं, लेकिन ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही उन्हें परेशान कर रही हैं। एक ट्रैफिककर्मी ने मोटर साइकिल सवार को बिना हेलमेट पकड़ा व होंडा सिटी कार का चालान काट दिया। इससे चालान का मेसेज सीधे कार मालिक व एनआईटी निवासी अधिवक्ता राजन भाटिया के पास पहुंच गया। चालान का मैसेज देख कर वह हैरान रह गई। उन्होंने मामले की शिकायत ट्रैफिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से की। उन्होंने इसे मानवीय भूल मानते हुए सुधारने का भरोसा दिया। इस कार का बिना हेलमेट चालान कटने की सूचना तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।



- मैसेज देखते ही मालिक के उड़े होश

### 'अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव प्रदर्शनी' शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली



समरस संस्कारित गीतामय भारत के आव्हान पर आगामी एक दिसंबर को दिल्ली के लालकिला मैदान में आयोजित गीता प्रेरणा महोत्सव के तहत मंगलवार को 15 दिवसीय 'अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव प्रदर्शनी' शुरू हो गई है, जिसका शुभारंभ करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय भाटिया व गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। लालकिला परिसर में 'अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव प्रदर्शनी' का शुभारंभ करने के बाद सांसद संजय भाटिया कहा कि गीता महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाने में स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की एक महत्ती भूमिका है।

## पाक सुप्रीम कोर्ट से बाजवा को झटका

# सेना चीफ के कार्यकाल बढ़ाने पर लगाई रोक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने अभूतपूर्व कदम उठाते हुए सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के कार्यकाल को तीन वर्ष के लिए और बढ़ाने संबंधी अधिसूचना पर मंगलवार को यह कहते हुए रोक लगा दी कि इसमें प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। यह फैसला इमरान खान सरकार के लिए शर्मिंदगी की बात है क्योंकि खान ने 'क्षेत्रीय सुरक्षा माहौल' का हवाला देते हुए बाजवा को दूसरा कार्यकाल दिया था। यह फैसला बाजवा की 29 नवंबर को होने जा रही सेवानिवृत्ति से ठीक पहले आया है। जियो न्यूज ने मुख्य न्यायाधीश आसिफ सईद खोसा के हवाले से बताया, यह पूरी प्रक्रिया ही उल्टी थी। पहले मंत्रिमंडल से मंजूरी लेनी थी, उसके बाद प्रधानमंत्री और फिर राष्ट्रपति को इस पर सलाह देनी चाहिए थी। इस घटनाक्रम के बाद खान ने तत्काल मंत्रिमंडल की बैठक की और जनरल बाजवा का कार्यकाल बढ़ाने वाली अधिसूचना वापस ले ली।



- इमरान सरकार ने वापस लिया आदेश

*यह कार्टोसैट श्रृंखला का नौवां उपग्रह*

# कार्टोसैट-3 के साथ 13 अन्य उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती शुरू

एजेंसी ▶▶। चेन्नई

धरती की निगरानी एवं मानचित्र उपग्रह कार्टोसैट-3 के साथ अमेरिका के 13 नैनो उपग्रहों के प्रक्षेपण की 26 घंटे की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। अंतरिक्ष एजेंसी ने 27 नवंबर को सुबह नौ बजकर 28 मिनट पर कार्टोसैट-3 के प्रक्षेपण की योजना बनाई है। यह कार्टोसैट श्रृंखला का नौवां उपग्रह है जिसे यहां से 120 किलोमीटर दूर श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के द्वितीय लांच पैड से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो ने मंगलवार को कहा, पीएसएलवी-सी47 अभियान के प्रक्षेपण के लिए श्रीहरिकोटा में आज सुबह सात बजकर 28 मिनट पर 26 घंटे की उल्टी गिनती शुरू हो गई। इसे 27 नवंबर बुधवार को सुबह नौ बजकर 28 मिनट पर प्रक्षेपित किया जाना है। पीएसएलवी-सी47 की यह 49वीं उड़ान है जो कार्टोसैट-3 के साथ अमेरिका के वाणिज्यिक उद्देश्य वाले 13 छोटे उपग्रहों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा।

- बुधवार को सुबह नौ बजकर 28 मिनट पर प्रक्षेपित किया जाना है



**कार्टोसैट-3 तीसरी पीढ़ी का उन्नत उपग्रह**

कार्टोसैट-3 तीसरी पीढ़ी का बेहद चुस्त और उन्नत उपग्रह है जिसमें हाई रिजोल्यूशन तस्वीर लेने की क्षमता है। इसका भार 1,625 किलोग्राम है और यह बड़े पैमाने पर शहरी नियोजन, ग्रामीण संसाधन और बुनियादी ढांचे के विकास, तटीय भूमि के उपयोग तथा भूमि कवर के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। इसरो ने कहा है कि पीएसएलवी-सी47 'एक्सएल' कनफिगरेशन में पीएसएलवी की 21वीं उड़ान है।

**यह 74 वां प्रक्षेपण यान मिशन होगा**

न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड, अंतरिक्ष विभाग के वाणिज्यिक प्रबंधों के तहत इस उपग्रह के साथ अमेरिका के 13 नैनो वाणिज्यिक उपग्रहों को भी प्रक्षेपित किया जा रहा है। इसरो ने बताया कि श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से यह 74वां प्रक्षेपण यान मिशन होगा। कार्टोसैट-3 का जीवनकाल पांच साल का होगा। कार्टोसैट-3 तथा 13 अन्य नैनो उपग्रहों का प्रक्षेपण गत 22 जुलाई को चंद्रयान -2 के प्रक्षेपण के बाद हो रहा है।

# हरिभूमि

रायपुर

बुधवार, 27 नवंबर 2019

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा

वर्ष : 18, अंक : 128

पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 3 .00 **

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 30.4

न्यून. 18.0





05 शराब और ड्रग्स की हो गई थी आदी

विचार पेज

04 राजनीति का नया अध्याय



## खबर संक्षेप

### 10वीं और 12वीं परीक्षा के प्रश्नपत्रों में होगा बदलाव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आलोचनात्मक और विश्लेषण की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए 2023 तक 10वीं और 12वीं परीक्षा के प्रश्न पत्रों के स्वरूप में बड़ा बदलाव करेगा। सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि देश के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ऐसा करना वक्त की जरूरत है।

### चिदंबरम की जमानत पर आज होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** आईएनएक्स मीडिया हेराफेरी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पी चिदंबरम की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार के लिए सुनवाई टल गई है। दरअसल, सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता जम्मू-कश्मीर के पाबंदी मामले की सुनवाई में व्यस्त थे। चिदंबरम केस में वो ईडी की तरफ पेश होते हैं।

### एयर प्यूरिफायर टावर लगाने के निर्देश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर में बढ़ रहे प्रदूषण पर सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश के सचिवों को प्रदूषित हवा से निपटने के लिए निर्देश दिया कि अपने मतभेदों को एक तरफ रखें। तीनों राज्य के मुख्य सचिव एक साथ बैठकर 10 दिनों के अंदर ही अलग-अलग शहरों में एयर प्यूरिफायर टावर लगाने की योजना बनाकर दें।

### मप्र से भटक कर बाघ उत्तर प्रदेश पहुंचा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व का एक बाघ भटक कर करीब 150 किलोमीटर दूर उत्तरप्रदेश के गेलहोरी गांव पहुंच गया। पन्ना टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर के एस भदोरिया ने बताया कि उत्तरप्रदेश के हमीरपुर एवं महोबा सीमा के पास गेलहोरी गांव में एक बाघ दो दिन पहले देखा गया था। यूपी के वन अधिकारी ने झांसी से यह सूचना दी। इस बाघ पर रेडियो कॉलर नहीं लगा है।

## नजरिया



# पुलिस महकमे में पेंच, डीजी के दो पद रिक्त, 30 को तीसरी कुर्सी भी हो रही खाली, बड़ा सवाल-चार्ज कौन संभालेगा

**होमगार्ड, जेल डीजी सिंह इसी माह हो जाएंगे रिटायर, डीजीपी अवस्थी को देंगे प्रभार या एडीजी को शासन तय करेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी होमगार्ड व जेल डीजी बीके सिंह इसी महीने की 30 तारीख को सेवानिवृत्त हो रहे हैं लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि उनके रिटायरमेंट के बाद होमगार्ड व जेल डीजी का चार्ज किसे मिलेगा। दरअसल राज्य में अभी डीजी के पद पर दो अधिकारी ही पदस्थ हैं। एक अधिकारी के रिटायर होने के बाद एक पद रह जाएगा। ऐसे में सवाल है कि क्या श्री सिंह अपना चार्ज डीजी डीएम अवस्थी को सौंपेंगे या किसी एडीजी को यह प्रभार सौंपा जाएगा। इस मसले पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो इस पूरे मामले में एक तरह का पेंच फंसा है। ऐसा इसलिए हो रहा है कि राज्य में डीजी के दो पद पहले ही खाली हैं। इन पदों पर अगर अधिकारी पदस्थ होते तो श्री सिंह के स्थान पर प्रभार लेने-देने में कोई कठिनाई ▶▶ शेष पेज 2 पर

### डीजी के दो पदों के लिए केंद्र को गया है पत्र

पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार राज्य में डीजी के दो स्वीकृत पदों पर नियुक्ति के लिए राज्य की ओर से केंद्र सरकार को पत्र लिखा गया है। अगर केंद्र से अनुमति मिल जाती है तो दो अधिकारी डीजी बन सकते हैं। डीजी के इन पदों के लिए वरिष्ठता क्रम के हिसाब से आरके विज तथा संजय पिल्ले ▶▶ शेष पेज 2 पर



### राज्य सरकार ने किया है डिमोशन

राज्य सरकार ने हाल ही में स्पेशल डीजी के रूप में सेवाएं दे रहे अधिकारियों को पदावनत किया है। इनमें मुकेश गुप्ता तथा संजय पिल्ले,आरके विज तथा शामिल हैं। सरकार की इस कार्रवाई के बाद से इन अधिकारियों को प्रमोशन का आदेश मिलने की प्रतीक्षा की जा रही है। लेकिन किसी भी अधिकारी को प्रमोशन नहीं मिला है। इसी बीच डीजी के रूप में पदस्थ श्री सिंह रिटायर हो रहे हैं।

**2500 में धान खरीदी : भ्रम फैलाने वालों को सीएम ने लिया आड़े हाथ**

# भूपेश का ऐलान, बजट सत्र के तुरंत बाद किसानों के खाते में आएगा पैसा

**4546** करोड़ रुपए का सरकार का दूसरा अनुपूरक बजट पारित

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को विधानसभा में ये घोषणा की है कि राज्य सरकार के बजट सत्र के तुरंत बाद राज्य के धान उत्पादक किसानों के खातों में धान के समर्थन मूल्य और राज्य सरकार द्वारा घोषित 2500 रुपए क्विंटल के अंतर की राशि आ जाएगी। श्री बघेल ने ये भी कहा है कि इस मामले को लेकर बनाई गई मंत्रियों की समिति की रिपोर्ट भी बजट सत्र के पहले आ जाएगी। सरकार के नए बजट में राशि का प्रावधान करने के साथ ही न्याय योजना लागू होगी। राज्य विधानसभा में मंगलवार को सरकार का इस साल का दूसरा अनुपूरक बजट 4 हजार 546 करोड़ रुपए का पारित हो गया है।

श्री बघेल ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सरकार के दूसरे अनुपूरक बजट प्रस्ताव पर सत्ता एवं विपक्ष की चर्चा के बाद अपने जवाब में यह घोषणा की है। उन्होंने साफ किया कि किसानों की जेब में धान के समर्थन मूल्य की राशि के साथ प्रति क्विंटल 2500 रुपए की राशि किसानों की जेब में जाएगी। यह राशि देने से हमें कोई रोक नहीं सकता है। उन्होंने ये भी जोड़ा कि पिछले साल भी कांग्रेस की सरकार बनने से पहले किसानों ने 1750 रुपए के भाव पर अपना धान बेचा था। सरकार बनने के बाद हमने सबसे पहले किसानों के लिए 1248 करोड़ रुपए का प्रावधान किया और मूल्य के अंतर की यह राशि किसानों को खाते में डाली गई। उन्होंने कहा कि जो लोग हम पर शंका कर रहे हैं, वे समझ लें। श्री बघेल ने ये भी कहा कि किसानों को धान के मूल्य के अंतर की राशि देने के लिए हमने अनुपूरक में भी 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।



**अनुपूरक बजट पारितः** राज्य सरकार ने शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन सोमवार को इस साल का दूसरा अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया था। इस अनुपूरक पर मंगलवार को चर्चा हुई। विपक्षी दल भाजपा, जकांछ तथा बसपा ने अनुपूरक मांगों का विरोध किया, लेकिन चर्चा के बाद 4 हजार 546 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। अनुपूरक में सरकार ने कई बड़े प्रावधान किए हैं। इसमें सरकार के लिए नए विमान की खरीदी, नया रायपुर में मुख्यमंत्री, मंत्रियों के आवास के लिए राशि, धान उत्पादन के प्रोत्साहन के लिए राशि तथा मुंबई में छत्तीसगढ़ भवन बनाने के लिए राशि का प्रावधान किया गया है।

### धान खरीदी पर शायरी में भूपेश-रमन में जंग

रमन ने कहा- कमेटी के कांधों पर अपने वादे कब तक लादोगे, भूपेश का जवाब - वादा किया है किसानों से, हर हाल में निभाएंगे, पनामा नहीं किसानों की जेब भरकर दिखाएंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह में एक बार फिर से ट्वीटर पर मंगलवार को वार हुआ। धान खरीदी पर दोनों ने शायरी के साथ एक-दूसरे पर तीर छोड़े। इनके बीच काफी समय से ऐसा ही वार चल रहा है। कभी मीडिया से चर्चा में एक दूसरे पर वार कर रहे हैं तो कभी सोशल मीडिया में तकरार हो रही है। प्रदेश में धान खरीदी को लेकर जमकर सियासत हो रही है। प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के समर्थन मूल्य के हिसाब से धान खरीदी के साथ अंतर की राशि देने का ऐलान किया है। प्रदेश सरकार ने एक कमेटी भी बनाई है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कविता की पंक्तियों से तंज कसते हुए ▶▶ शेष पेज 2 पर

**कुछ दस्तावेजों की जांच जारी**

# सरिया कारोबारियों के 35 ठिकानों पर आयकर के छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के पंकज ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज और इनसे जुड़े सरिया कारोबारियों के ठिकानों पर इनकम टैक्स की कई टीमों ने एक साथ छापा मारा है। बताते हैं, मंगलवार को आईटी की बड़ी टीमों ने रायपुर, बिलासपुर के अलावा मप्र के कुछ जगहों पर धावा बोला और जांच पड़ताल की। देर शाम तक जारी जांच में टैक्स चोरी के कुछ दस्तावेज मिलने की सूचना है। रायपुर में पंकज इस्पात समूह के टाटीबंध और उरला इलाके में स्थित दफ्तर और फैक्ट्री में जांच देर शाम तक जारी रही। आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन टीम ने मंगलवार को सरिया कारोबार ▶▶ शेष पेज 2 पर




- **रायपुर-बिलासपुर के अलावा मप्र में भी कार्रवाई उरला और टाटीबंध स्थित दफ्तर, फैक्ट्री की जांच**

### एफआईयू की निशानदेही पर कार्रवाई

छापे की कार्रवाई केंद्रीय फाइनेंशियल इंटिलिजेंस यूनिट (एफआईयू) की निशानदेही पर की गई है। कार्रवाई में 350 आयकर अधिकारी, कर्मचारी शामिल हैं। कारोबारी समूह पर छापे की कार्रवाई कोलकाता में फर्जी बिलिंग करने की जानकारी मिलने के बाद एफआईयू द्वारा जानकारी एकत्रित करने के बाद की गई है।

**कार्रवाई का एक और चरण**

# आईटी के 21 और अफसर किए गए जबरन रिटायर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाने के अभियान के पांचवें चरण में आयकर विभाग के 21 और अधिकारियों को समय से पहले सेवानिवृत्ति कर दिया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों की सेवा नियमावली के नियम ▶▶ शेष पेज 2 पर

### 15 अफसरों पर गिरी थी गाज

सरकार ने इससे पहले जून में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क के आयुक्त स्तर के 15 अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत कर दिया था। इन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार, रिश्वत लेने और देने, तस्करी और आपराधिक साजिश जैसे आरोप लगे थे।

### क्या कहता है कानून

केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1972 के तहत नियम 56 (जे) सरकार को सरकारी कर्मचारियों के कार्य प्रदर्शन की समय-समय पर समीक्षा का अधिकार देता है। इसमें गौर किया जाता है कि संबंधित अधिकारी को सार्वजनिक हित में नौकरी पर रखा जाए अथवा सेवानिवृत कर दिया जाए।



**26/11 हमले की 11वीं बरसी**

**10** आतंकियों ने किया था हमला

**66** लोगों की चली गई थी जान

**300** से अधिक लोग हुए थे घायल

### श्रद्धांजलि

मुंबई/नई दिल्ली। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को हमले की 11वीं बरसी पर देशभर में श्रद्धांजलि दी गई। मुंबई के थाने में लोगों ने मोमबत्ती जलाई और पुष्पांजलि अर्पित की। नई दिल्ली में राज्यसभा में भी श्रद्धांजलि दी गई। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने मुंबई में आतंकवादी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र उनके बलिदान को हमेशा याद रखेगा।

# अयोध्या फैसले को चुनौती नहीं देगा सुन्नी वक्फ बोर्ड

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में प्रमुख मुस्लिम पक्षकार रहा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल में दिए गए फैसले को चुनौती नहीं देगा। बोर्ड की मंगलवार को हुई बैठक में आमराय से इस आशय का निर्णय किया गया है। बोर्ड अयोध्या में कहीं और मस्जिद बनाने के लिए ▶▶ शेष पेज 2 पर

### भाजपा ने किया स्वागत

भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के निर्णय का मंगलवार को स्वागत किया। उन्होंने कहा, मैं अयोध्या पर आए फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर नहीं करने के सुन्नी वक्फ बोर्ड के फैसले का स्वागत करता हूं। यह राष्ट्र हित में है और देश में सौहार्द कायम रखने के लिए है।

**कार्मिक मंत्रालय ने दी हिदायत, 31 जनवरी तक का दिया समय**

# आईएएस को समय पर देना होगा संपत्ति का ब्योरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने आईएएस अधिकारियों को समय पर अपनी अचल संपत्ति का विवरण देने अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने को कहा है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह कहा गया है। नियमों के अनुसार, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी को एक निर्दिष्ट फॉर्म में वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होता है। इसमें उन्हें विरासत में मिली अचल संपत्ति, उनके स्वामित्व वाली या उनके द्वारा खरीदी गई या उनके द्वारा पट्टे पर या गिरवी ली गई उन संपत्तियों का पूर्ण विवरण देना होता है, जो उनके नाम पर या उनके परिवार के किसी सदस्य या अन्य व्यक्ति का नाम पर पंजीकृत है। इस तरह की अचल संपत्ति का वार्षिक रिटर्न साल में 31 जनवरी तक जमा करना होता है। कार्मिक मंत्रालय के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 444 आईएएस अधिकारियों का अपना नवीनतम अचल संपत्ति रिटर्न जमा करना बाकी है। कार्मिक मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि उपरोक्त प्रावधानों का पालन करने में लोक सेवकों की विफलता अनुशासनात्मक कार्यवाही सहित अन्य चीजों के लिए उपयुक्त और पर्याप्त कारण होंगे। अचल संपत्ति रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया ऑनलाइन दाखिल करने की शुरुआत की है।



**5,205 आईएएसः** देश भर में 5,205 आईएएस अधिकारी कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2019 का रिटर्न दाखिल करने के संबंध में यह ऑनलाइन मॉड्यूल 31 जनवरी, 2020 की निर्धारित समयावधि के बाद स्वतः बंद हो जाएगी।

### राज्यों के मुख्य सचिवों को भी पत्र

केंद्र सरकार के विभागों के सचिवों और राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों को आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि मैं आपसे अपने मंत्रालय/विभाग और इसके विभिन्न संगठनों में काम करने वाले सभी आईएएस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध करूंगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे 31 दिसंबर 2019 को वर्ष समाप्त हो रहे वर्ष के लिये आईपीआर मॉड्यूल में अपना आईपीआर ऑनलाइन जमा करें।




# 7वीं का छात्र बना डेटा साइंटिस्ट हैदराबाद की कंपनी ने दी जॉब

## 12 साल के सिद्धार्थ श्रीवास्तव पिल्लई ने रचा अनोखा कीर्तिमान

एजेंसी ▸▸| हैदराबाद



हैदराबाद के 12 साल के सिद्धार्थ श्रीवास्तव पिल्लई ने एक अनोखा कीर्तिमान रचा है। उन्हें इतनी कम उम्र में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में डेटा साइंटिस्ट के तौर पर काम मिल गया है। सिद्धार्थ श्री चैतन्य स्कूल में कक्षा 7 के स्टूडेंट हैं। सिद्धार्थ को सॉफ्टवेयर कंपनी मोंटैजीन स्मार्ट बिजनेस सॉल्यूशंस ने अपने यहां जॉब दी है। इतनी कम में यहां तक पहुंचने के लिए सिद्धार्थ अपने परिवार के लगातार प्रोत्साहन को श्रेय देते हैं।

कम उम्र में इतनी उपलब्धियों के लिए सिद्धार्थ अपने पिता को जिम्मेदार मानते हैं। उन्होंने बहुत छोटी उम्र से ही सिद्धार्थ को कोडिंग सिखाई है। इस बारे में सिद्धार्थ बताते हैं, 'कम उम्र से ही मेरी मदद करने वाले हैं मेरे पापा। उन्होंने मुझे तमाम सफल लोगों की जीवनियां पढ़ाईं और मुझे कंप्यूटर कोडिंग भी सिखाई।

### गूगल के डेवेलपर हैं प्रेरणा

सिद्धार्थ ने बताया, 'मैं श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल्स में 7वीं का स्टूडेंट हूं। सॉफ्टवेयर कंपनी जॉइन करने के पीछे मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा तन्मय बख्शी हैं। उन्हें बहुत कम उम्र में ही गूगल में एक डिवेलपर के रूप में जगह मिल गई थी। अब वह दुनिया को यह समझने में मदद कर रहे हैं कि आर्टिफिशल इंटेजिलेंस (एआई) क्रांति कितनी सुंदर चीज है।'

# शेफ लता ने 87 घंटे 45 मिनट तक बनाया लगातार खाना

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्ज में दर्ज कराया अपना नाम

एजेंसी ▸▸| इंदौर



भारत की 39 वर्षीय शेफ ने सबसे लम्बे समय तक खाना पकाने का विश्व कीर्तिमान कायम करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्ज में अपना नाम दर्ज कराया है।

विश्व रिकार्ड बनाने वाली लता टंडन ने बताया कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्ज ने उनके इस कारनामे को 'लॉन्गेस्ट कुकिंग मैराथन के रूप में मान्यता देते हुए आधिकारिक प्रमाणपत्र जारी किया है। मध्यप्रदेश के रीवा से ताल्लुक रखने वाली विवाहिता ने बताया कि उन्होंने इसी शहर के एक होटल में तीन सितंबर से सात सितंबर के बीच लगातार 87 घंटे 45 मिनट तक करीब 1,600 किलोग्राम खाना पकाया और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्ज के सामने कीर्तिमान का दावा पेश किया था। इस दौरान उन्होंने गैस के चूल्हे पर आठ बर्नरों का इस्तेमाल किया।

### 20 हजार ने उठाया लुत्फ

लता ने बताया कि विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिये उनका पकाया खाना करीब 20,000 लोगों को खिलाया गया, जिसमें अनाथालय में रहने वाले बच्चे, दिव्यांग लड़के-लड़कियां और वृद्धाश्रम के बुजुर्ग शामिल हैं।

उन्होंने कहा, भारत का पारंपरिक खाना हर मामले में बेहतरीन है। मैं इस खाने के स्वाद को दुनिया भर में पहुंचाना चाहती हूं।

# कुत्ते के चाटने भर से हो गई मौत, डॉक्टर हैरान

## बर्लिन, जर्मनी की घटना, 63 साल का बुजुर्ग बना शिकार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



कुत्ते के चाटने की वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। कुत्ते के चाटने के बाद 63 साल का अनाम शख्स बीमार हो गया था। इस दुखद मामले को बर्लिन के रोट क्रयूज क्रांककेन्हस हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक मेडिकल जर्नल में प्रकाशित किया है।

यूरोपियन जर्नल ऑफ केस रिपोर्ट्स इन इन्टर्नल मेडिसिन में इस मामले को प्रकाशित किया गया है। डॉक्टर्स का कहना है कि कुत्ते के चाटने से ठीक पहले तक शख्स पूरी तरह स्वस्थ था। लेकिन बाद में काफी अधिक बीमार हो गया। शख्स ने 2 हफ्ते हॉस्पिटल में बिताए, जिसके बाद उसकी मौत हो गई।

बीमार होने के बाद शख्स को लगातार 106 डिग्री फेरनहाइट (106F) फीवर रहता था और वह गैंग्रीन, निमोनिया से पीड़ित हो गया था।

### सड़ने लगी चमड़ी

पीड़ित जब शुरू-शुरू में शख्स हॉस्पिटल पहुंचा तो उसे फीवर था और सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। लेकिन ट्रीटमेंट शुरू होने के साथ ही उसकी बीमारी बढ़ती चली गई। उसकी तबीयत लगातार खराब होती जा रही थी और फिर उसे आईसीयू में रखा गया था। पीड़ित शख्स के चेहरे पर रैशेज हो गए थे और शरीर में काफी दर्द हो रहा था। आखिर में किडनी और लीवर के काम करने में भी दिक्कत आने लगी।

## जैकेट के शेष

### 'देव-इंद्र' का सिंहासन...

सप्ताह ही भाजपा के खेमे में आकर शनिवार सुबह फडणवीस के साथ शपथ ली थी। फडणवीस ने कहा कि सुबह अजित पवार उनसे मिले थे और उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपा था। फडणवीस ने शिवसेना पर आरोप लगाया कि वह मुख्यमंत्री पद के लिए लालायित थी और इसके लिए पार्टी से हिंदुत्व के एजेंडे को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के चरणों में रख दिया। उन्होंने कहा, राकांपा के अजित पवार ने हमारा सहयोग करने का फैसला किया था। इस चर्चा के अनुसार हमने सरकार बनाई। उन्होंने आगे कहा, आज अजित पवार मुझसे मिले और कहा कि वह कुछ व्यक्तिगत कारणों के चलते गठबंधन में आगे नहीं रह सकते। चूंकि उन्होंने इस्तीफा दे दिया है, इसलिए हमारे पास भी बहुमत नहीं है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री पद से अजित पवार के इस्तीफे के बाद हमारे पास बहुमत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें महसूस हुआ कि हमारे पास संख्या बल नहीं है और हम खरीद-फरोख्त में शामिल नहीं होना चाहते इसलिये यह फैसला किया। फडणवीस के इस्तीफे का स्वागत करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से अनुरोध किया कि वह फडणवीस का इस्तीफा तुरंत स्वीकार कर शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता उद्धव ठाकरे को सरकार बनाने के लिये आमंत्रित करें।

### 28 को लेंगे...

को मुंबई के ट्राइडेंट होटल में शिवसेना, एनसीपी, कांग्रेस और कुछ छोटे दलों की संयुक्त बैठक में महा विकास अघाड़ी का औपचारिक तौर पर गठन हुआ। उद्धव ठाकरे को नवगठित महा विकास अघाड़ी का नेता चुना गया। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में गठबंधन में शामिल दलों के नेता राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मिलकर सरकार बनाने का औपचारिक दावा पेश किया। ठाकरे बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उद्धव ठाकरे फिलहाल विधायक नहीं हैं। ऐसे में अगर वह मुख्यमंत्री बनते हैं तो 6 महीने के भीतर ही उन्हें विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना जरूरी होगा।

### आपरेशन कमल को...

अकेले अपने दम पर उन्होंने अप्रत्याशित रूप से पार्टी को 54 विधानसभा सीटों पर जीत दिली दी। जब शिवसेना मुख्यमंत्री पद को लेकर गठबंधन से अलग हो गई तो भाजपा ने शरद पवार के घर में ही सेंध लगा दी और उनके भतीजे अजीत पवार को साध अपने साथ ले गई। माना जा रहा था कि अजीत के साथ एनसीपी के विधायकों की बड़ी संख्या भी भाजपा के साथ चली जाएगी। यहीं भाजपा और शरद पवार आमने-सामने आ गए। भाजपा के कुछ नेता जहां 'ऑपरेशन कमल' के तहत हर हाल में बहुमत का इंतजाम करने में लगे थे,तो वहीं शरद पवार को एक बार फिर से साबित करना था कि कम से कम एनसीपी के तो सबसे बड़े नेता वहीं हैं। ऐसा करने में वे सफल भी हुए। अजीत पवार भाजपा के साथ जाकर उपमुख्यमंत्री पद का शपथ भी ले लिए,लेकिन वे शरद पवार के वर्चस्व को तोड़ नहीं पाए। तमाम कोशिशों के बावजूद वे अकेले पड़ गए। न केवल उन्हें अपने पद से त्यागपत्र देना पड़ा बल्कि शरद पवार की झंडेबरदारी में फिर से वापस आना पड़ा।

### अब तीन महीने...

'बैटल कैजुअल्टीज' परिवारों को सरकारी आवास में रहने की अवधि को बढ़ाने की सिफ़ारिश की।

**सेना के तीनों अंगों के लिए लागू :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है. ये सेना के तीनों अंगों के लिए लागू होगा। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक 'बैटल कैजुअल्टीज' परिवारों के लिए सरकारी आवास में बने रहने की अवधि तीन महीने से बढ़ाकर एक साल कर दी गई है।

### डीजीपी ने देखी...

पुलिस स्टेशन में थाना प्रभारी समेत सभी पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में बैठे देख डीजीपी भड़क गए। घंटेभर के जांच के दौरान वहां ढेरों खामियां मिलीं। सादी वर्दी में ड्यूटी करने और विवेचना में लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारी समेत सात पुलिसकर्मियों को तत्काल सस्पेंड करने का फरमान जारी किया, जहां देर शाम एसपी धमतरी ने सभी पुलिसकर्मियों के निलंबन आदेश जारी किया। सस्पेंड पुलिसकर्मियों को देर रात रिजर्व पुलिस लाइंस के लिए रिलीव भी कर दिया। एसपी धमतरी के मुताबिक बखारी थाना प्रभारी आवेश गौतम, तीन आरक्षक और 3 प्रधान आरक्षक को सस्पेंड किया गया है। सभी पुलिसकर्मी सादी वर्दी में ड्यूटी करते हुए पाए गए, जिससे पुलिस सेवा के प्रति उनका आचरण उचित नहीं था, इसलिए उनको सस्पेंड कर रिजर्व पुलिस लाइंस में अटैच किया गया है।

**एसपी और आईजी को निर्देश :** दरअसल डीजीपी डीएम अवस्थी ने हाल ही में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए राज्यभर के एसपी और आईजी की बैठक ली थी, जिसमें उन्होंने दो टूक कहा था, जिलेभर के पुलिस स्टेशनों में औचक निरीक्षण करें। इस दौरान खामियां मिलने पर पुलिस स्टेशन के टीआई समेत मातहतों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। इसके बाद अब डीजीपी खुद पुलिस स्टेशनों का हाल जानने थानों में जा रहे हैं।

### जांच के दौरान मिली...

विवेचना कर कोर्ट में चालान पेश करने में लापरवाही मिली। साथ ही मालखानों के दस्तावेज में खामियां पाई गईं और उसके रखरखाव की स्थिति भी खराब थी। निरीक्षण के बाद डीजीपी ने सभी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने का एसपी को निर्देश दिया।

## पेज एक के शेष

### पुलिस महकमे में पेंच, डीजी के दो.....

नहीं होती। लेकिन फिलहाल यह मामला फंसा हुआ है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि अभी ये साफ नहीं है कि श्री सिंह का प्रभार किसे मिलेगा। उन्होंने साथ में ये भी जोड़ा कि ये शासन तय करेगा कि चार्ज किसे मिले।

### डीजी के दो पदों के लिए ....

दावेदार हैं। माना जा रहा है कि ये दो अधिकारी डीजी बनाए जा सकते हैं। लेकिन इसके साथ ही राज्य में मौजूदा डीजी के दो पदों में से एक 30 तारीख को श्री सिंह के रिटायरमेंट के साथ खाली हो रहा है। ऐसे में फिर एक डीजी का पद कम होगा। इस खाली पद को भरने की स्थिति में चौथे डीजी के रूप में अशोक जुनेजा का नंबर लग सकता है।

### धान खरीदी पर शायरी में भूपेश-...

लिखा है- कमेटी के कांधों पर अपने वादे कब तक लादोगे, हर मोड़ पर जनता पूछेगी, कितनी दूर तलक भागोगे। डॉ. रमन की इस शायरी के जवाब में भूपेश बघेल ने भी तीखा तंज कसते हुए दो शायरियों में जवाब लिखा, पहली में लिखा कैसे कैसे ये मंजर सामने आने लगे, नान वाले धान पर सवाल उठाने लगे। इसके बाद एक और शायरी में लिखा-वादा किया है किसानों से, हर हाल में निभाएंगे, पनामा नहीं किसानों की जेब कर दिखाएंगे

### सरिया कारोबारियों के...

से जुड़े व्यापारिक समूह के कई ठिकानों पर दबिश दी। शिकायत के आधार पर सर्वे करने पहुंची टीम को दफ्तर में कारोबार से जुड़े विभिन्न तरह के लूज पेपर मिले, जिसके आधार पर सर्वे की कार्रवाई छापे में तब्दील होने के साथ जांच का दायरा भी बढ़ गया। सूत्रों के मुताबिक सागर टीएमटी और पंकज इस्पात और अलंकार फैरोलाइज नामक संस्था के नाम से कारोबार किया जाता है। आईटी की टीम का जांच दायरा दफ्तर और फैक्ट्री से आगे बढ़कर उनके घरों तक पहुंच गया है। सूत्रों के मुताबिक जांच में कई तरह अन्य दस्तावेज भी हाथ लगे हैं, जिन्हें खंगाला जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक आईटी के छापे की कार्रवाई दो से तीन दिनों तक चल सकती है और जांच में बड़ी टैक्स चोरी का खुलासा होने की भी संभावना है। काफी दिनों बाद उरला और टाटीबंध इलाके में हुई इस कार्रवाई के बाद दूसरे कारोबारियों में भी हड़कंप मच गया है।

### आईटी के 21 और...

56 (जे) के तहत जनहित में बी समूह के 21 आयकर अधिकारियों को भ्रष्टाचार और दूसरे आरोपों में अनिवार्य सेवानिवृत्ति पर भेज दिया है। इस साल जून के बाद से यह पांचवां मौका है जब सरकार ने भ्रष्ट कर अधिकारियों को नौकरी से निकाला है। इसी के साथ 85 कर अधिकारियों को बाहर किया जा चुका है। इनमें 64 उच्चस्तर के अधिकारी थे। इन उच्चस्तरीय अधिकारियों में 12 सीबीडीटी के थे।

### अयोध्या फैसले को चुनौती नहीं देगा ...

पांच एकड़ जमीन लेने या नहीं लेने पर अभी कोई निर्णय नहीं कर सका है। बोर्ड के अध्यक्ष जुफर फारूकी ने बैठक के बाद मीडिया को बताया कि बैठक में बोर्ड के आठ में से सात सदस्यों ने हिस्सा लिया। उनमें से अब्दुल रज्जाक को छोड़कर बाकी छह सदस्यों ने अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती न देने के प्रस्ताव का समर्थन किया। इस तरह अदालत के निर्णय को चुनौती न देने के फारूकी के पहले से ही लिये जा चुके फैसले पर आम सहमति की मुहर भी लग गयी। फारूकी ने गत नौ नवम्बर को अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद ही कहा था कि बोर्ड उस पर पुनर्विचार याचिका दाखिल नहीं करेगा।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | उच्चाधिकारियों एवं प्रतिष्ठितजनों का आशीर्वाद मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। |
| वृष | सत्संग का लाभ मिलेगा। तीर्थ स्थान पर जाने की योजना बनेगी। नौकरी में स्थानांतरण की बातचीत होगी। |
| मिथुन | साहस-पराक्रम में वृद्धि होगी। सुखद एवं आश्चर्यजनक सूचना मिलेगी। वाहन चलाने में सावधानी बरतें। |
| कर्क | नजदीकी वातावरण सुखद रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| सिंह | पठन, लेखन आदि कार्यों में मन लगेगा। किसी विषय पर विचारों का आदान-प्रदान होगा। |
| कन्या | किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। योजना बनाकर कार्य करें। सफलता मिलेगी। धैर्यपूर्वक कार्य करें। |
| तुला | वाणी चातुर्य का लाभ मिलेगा। कुटुंब से सुसंबंध स्थापित होंगे। संचित कोष में वृद्धि होगी। |
| वृश्चिक | अपने परिश्रम से आप विपरीत परिस्थितियों को अपने अनुकूल बना सकेंगे। लापरवाही न करें। |
| धनु | जोखिम जमानत के कार्यों में न पड़ें। खान-पान पर विशेष ध्यान देवें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। |
| मकर | जीवन साथी की ओर से प्रसन्नता होगी। व्यापार व्यवसाय में नए अवसर आयेंगे। आर्थिक लाभ सामान्य होगा। |
| कुंभ | गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहें, अपना कार्य स्वयं करें। भय, चिंता तथा तनाव रहेगा। धार्मिक कार्य में व्यय करके संतोष प्राप्त करेंगे। |
| मीन | नए क्षेत्र में प्रवेश के अवसर आयेंगे। सृजन तथा रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में मन लगेगा। |

# दुनिया की सबसे बड़ी लूट, जर्मनी में 7800 करोड़ के ज्वेलरी की चोरी

ऐतिहासिक ड्रेस्डेन ग्रीन वॉल्ट म्यूजियम में महज 1 फीट के गैप से होकर अंदर घुसे चोर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दुबले-पतले चोरों के एक गैंग ने दुनिया की एक सबसे बड़ी लूट को अंजाम दिया है। चोरों ने जर्मनी के ऐतिहासिक ड्रेस्डेन ग्रीन वॉल्ट म्यूजियम से करीब 7800 करोड़ की ज्वेलरी की चोरी की है। ज्वेलरी हीरे से बनी हुई थी। महज 1 फीट के गैप से होकर चोर अंदर घुसे थे। ये घटना सोमवार सुबह की है। चोरों ने सबसे पहले आग लगाकर म्यूजियम के अलार्म सिस्टम को फेल करने की कोशिश की। इसके बाद उन्होंने एक खिड़की में महज 1 फीट का गैप बनाया। इसी के सहारे चोर म्यूजियम में घुसने में सफल रहे। हाथों में टॉर्च लिए चोर अंदर गए और लूट को अंजाम दिया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, लेकिन चोरों का चेहरा दिखाई नहीं दे रहा है।



18वीं शताब्दी की बेशकीमती ज्वेलरी के तीन सेट पर किया हाथ साफ

### बोस्टन में भी हुई थी 3580 करोड़ की चोरी

करीब 30 साल पहले बोस्टन के गार्डनर म्यूजियम से चोरों ने 3580 करोड़ के सामानों की लूट की थी। इसके बाद यह अब यह सबसे बड़ी लूट है। पुलिस ने ड्रेस्डेन ग्रीन वॉल्ट म्यूजियम से लूट के मामले में जांच शुरू कर दी है और चोरों के बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले इस म्यूजियम को सबसे सिक्योर म्यूजियम बताया गया था। इस वजह से अब सवाल उठ रहे हैं कि कैसे चोरों का गैंग अलार्म सिस्टम को फेल करने में कामयाब हो गया।

### अलार्म सिस्टम किया फेल

जर्मनी के ऐतिहासिक ड्रेस्डेन ग्रीन वॉल्ट म्यूजियम को दुनिया के सबसे पुराने म्यूजियम में गिना जाता है। अलार्म सिस्टम फेल होने की वजह से अधिकारियों को लूट का पता देर से चला। 18वीं शताब्दी की बेशकीमती ज्वेलरी के तीन सेटों को चोर लूटकर ले गए। जर्मनी के अधिकारियों का कहना है कि खुले बाजार में इन ज्वेलरी को बेचना असंभव होगा।

### चोरों से की गई अपील

अधिकारियों के मुताबिक, चोर कांच के सिर्फ एक सेट को तोड़ने में सफल हुए जिनसे उन्होंने तीन ज्वेलरी ले ली। ये ज्वेलरी दर्जनों जेम्स से बनाई गई थी। म्यूजियम ने चोरों से अपील की है कि वे ज्वेलरी को बर्बाद न करें या पिघलाएं नहीं। म्यूजियम ने कहा है कि वे ज्वेलरी ऐतिहासिक मूल्य की हैं और काफी मायने रखती हैं।

## एनटीपीसी तालचेर कनिहा की 9वीं ग्रामीण सांस्कृतिक बैठक का आयोजन



**भुबनेश्वर।** 9 वीं ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने एनटीपीसी तालचेर कान्हा द्वारा कल ग्रामीण सांस्कृतिक बैठक आयोजित किया गया। इस आयोजन के तहत, 35 विभिन्न स्कूलों के कुल 484 छात्र इस वर्ष भाग लिया। स्कूल के छात्रों के लिए एक मंच प्रदान करने ग्रामीण सांस्कृतिक बैठक एनटीपीसी कनिहा द्वारा एक सीएसआर पहल के रूप में शुरू किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुदीप नाग, सीजीएम, तालचेर ने किया कानिहा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जाकिर खान, डीजीएम स्वागत भाषण दिया एवं सीएसआर की विभिन्न पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने उत्कल संस्कृति विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर द्वारा स्टेशन द्वारा संचालित शिक्षा एवं बालिका सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक प्रदर्शनों का निर्णय रितिका मंडल एवं प्रियदर्शनी प्रधान द्वारा किया गया था।


## एमसीएल में हुआ संविधान उद्देशिका का पाठ



**सम्बलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रों में संविधान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम एमसीएल के महाप्रबंधक (प्रशासन/कार्मिक/पेंनशन) ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक भोला नाथ शुक्ला ने एमसीएल मुख्यालय प्रांगण में सभी कर्मचारियों/अधिकारियों को संविधान उद्देशिका का पाठ कराया। इस उद्देशिका का एमसीएल के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष सहित सभी कर्मचारियों/अधिकारियों ने पाठ किया।

## अफ्रीकी नागरिक 1.32 करोड़ रुपए मूल्य की कोकीन के साथ गिरफ्तार

**मुंबई।** पुलिस ने यहां 42 वर्षीय एक अफ्रीकी नागरिक को गिरफ्तार किया है जिसके पास से 1.32 करोड़ रुपए मूल्य की कोकीन बरामद हुई है। महानगर पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सोमवार शाम उपनगरीय अंधेरी में साकीनाका में एक होटल के बाहर जाल बिछाया और आरोपी को पकड़ा, जिसकी पहचान अल्ला कौआदियो बोरिस के रूप में हुई है।

माँ दन्तेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

// निविदा दर आमंत्रण //

क्र./61/मक्का प्रसं./ निविदा-प्रका./2019 कोण्डागांव, दिनांक 23/11/2019

माँ दन्तेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोण्डागांव ईकाई स्थापना हेतु ग्राम पंचायत कोकोड़ी में आबंटित भूमि समतलीकरण हेतु मशीनरी प्रदाताओं से प्रति-घण्टा के दर से मुहरबंद लिफाफे में दर आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र बिक्री प्रारंभ तिथि | दिनांक 25.11.2019, समय 4.00 बजे तक |
| 2 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 02.12.2019, समय 3.00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 02.12.2019, समय 4.00 बजे तक |

टीप :- उपरोक्त कार्य एवं निविदा की विस्तृत विज्ञप्ति सामान्य शर्तें निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

प्रबंध संचालक
माँ दन्तेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी मर्यादित
जिला-कोण्डागांव


# पूर्व तट रेलवे में मनाया गया संविधान दिवस



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे मुख्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर महाप्रबंधक सुधीर कुमार ने इस अवसर पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ा, जिसे उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने दोहराया। इस दौरान पूर्व तट रेलवे के सभी विभागों के प्रधान मुख्य अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रकाशचंद्र नायक ने किया।

शब्द पहेली - 3913





### आरोप-प्रत्यारोप के बाद पीएम की पहली टिप्पणी

# चुनावी बॉन्ड पर मोदी का विपक्ष पर प्रहार कुछ लोगों को पारदर्शिता पसंद नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर परोक्ष प्रहार करते हुए मंगलवार को कहा कि कुछ लोगों को पारदर्शिता के लिए अपनाई जाने वाली किसी भी चीज से समस्या है और इन दिनों चुनावी बॉन्ड 'उन लोगों का पसंदीदा विषय' हो गया है। चुनावी बॉन्ड जारी किए जाने पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप शुरू होने के बाद से इस विषय पर प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली टिप्पणी है। दरअसल, एक न्यूज पोर्टल की खबर में कहा गया था कि भारतीय रिजर्व बैंक और चुनाव आयोग को इस बॉन्ड पर आपत्ति है लेकिन इस सरकार ने उसे नजरअंदाज कर दिया।

मोदी ने कहा, इन दिनों चुनावी बॉन्ड उन लोगों का पसंदीदा विषय बन गया है। देश में पारदर्शिता लाने के लिए यदि कोई चीज होती है तो कुछ लोगों को समस्या होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने संभवतः कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अयोध्या विवाद काफी पहले सुलझाया जा सकता था लेकिन वोट बैंक के कारण पहले सत्ता में रहे दलों ने इस भावात्मक और संवेदनशील विषय को सुलझाने में इच्छाशक्ति ही नहीं दिखाई।

**खास बातें**

- अयोध्या विवाद काफी पहले सुलझ गया होता
- वोट बैंक के कारण कांग्रेस ने सुलझने नहीं दिया



#### हमारी सरकार ने चुनौतियों को स्वीकार किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए की वजह से भारत ने जो भोगा है, वो भी आप जानते हैं और कैसे इस चुनौती का समाधान किया गया है, ये भी आपने देखा है। उन्होंने कहा, नई सफलताओं के द्वार तभी खुलते हैं, जब जीवन में चुनौतियों को स्वीकार किया जाता है। हमारी सरकार ने न सिर्फ चुनौतियों को स्वीकार किया, बल्कि उनके समाधान को लेकर गंभीरता से प्रयास भी किए हैं।

#### वोट बैंक के कारण तीन तलाक को लंबे खींचा गया

मोदी ने कहा कि 'तीन तलाक' के मुद्दे को भी ऐसे ही भय के कारण लंबे समय तक खींचा गया। गरीब लोगों को भी आर्थिक आधार पर आरक्षण के लाभ से वंचित रखा गया। ऐसा वोट के भय के कारण किया गया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को संविधान में अस्थाई कहा गया, लेकिन कुछ परिवारों की वजह से इसे स्थायी मान लिया गया था। ऐसा कर उन्होंने संविधान की भावना का अपमान किया।

#### एनपीए छिपाने के लिए हुई गड़बड़ियों की बात सामने आई

एनपीए का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, मुझे याद है जब 2014 में सरकार बनने के बाद, पिछली सरकार के दौरान गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) और उसे छिपाने के लिए हुई गड़बड़ियों की बात सामने आई थी। हमने उस घोटाले को देश के सामने लाकर इससे निपटने का रास्ता बनाया।

#### आधार ने सच्चाई लाने में मदद की

पीएम मोदी ने कहा कि 'आधार' ने इनकी सच्चाई सामने लाने में बहुत मदद की। इससे करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बच गए। हर साल लगभग इतनी ही राशि गलत हाथों में पहुंच रही थी और कोई रोकने वाला नहीं था।

#### हमने जीएसटी लागू किया

मोदी ने कहा, इन लोगों की चली होती तो देश में जीएसटी भी कभी लागू नहीं हो पाता। हमने राजनीतिक लाभ-हानि की चिंता किए बिना इसे लागू किया। आज सामान्य नागरिक से जुड़ी 99 प्रतिशत चीजों पर पहले के मुकाबले औसतन आधा टैक्स लग रहा है।


## जेएनयू शुल्क वृद्धि मामले में समिति ने सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय द्वारा नियुक्त एक समिति ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी और उसकी सिफारिशों का अध्ययन किया जा रहा है। अधिकारियों ने इस बारे में बताया। छात्रावास शुल्क बढ़ोतरी के मुद्दे पर विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच गतिरोध को खत्म करने के वास्ते सिफारिश देने के लिए 18 नवंबर को यूजीसी के अध्यक्ष वी एस चौहान, एआईसीटीई के अध्यक्ष अनिल सहस्त्रबुद्धे और यूजीसी के सचिव रजनीश जैन वाली तीन सदस्यीय कमेटी बनायी गई थी। शुल्क वृद्धि के खिलाफ विश्वविद्यालय के छात्र पिछले चार हफ्ते से आंदोलन कर रहे हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, तीन सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है और मंत्रालय सिफारिशों पर गौर कर रहा है।

- मंत्रालय सिफारिशों का कर रहा अध्ययन

## तृप्ति बोलीं- मेरी जान को खतरा नहीं जाऊंगी सबरीमला मंदिर

**कोच्चि।** सबरीमला मंदिर में 10 से 50 साल उम्र की महिलाओं के प्रवेश के खिलाफ श्रद्धालुओं और तृप्ति देसाई के नेतृत्व में महिला अधिकार कार्यकर्ताओं के बीच 12 घंटे से जारी गतिरोध मंगलवार की रात समाप्त हो गया। यह गतिरोध उस समय समाप्त हो गया जब देसाई ने भगवान अयप्पा के दर्शन करने की अपनी योजना रद्द करने का फैसला किया। पुलिस ने सुरक्षा कारणों से तृप्ति को श्रद्धालुओं, भाजपा और दक्षिणपंथी संगठनों के प्रदर्शन की वजह से मंदिर प्रवेश करने के लिए संरक्षण देने से मना कर दिया था जिसके बाद उन्होंने महाराष्ट्र लौटने का फैसला किया। तृप्ति ने पत्रकारों से कहा, कोच्चि पुलिस आयुक्तालय में हमारी पुलिस अधिकारियों से चर्चा हुई और उन्होंने बताया कि हमारी जान को यहां खतरा है और हम सुरक्षित नहीं है।



- पुलिस ने सुरक्षा कारणों से संरक्षण देने से मना किया

#### पुलिस बोली - महिलाओं को सुरक्षा नहीं मुहैया कराएगी

प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन पुलिस के भरोसे के बाद बंद किया। पुलिस ने कहा कि वह महिलाओं को सुरक्षा मुहैया नहीं कराएगी। पूरे घटनाक्रम पर सर्तक प्रतिक्रिया देते हुए माकपा नीत वाम मोर्चा की सरकार ने अम्मिनी पर हमले की निंदा की लेकिन साथ ही स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित उम्र की किसी महिला को पुलिस सुरक्षा तब तक नहीं दी जाएगी जब तक इस संबध में उच्चतम न्यायालय से आदेश नहीं लाते। केरल के देवस्वओम मंत्री कडकमपल्ली सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि देसाई के सबरीमला आने के पीछे साजिश है।


प्रवेश अधिसूचना, जनवरी-2020 सत्र
ADMISSION NOTIFICATION FOR JANUARY- 2020 SESSION

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
INDIRA GANDHI NATIONAL OPEN UNIVERSITY
IGNOU Complex, KACHNA, Post:Saddu, Raipur-492014 (C.G.)
Tel: 0771-2971322/2283285, Website: www.ignou.ac.in, Regional Centre Website: rcraipur.ignou.ac.in, Email: rcraipur@ignou.ac.in

Indira Gandhi National Open University, announces **ADMISSION** to its Academic Programmes offered through ODL mode for the Academic Session commencing from **JANUARY 2020**.

**MASTER DEGREE PROGRAMMES: :**
MA (Rural Development), Tourism Management., English, Hindi, Distance Education, Public Administration., Economics, History, Political Science., Sociology, Master of Commerce, Master of Social Work, Master of Computer Application(MCA), Master of Library and Information Science. *Master of Arts in Education(**MAEDU**):[Candidates seeking admission to the MAEDU programme are advised not to pay the programme fee along with the filled in application form. They will get a separate communication about their admission and payment of fee from the Raipur Regional Centre. They are required to pay only the Registration fee of Rs.400/- along with the filled in application form offline. The admission to MAEDU programme will be made offline on the basis of a merit list of candidates to be prepared by IGNOU Regional Centre, Raipur).

**BACHELOR DEGREE PROGRAMMES:**
Bachelor of Arts (**BAG**), Bachelor of Commerce (**BCOMG**), Bachelor of Science (**BSCG**), Bachelor of Library & Information Science (**BLIS**)., Bachelor of Social Work (**BSW**) , Bachelor of Computer Application (**BCA**), Bachelor of Tourism Studies (**BTS**).

**PG DIPLOMA & DIPLOMA PROGRAMMES:**
**PG Diploma in:** Disaster Management, Environment and Sustainable Development, International Business Operation, Journalism & Mass Communication, Rural Development, Translation, Urban Planning & Development.
**Diploma in:** Creative Writing in English, Early Childhood Care and Education, HIV and Family Education, Nutrition & Health Education, Tourism Studies, Women Empowerment & Development.

**PG CERTIFICATE & CERTIFICATE PROGRAMMES:**
**PG Certificate Programme in** Geo-informatics, Agriculture Policy, Cyber Law.
**Certificate** in Disaster Management, Environmental Studies, Teaching English, Functional English (basic level), HIV & Family Education, Tourism Studies, Food & Nutrition, Nutrition & Child Care, Rural Development, Water Harvesting & Management, Human Rights, Consumer Protection, Guidance, Anti Human Trafficking, Certificate in Organic Farming, Bee Keeping, and Information Technology.

Offline Applications are also invited for admission to **MBA (Banking & Finance) Programme**, developed collaboratively by School of Management Studies, IGNOU and the Indian Institute of Banking & Finance (IIBF), Mumbai. In order to seek admission to this Programme, a candidate should: (a) **be a graduate of not less than 3 year duration from a recognized University/Institution**, (b) **have passed the CAIIB examinations of the Indian Institute of Banking & Finance, Mumbai and awarded the requisite qualification/credentials thereof by the Institute**, and (c) **have been working in the Banking or Financial Services Sector for a period of at least two years.** 'Student Handbook & Prospectus of MBA (Banking & Finance)' can be downloaded from IGNOU website link **http://ignou.ac.in/ userfiles/MBA(B&F).pdf** and submitted along with a DD of **Rs. 1000/-**, in addition to the Programme fee at the Regional centre. For detailed advertisement, please visit IGNOU website. **Last Date: 31.12.2019; (Offline Admission Forms are to be submitted to IGNOU Regional Centre, Raipur).**

For further details, visit to IGNOU website: **www.ignou.ac.in** or the Regional Centre website: **www.rcraipur.ignou.ac.in**
Common Prospectus Jan 2020 can be downloaded from the University Website **www.ignou.ac.in**.

***Address of Activated Study Centres under Raipur Regional Centre:***
**(1) Govt.Arts & Science College, Durg(1503);Tel.: 0788-233596 (2)Govt. E.R.R. P.G.College, Seepat Road,Bilaspur(1505); Tel.:07752-281411 (3) Govt. P.G. College, Dharampura No. 2, Jagdalpur,C.G.(1509);9424285754(M). (4) Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur(1510);Tel.:0771-2262866 (5) K.R.Technical College,Pratappur Road,Shivdhari Colony,Ambikapur (35145);9926729502(M) (6)Govt. P.G. College, Dhamtari(3504); Tel.: 07722-238361 (7) B.P. Dev Govt College, Kanker(3505); Tel.: 07868-219011 (8)Govt.Degree College,Champa(3507); Tel.: 07819-245810 (9)Govt. Digvijay College, Rajnandgaon(3510); Tel.: 07744-229723 (10)Govt. P.G. College, Korba(3514); Tel.: 07759-221458 (11)Govt. P.G. College, Kawardha-(3515);9669406776(M) (12) Kirodimal Govt. Arts & Science College, Raigarh(3516);9685325285(M) (13) Indira Gandhi Agriculture University, Krishak Nagar, Raipur- (35138P);9425515957(M)(14) Govt. P.G. College, Kondagaon,C.G.(44027D); 9753586284(M) (15) Govt. D.B. Girls College, Kalibadi, Raipur,C.G.(3513P);0771-2229248,2427943. (16) Govt. College of Education, Bilaspur,C.G. (3501P); 07752-228558.**

**Fee exemption is available to SC/ST Students in many programmes. For details visit IGNOU Regional Centre, Raipur Website: www.rcraipur.ignou.ac.in. The Online Admission Portal of the University can be accessed at https://www.onlineadmission.ignou.ac.in**

**LAST DATE: For All Programmes: 31.12.2019**

**Note: All programmes are not activated at all Study Centres.**

REGIONAL DIRECTOR
IGNOU Regional Centre, Raipur


अनंतनाग-श्रीनगर में वारदात

## कश्मीर में दो जगह ब्लास्ट दो की मौत, सात घायल



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग और श्रीनगर जिलों में मंगलवार को दो विस्फोट हुए, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में उग्रवादियों ने वागूरा इलाके में एक ग्रेनेड फेंका, जिससे हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। उस इलाके में सरकारी कार्यक्रम 'बैक टू विलेज प्रोग्राम' का संचालन हो रहा था। अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर शहर के हजरतबल इलाके में स्थित कश्मीर विश्वविद्यालय के सर सैयद द्वार के निकट दोपहर बाद यह विस्फोट हुआ।

#### इधर, हिजबुल के दो आतंकवादी ढेर

पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के दो आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों की पहचान इरफान अहमद शेख और इरफान अहमद राठेर के रूप में की गई है। दोनों कई आतंकी हमलों में संलिप्त थे। सोमवार शाम दक्षिण कश्मीरी जिले के शदिमार्ग में तैनात सुरक्षाकर्मियों पर आतंकवादियों द्वारा गोलियां चलाने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में सोमवार देर रात एक आतंकवादी मारा गया और दूसरा मंगलवार सुबह मारा गया।

## संविधान को लेकर राज्यपाल ममता के बीच जुबानी जंग

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के संवैधानिक प्रमुख के पद के साथ 'गंभीर समझौता' हुआ है। संविधान अंगीकार करने के 70 साल होने के उपलक्ष्य में संविधान दिवस पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच जुबानी जंग हुई। हालांकि, राज्य विधानसभा में दोनों के बीच कोई जुबानी जंग नहीं देखने को मिली। राज्यपाल ने कहा कि हालात 'अप्रत्याशित और चुनौतीपूर्ण' हैं और जनप्रतिनिधियों को अपनी अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए। धनखड़ संविधान दिवस पर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विशेष सत्र को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा, राज्य के संवैधानिक प्रमुख के पद से गंभीर समझौता हुआ है। यह अप्रत्याशित और चुनौतीपूर्ण है।

**खास बातें**

- राज्यपाल ने कहा हालात अप्रत्याशित और चुनौतीपूर्ण
- ममता ने कहा-हम किसी के रहमो करम पर नहीं





## चिंतन

# लोकप्रिय नहीं अवसरवादी सरकार बनेगी महाराष्ट्र में

भारतीय जनता पार्टी ने शिव सेना द्वारा गठबंधन तोड़े जाने के बाद महाराष्ट्र में जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए एक लोकप्रिय सरकार गठित करने की चेष्टा ज़रूर की, परंतु दूसरे दलों के छल प्रपंच के चलते इसमें सफल नहीं हो सकी। कई तरह की प्रतिक्रियाएं लोगों की तरफ से आ रही हैं। कुछ कह रहे हैं कि उसे अजीत पवार पर भरोसा नहीं करना चाहिए था। वह वैसे भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। जिस तरह शिव सेना ने गठबंधन तोड़कर मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए कांग्रेस और एनसीपी के साथ बेमेल गठबंधन बनाया, उससे न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश में उसकी छिछालेदार हुई है और भाजपा के प्रति एक सहानुभूति का भाव देखा जा रहा है। ऐसे में इस बेमेल गठबंधन को सत्ता में आने से रोकने के लिए भाजपा ने अपनी सरकार गठित करने का जो फैसला लिया, उसमें कहीं न कहीं थोड़ी जल्दी कर दी। मराठा क्षत्रप शरद पवार इस पूरे प्रकरण में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की तरह खलनायक की तरह ही उभरे थे। उनके परिवार में सेंध लगाकर भाजपा ने भले ही सियासी रूप से उन्हें चोट पहुंचाने की चेष्टा की हो परंतु वहां की सियासत पर और अपनी पार्टी पर अभी उन्हीं का वर्चस्व कायम है, यह उन्होंने अंततः सिद्ध कर दिया। चाहे अजीत पवार को विधायक दल के नेता पद से हटाने का फैसला हो या भावनात्मक तौर पर उन्हें अपना फैसला बदलने को विवश करना हो, शरद पवार उसमें सफल रहे। जब देवेन्द्र फड़नवीस के साथ अजीत पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की थी, तब कांग्रेस का पहला शक शरद पवार पर ही गया था कि इस खेल में वह भी शामिल हो सकते हैं परंतु अपनी साख बचाने, पार्टी को नहीं टूटने देने और परिवार को भी खंडित होने से बचाने के लिए उन्होंने जो दांव पेंच खेले, उससे यह तो सिद्ध होता ही है कि वह भाजपा की सियासी चाल को मात देने में सफल रहे हैं। फड़नवीस बहुमत नहीं जुटा सके, इसलिए सदन में बहुमत परीक्षण से पहले ही उन्होंने इस्तीफा देकर सही ही किया परंतु इससे यह नहीं मान लेना चाहिए कि महाराष्ट्र की इस मौजूदा सियासत में भाजपा अप्रासंगिक हो गई है या खेल से बाहर हो गई है। ऐसा तब भी लगा था कि जब जुलाई 2017 में कर्नाटक में येदियुरप्पा ने बहुमत नहीं जुटा पाने के बाद सदन के भीतर शक्ति परीक्षण से पहले ही त्यागपत्र दे दिया था परंतु बाद में क्या हुआ। भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए कांग्रेस ने जेडीएस के साथ मिलकर वहां जो खेल खेलने की कोशिश की, वह पूरी तरह विफल रहा। कुमारस्वामी की मिली जुली सरकार गिर गई और भाजपा ने ही बाद में वहां सरकार बनाई। यही नहीं, लोकसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस और जेडीएस को करारा सबक सिखाते हुए भाजपा की झोली में ही अधिकांश सीटें डालने का काम किया। महाराष्ट्र में भी यही हाल होने वाला है। अलग-अलग विचारधारा वाली तीन पार्टियों ने भाजपा को सत्ता से बाहर रखने और सत्ता की बागडोर अपने हाथों में लेने के लिए बेमेल गठजोड़ जरूर कर लिया है परंतु उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली यह सरकार अपना कार्यकाल राजी खुशी पूरा कर पाएगी, इसकी कल्पना करना ही बेमानी है। जिस सरकार या व्यवस्था के तीन-तीन मालिक हों, वहां किसका आदेश और फैसला चलेगा जरा सोचिए। जब भी नीतिगत फैसलों की नौबत आएगी, तब विचारधारा भी टकराएगी और नीतियां भी। कहने को दावे किए जा रहे हैं कि न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार चलेगी परंतु जहां-जहां बेमेल गठबंधनों की सरकारें बनी हैं, वो पच्चीस से सत्ताईस महीने में गिर गई हैं। इसलिए महाराष्ट्र में जो कुछ घट रहा है, वह इन तीन दलों के हित में हो सकता है, फौरी तौर पर ठीक हो परंतु आगे चलकर इन्हें भी भारी नुक़सान उठाना पड़ेगा। और महाराष्ट्र की जनता के हित में तो यह प्रयोग बिल्कुल भी उचित नहीं है। यह लोकप्रिय सरकार नहीं कहलाएगी, अवसरवादी ही कहलाएगी।

# राजनीति का नया अध्याय



**महाराष्ट्र**
अवधेश कुमार

> महाराष्ट्र की राजनीति का एक अध्याय तत्काल समाप्त हुआ। यहां से दूसरा अध्याय आरंभ हो रहा है। जिसे बहुमत नही मिला उनकी सरकार का बनना भी जनादेश का अपमान ही होगा। यहां यह प्रश्न उठता है कि अगर शिवसेना के मुख्यमंत्री पद की लालसा को तीव्र करना गलत नहीं था, आलोकतांत्रिक आचरण भी नहीं था, उसको भाजपा से अलग कर देना सही था तो फिर भाजपा का अजीत पवार को तोड़कर सरकार गठन कर लेने को किस मुंह से लोकतंत्र की हत्या कहा गया?

महाराष्ट्र की राजनीति बदल गई है। जिस तरह से अजीत पवार और देवेन्द्र फडणवीस के साथ शपथ ग्रहण करने के बाद शरद पवार ने मोर्चा संभाला था उससे तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई थी। शरद पवार ने एक-एक विधायक को ढूंढ़कर निकलवाया एवं सुनिश्चित किया कि कोई अजीत पवार के साथ न जाए। अजीत को विधानमंडल दल के नेता से हटकार जयंत पाटिल को उनकी जगह लाया गया। कांग्रेस, राकांपा एवं शिवसेना के बीच बातचीत धीमी गति से आगे बढ़ रही थी अचानक उसमें उर्जा आ गई। हयात होटल में संख्या बल के प्रदर्शन के बाद इसमें संदेह नहीं रह गया था कि बहुमत किसकी ओर है। हालांकि यही स्थिति दो वर्ष पूर्व कर्नाटक में थी तो वी. एस. येदियुरप्पा ने इस्तीफा देने की जगह विधानसभा में जाना उचित समझा। इसके पूर्व 1996 में भी अटलबिहारी वाजपेयी के सामने यही स्थिति थी। बावजूद उन्होंने लोकसभा में विश्वासमत पेश किया। वाजपेयी ने भाषण दिया और कहा कि मैं राष्ट्रपति जी को इस्तीफा देने जा रहा हूं। तो भाजपा की दृष्टि से महाराष्ट्र में एक अलग परंपरा कायम हुई है। प्रश्न है कि आखिर ऐसी नौबत क्यों आई? क्या उच्चतम न्यायालय के फैसले से सारी स्थितियां बदलीं?

महाराष्ट्र मामले में उच्चतम न्यायालय का फैसला क्या आएगा इसका संदेश एक दिन पहले ही मिल गया था। तीन सदस्यीय पीठ ने दोनों पक्षों की जिरह के बीच जिस तरह के प्रश्न उठाए और टिप्पणियां कीं उनसे साफ था कि वह राज्यपाल के निर्णय की संवैधानिक समीक्षा करना नहीं चाहता है। जब शिवेसना, राकांपा और कांग्रेस के वकीलों ने यह प्रश्न उठाया तो पीठ ने सीधा जवाब दिया कि राज्यपाल को विवेकाधीन अधिकार है। जाहिर है, न्यायालय ने समझ लिया था कि यह मूलतः राजनीतिक मामला है और एक पक्ष को शपथ दिलाने के कारण पैदा हुआ है। इसलिए रास्ता यही है कि विधानसभा में शक्ति परीक्षण कराकर इसका राजनीतिक समाधान निकलने दिया जाए।

हालांकि उच्चतम न्यायालय जाने तक राकांपा, कांग्रेस एवं शिवसेना ने सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया था, लेकिन यह भी सच है कि देवेन्द्र एवं अजीत के शपथग्रहण के साथ विरोधी पक्ष की स्थिति बदल गई। तीनों दलों के नेताओं के बीच ऐसी एकता दिखने लगी थी, मानो वो वर्षों के साझेदार हों। वास्तव में देवेन्द्र और अजीत के शपथग्रहण के बाद गुस्साए शरद पवार ने पूरे ऑपरेशन को अपने हाथों लेकर इसे विफल करने के लिए अभियान चलाया और सफल रहे। 25 नवंबर को हयात होटल कार्यक्रम में उनके भाषण से माहौल काफी बदल गया था। उन्होंने वही मुख्यमंत्री के लिए उद्धव ठाकरे का नाम लिया और कहा कि सरकार हमारी बनेगी इसकी गारंटी मैं लेता हूं। शरद पवार के सामने अपनी साख का प्रश्न खड़ा हो गया था इसलिए न्यायालय में सुनवाई के साथ उन्होंने स्वयं अपनी पार्टी के एक-एक विधायक को, जहां है वहां से निकलवाया और इस प्रक्रिया में हमने देखा कि कई विधायकों को जबरन इस




तरह लाया गया। इसी तरह कांग्रेस एवं शिवसेना ने किया। यहां हर हाल में भाजपा को सत्ता से बाहर रखने की भावना काम कर रही थी। अजीत के पाला बदलने का गुस्सा भी था। हमने विधायकों का होटल और रिसॉर्ट में रखे जाने के अनेक मामले देखे हैं। पर यह पहली बार था जब होटल हयात में उन सबसे सोनिया गांधी, शरद पवार एवं उद्धव ठाकरे के नाम का शपथ दिलवाया गया। यह आपसी एकता का संदेश देने वाला कदम था।

इसके साथ शरद पवार ने अजीत को मनाने के लिए भी अपने लोगों को लगाया। राकांपा के वे नेता जिनके अजीत से अच्छे संबंध थे और जिन पर शरद पवार विश्वास कर सकते थे वे सब उनसे मिलने जाते रहे। उन्होंने उन्हें समझाया, शरद पवार के तेवर से भी अवगत कराया। यहां तक कि सुप्रिया सुले ने भी उनसे फोन पर बातचीत की। प्रफुल्ल पटेल ने अजीत पवार के घर से निकलते हुए बयान दिया कि अजीत दादा न हमसे कहा है कि थोड़ा सोचकर बताता हूं, वे मुख्यमंत्री से मिलने गए हैं और उसके बाद स्थिति साफ हो जाएगी। साफ था कि वो अजीत पवार को वापस आने के लिए मना चुके थे। अजीत पवार मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के पास इस्तीफा देने गए थे। तो महाराष्ट्र की राजनीति का एक अध्याय तत्काल समाप्त हुआ। यहां से दूसरा अध्याय आरंभ हो रहा है। यह मानने में कोई हर्ज नहीं है कि भाजपा ने सरकार बनाने में जल्दबाजी की। भाजपा की दृष्टि से इसका सबसे दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम यह हुआ है कि जो कांग्रेस कल तक शिवसेना को लेकर थोड़ी हिचक प्रदर्शित कर रही थी वह अब ज्यादा नजदीक आ गई है। इस प्रकरण से तीनों दलों के नेताओं एवं विधायकों के बीच जिस तरह का संवाद कायम हुआ है उसमें यह सरकार हमारी आपकी कल्पना से ज्यादा मजबूत हो सकती है।

हालांकि पूरे मामले में भाजपा को खलनायक मानना भी उचित नहीं होगा। निष्पक्ष होकर विचार करें तो महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा एवं शिवसेना को सरकार बनाने का जनादेश दिया था। अगर शिवसेना ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री पद की अनैतिक जिद पर नहीं अड़ती तो इस तरह का दृश्य पैदा ही नहीं होता। शरद पवार और उनकी पार्टी के नेता बार-बार बयान देते रहे कि हमें तो विपक्ष में बैठने का जनादेश मिला है। अगर वे वाकई जनादेश का पालन करते तब भी यह नौबत नहीं आती। यहां तक कि जब शिवसेना को उकसाकर उन्होंने राजग से अलग करवा दिया तब भी सरकार बनाने के प्रश्न पर उनका जवाब था कि इसके लिए भाजपा शिवसेना से पूछिए क्योंकि बहुमत तो उनसे मिला है। देश के वरिष्ठतम नेताओं में से एक इतने बड़े व्यक्ति द्वारा अनैतिक व्यवहार और झूठे बयान दिए गए। कांग्रेस ने तो काफी समय तक सरकार बनाने का सोचा ही नहीं। कांग्रेस का बयान सकारात्मक नहीं था। दोनों पार्टियों में लंबी वार्ता होती रही लेकिन निष्कर्ष क्या निकला किसी को नहीं पता।


यह पूरी तरह अनैतिक, गैर जिम्मेवार और क्षोभ पैदा करने वाला राजनीतिक व्यवहार है। सच कहा जाए इतने समय तक महाराष्ट्र के मतदाता स्वयं को ठगा हुआ अवश्य महसूस करे रहे थे। जिसे बहुमत नही मिला उनकी सरकार का बनना भी जनादेश का अपमान ही होगा। यह बात अलग है कि आप शोर से अपने को लोकतंत्र का रक्षक और ऐसे विशेषण स्वयं को देते रहिए। यहां यह प्रश्न भी स्वाभाविक रुप से उठता है कि अगर भाजपा के पुराने साथी शिवसेना के मुख्यमंत्री पद की लालसा को तीव्र करना गलत नहीं था, आलोकतांत्रिक आचरण भी नहीं था, उसको भाजपा से अलग कर देना सही था तो फिर भाजपा का अजीत पवार को तोड़कर सरकार गठन कर लेने को किस मुंह से लोकतंत्र की हत्या कहा गया?

## सारा संसार



उत्तराखंड में स्थित खूबसूरत हिल स्टेशन मसूरी में सर्दियों के मौसम में काफी ठंड पड़ती है। सर्दियों के मौसम इस समय यहां ठहरना काफी सस्ता हो सकता है। ठंड की वजह से इस समय मसूरी में टूरिस्ट काफी कम आते हैं तो आप यहां शांति से पहाड़ी वादियों का मजा ले सकते हैं।


## गलतियों से लें सबक



संकलित
**दर्शन**

महाभारत में बताई बातों का ध्यान रखने पर कोई भी व्यक्ति परेशानियों से बच सकता है। कौरवों ने गलतियां की थीं, जिनकी वजह से वे नष्ट हो गए। उन्हीं से सीख लेकर हमें ऐसी गलतियां करने से बचना चाहिए। आइए जानते हैं, कुछ ऐसी बातें, जो हमें बुरे कर्म करने से बचा सकती है। महाभारत में दुर्योधन ने छल से पाड़वों का राज छीन लिया था लेकिन उस धन का उपयोग वो नहीं कर सका थे। इसलिए अपने सुख के लिए किसी को धोखा नहीं देना चाहिए। स्थाई लक्ष्मी की प्राप्ति केवल परिश्रम और ईमानदारी से ही की जा सकती है। उससे ही स्थाई लाभ मिलता है और घर में बरकत बनी रहती है। वहीं जो लोग गलत कामों से धन कमाते हैं, वे कई प्रकार की बीमारियों और परेशानियों का सामना करते हैं। गलत काम को कर के कुछ वक्त का सुख तो प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन वो हमेशा नहीं रह सकता। धन होना ही काफी नहीं होता उसका सही प्रबंधन या निवेश करना भी उतना ही आवश्यक है। दुर्योधन ने धन का प्रबंधन पांडवों को नष्ट करने के लिए किया और खुद ही समाप्त हो गया था। अगर हम धन का सही प्रबंधन करेंगे, सही कामों में पैसा लगाएंगे तो, निश्चित रूप से अच्छा लाभ मिल सकता है। सही कामों में लगाए गए धन से हमेशा लाभ मिलता है जबकि, जो लोग जल्दी-जल्दी लाभ कमाने के चक्कर में धन का प्रबंधन गलत तरीके से करते हैं, वे आखिर में दुखी होते हैं। हमें इससे बचना चाहिए।

## सर्वांगीण विकास आवश्यक



संकलित
**प्रेरणा**

क्या आपने कभी किसी के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाई है। किसी कमज़ोर और लाचार को पिटता देखकर मदद के लिए आगे आएं हैं। अगर आपने ऐसा नहीं किया है तो समझ लीजिए आपने अपने खाते में पाप की पूंजी जमा कर ली है। शास्त्रों में जिस प्रकार से पाप और पुण्य को परिभाषित किया गया है उसके अनुसार जो व्यक्ति किसी को कष्ट में देखकर उसकी मदद नहीं करता है। किसी के भय से अथवा अपने स्वार्थ के कारण झूठ बोलता है और शरण में आये व्यक्ति की रक्षा नहीं करता है वह पापी है। सफलता पाने के लिए इंसान तरह-तरह के तिकड़म करता है। इसीलिए वह न्यायपूर्ण नहीं हो पाता, दूसरों की मदद के लिए भी आगे नहीं आता। दरअसल, सफलता के बड़े-बड़े स्वप्न देखने की अपेक्षा हम सोच समझ कर कोई सुनिश्चित मार्ग अपनावें और उस पथ पर पूर्ण दृढ़ता एवं मनोयोग के साथ कर्तव्य समझकर चलते रहें तो मस्तिष्क शान्त रहेगा, उसकी पूरी शक्तियां लक्ष्य को पूरा करने में लगेंगी और मंजिल तेजी से पास आती चली जाएगी। समय-समय पर थोड़ी-थोड़ी जो सफलता मिलती चली जाएगी और सन्तोष भी मिलता जाएगा। इस प्रकार लक्ष्य की ओर अपने कदम एक व्यवस्थित गति के अनुसार बढ़ते चले जाएंगे। जब ऐसा होने लगेगा तो जीवन में शुभ का उदय होगा। यह शुभ सम्यक होगा, अर्थात हमारे जीवन में हमें संतुलन की अनुभूति होगी। आशय यह है कि जब व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है तब वह अपना ही नहीं सोचना परहितकारी भी हो जाता है।

## व्यंग्य

अशोक गौतम

# तालियां

नेताजी ने तत्काल जनता की मांग पूरी करते हुए ग्रामीण सेल के अपने पार्टी प्रधान से माइक मंगवाया और गाड़ी की छत पर चढ़ गांव की जनता को संबोधित करना शुरू किया, हे मेरी प्यारी जनता! हे मेरे संता, हे मेरे बंता! जैसा कि तुमने चाहा है कि मैं सड़क के गड्ढों को लेकर भी अपना वक्तव्य दूं। प्रसन्नता है कि सड़क मंत्री की सड़क पर वक्तव्य देने लायक तुमने मुझे समझा। मैं तुम सबको बताना चाहता हूं कि इस सड़क में जो गाड़ियां चलती हैं वे हमारी पार्टी विरोधियों की गाड़ियां हैं। वे नहीं चाहते कि हमारे राज में बनी सड़क हमारी आम जानता के लिए सही रहे। तभी तो वे तुम्हारी सड़क में रात को चोरी छुपे गड्ढे डलवाते हैं। इधर हम सड़क ठीक करवाते हैं तो उधर वे दूसरे ही दिन उस पर अपनी गाड़ियां चलाकर सड़क उखाड़ देते हैं। ये विपक्षियों की चाल है, ये सरमाएदारों की चाल है। वे नहीं चाहते कि लोकतंत्र की सड़क पर समाजवादी जनता चले। इस सड़क पर गांववालों की कोई गाड़ी तो नहीं चलती न? प्रभु! हमारे पास तो जूते तक नहीं, गाड़ियां तो दूर की बात है, गांववालों ने हाथ जोड़े कहा। वही तो न! हम भी सोच रहे हैं कि जब तुम्हारे पास जूते तक नहीं तो आखिर सड़क में गड्ढे पड़ते हैं तो कैसे पड़ते हैं? प्रश्न गंभीर है। ठीकरी पहरा देना होगा। दिन को भी। विपक्ष को सबक सिखाना होगा। नहीं नेताजी! हम तो खुद भी अब इस सड़क से नहीं चलते। फिर भी गड्ढे हैं कि बढ़ते जा रहे हैं। सारे गांव की जमा भीड़ ने एकसाथ कहा तो नेताजी अपनी पीठ थपथपाते बोले, गुड! चलना भी नहीं चाहिए। आगे बढ़ने को शॉर्टकट ही बेहतर होते हैं मेरी तरह! फिर भी अपनी अंधी जनता को हम विश्वास दिलाते हैं कि, हम ये गड्ढे भरना तो चाहते हैं पर इसका सीधा फायदा पूंजीपतियों को होगा, जनता को नहीं। बस, यही सोच सड़क के गड्ढे भरवाने से रुक जाते हैं। नेताजी के मुख से यह बात सुन सारे गांव वाले खामोश। पर क्यों नेताजी? देखो, जो हम इन गड्ढों को भरवा देते हैं तो पता है क्या होगा? क्या होगा नेताजी? अभी यहां से दूसरे दल वालों की गाड़ियां कैसे निकलती हैं? हमसे धक्के लगवा कर! तुम्हारे बच्चे कहां खेलते हैं? इसी सड़क पर नेताजी! मान लो अगर हम सड़क के गड्ढे भरवा दें तो पता है क्या होगा? पर सरकार! हम रात को तो रात को दिन को भी इन गड्ढों में फंस गिर जाते हैं। अभी गिरते ही हो पर सड़क के गड्ढे भरवा देने के बाद मर भी सकते हो! जान प्यारी है या जांघ? जान सरकार! पर सरकार सड़क के गड्ढे भरने से जान कैसे जाएगी? वाह री! इक्कीसवीं सदी की गंवार जनता! जब सड़क ठीक हो जाएगी तो पता है पूंजीपतियों की गाड़ियां यहां से इतनी तेज जाएंगी कि, कुछ भी हो सकता है। कभी इस बारे में सोचा कि नहीं? यह तो हमने कभी सोचा ही नहीं नेताजी! सोचने को आप जो रखे हैं हमने! हां, सही कहा तुमने! सोचना जनता का काम नहीं। सोचना तो मात्र हमारा पुश्तैनी काम है। तुम हमें वोट दो, हम तुम्हारे लिए सोचेंगे। वोट तुम्हारे पास है तो सोच हमारे पास, जनता ने तालियां बजाई तो जनता पर नेताजी का विश्वास और मजबूत हुआ, नेताजी की जय! नेताजी की जय! पता नहीं किसने बीच में से कहा कि सारी जनता भेड़ हो गई। हे गांववालों! गड्ढे कहां नहीं? चांद पर गड्ढे हैं, मंगल पर गड्ढे हैं, बुध पर गड्ढे हैं, शुक्र, शनि, इतवार, सोमवार सब पर कुछ और हों या न, पर गड्ढे जरूर हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारने की बातें तो हमेशा की जाती हैं, फिर भी सुधार नहीं दिखता। हमारे राज्य सहित देश भर में तकरीबन यही आलम नजर आता है। कहीं समय पर एंबुलेंस नहीं मिल पाती, तो कहीं अस्पतालों में डाक्टरों से लेकर मूलभूत सुविधाओं के लिए आम आदमी को असुविधा का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों में डाक्टरों के पद खाली हैं, परंतु उन्हें भरने के लिए नहीं सोचा जाता। खबरें आते रहती हैं, जिसमें दुर्घटना के बाद पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिल पाई। सच तो यह है कि स्वास्थ्य सुविधाएं कितनी अच्छी हैं इसकी पोल शायद हर रोज सरकारी अस्पतालों में खुलती है। हर कोई जानता है, सरकारी अस्पतालों में बदहाली का हाल क्या है। इसे दुरुस्त करने सरकारी स्तर पर प्रयास बहुत जरूरी हैं।

*-विशाल बहादुर सिंह*

## करंट अफेयर


# देशद्रोह मामले में मुशर्रफ की याचिका स्वीकार



लाहौर उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ की याचिका विचारार्थ स्वीकार कर ली। मुशर्रफ ने अपनी याचिका में विशेष अदालत द्वारा देशद्रोह मामले में सुरक्षित रखे गए फैसले को बृहस्पतिवार को सुनाने पर रोक लगाने की मांग की है। 'द डॉन न्यूज' ने खबर दी है कि लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सैयद मजहर अली अकबर नकवी ने इसकी आपत्तियों को हटा दिया और दुबई में रह रहे मुशर्रफ की याचिका को विचारार्थ स्वीकार कर लिया। लाहौर उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय से 28 नवम्बर तक जवाब भी मांगा है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में गृह मंत्रालय की तरफ से एक अलग याचिका दायर की गई है जिसमें मुशर्रफ के खिलाफ विशेष न्यायाधिकरण द्वारा देशद्रोह मामले में फैसले पर रोक लगाने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति नकवी ने मुशर्रफ के वकील ख्वाजा अहमद को निर्देश दिया था कि याचिका सुनवाई योग्य है अथवा नहीं इस पर अपनी दलीलें दें। 'जियो न्यूज' ने खबर दी कि लाहौर उच्च न्यायालय ने पूछा कि क्या याचिका उसके सुनवाई के अधिकार क्षेत्र में आता है अथवा नहीं क्योंकि 76 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति इस्लामाबाद के निवासी हैं।

## ऑफ बीट


# जलवायु पर होगा ज्यादा विनाशकारी असर : संरा



पेरिस जलवायु समझौते के तहत यदि बिना शर्त वाली सभी मौजूदा प्रतिबद्धताओं को पूरा कर लिया जाता है तो भी इस सदी के अंत तक वैश्विक तापमान में 3 .2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक नयी रिपोर्ट में मंगलवार को यह चेतावनी दी गई। इसमें यह भी कहा गया है कि इस तरह की स्थिति से जलवायु पर ज्यादा विनाशकारी असर देखने को मिलेगा। संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्यक्रम के वार्षिक उत्सर्जन अंतराल रिपोर्ट के मुताबिक सभी देशों को अपने प्रतिबद्ध योगदान (एनडीसी) महत्वाकांक्षाओं को तीन गुना बढ़ाना चाहिए ताकि दो डिग्री सेल्सियस से नीचे के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। साथ ही, 1.5 डिग्री सेल्सियस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पांच गुना से अधिक योगदान (एनडीसी) करना चाहिए। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई कि पेरिस समझौते के अंतर्गत अगर सभी बिना शर्त वाली प्रतिबद्धताओं को पूरा कर लिया जाता है तो इस सदी के अंत तक तापमान में 3 .2 डिग्री बढ़ोतरी होने का अनुमान है। इसमें कहा गया है, 'अगर सशर्त एनडीसी को भी प्रभावी तरीके से लागू किया जाए तो तापमान में करीब 0 .2 डिग्री सेल्सियस की कमी की संभावना है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर ग्रीन हाउस गैस में 7 .6 फीसदी की कमी की जानी चाहिए।

## ट्रेंड

### प्रेरणा का स्रोत संविधान



हमारा संविधान हम भारत के लोगों के लिए ही है। हम अपने संविधान की ताकत, प्रेरणा और उद्देश्य से परिचित हैं। मैं जो कुछ भी हूं, वह मेरे समाज और मेरे देश के लिए ही हूं। संविधान के तहत कर्तव्य की भावना ही हमारी प्रेरणा का स्रोत है।

-नरेंद्र मोदी

### एनसीसी जरूर चुनें



एनसीसी राष्ट्रभक्ति, नि:स्वार्थ सेवा, अनुशासन, कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प नेतृत्व सिखाती है। कैडेट होना गर्व, गौरव व स्वाभिमान की बात है। हर युवा एनसीसी जरूर चुने। भारतीय एनसीसी दुनिया का सबसे बड़ा यूनिफार्म यूथ संगठन है।

-बाबा रामदेव


### पीड़ित के परिवारों के साथ



आज पूरे 11 साल हो गए हैं। हम अपनी बहादुर पुलिस और सशस्त्र बलों के बलिदान को कभी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी जान दे दी कि राष्ट्र और मानवता लंबी जिंदा रहे। मेरा दिल पीड़ित के परिवारों के साथ है।

-सचिन तेंदुलकर

### सहिष्णुता से रहें



मुंबई पर भयानक हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि। क्या पीड़ित परिवारों के घाव कभी ठीक हो सकते हैं। किसी भी व्यक्ति को कभी भी इस तरह की त्रासदी और पीड़ा नहीं झेलनी पड़े। धर्म, नस्ल के बावजूद हम शांति, सहिष्णुता से रहें।

-पूनम ढिल्लों

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# जैक्सन भी रहे हैं बप्पी दा के फैन ...

**मुंबई।** संगीतकार बप्पी लाहिड़ी सोने के आभूषणों से लदे औरों से जितने अलग हैं, उनका म्यूजिक भी उतना ही अलग है। बप्पी दा ने 70 के दशक में बॉलीवुड में कदम रखा और 80 के दशक तक छाए रहे। पॉप म्यूजिक को भारत लाने का श्रेय भी बप्पी दा को ही जाता है। उनके इस प्रयोग को न केवल बॉलीवुड बल्कि पूरे देश ने सराहा। बप्पी दा एक दिन में सबसे ज्यादा गाने रिकॉर्ड करने का कीर्तिमान भी अपने नाम कर चुके हैं। किंग ऑफ पॉप माइकल जैक्सन, बप्पी दा के बहुत बड़े प्रशंसक थे। फिल्मी करियर में बप्पी दा ने लगभग 500 से अधिक फिल्मों के लिए गाने कंपोज किए हैं।

लाइफ Style



# लॉरेन
## शराब और ड्रग्स की हो गई थी आदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*एक्ट्रेस लॉरेन गॉटलिब ने अपनी निजी जिंदगी के बारे में खुलासा कर सबको चौंका दिया है। रेमो डिसूजा की फिल्म एबीसीडी 2 में काम करने के बाद लॉरेन की मौजूदगी पर्दे से कम होती गई। फिर एक समय बाद वह पूरी तरह से गायब हो गईं।*

वह सिर्फ सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के संपर्क में थीं। लॉरेन में बताया, वह अंदर से बुरी तरह से टूट चुकी थीं। वह लोगों को ऐसे दिखा रही थीं कि जैसे वह बहुत खुश हों लेकिन यह सच्चाई नहीं थी। वह काफी दुखी और परेशान थीं। इन्हीं परेशानियों के चलते नशा करने लगी थीं। एल्कोहल और ड्रग्स उनकी जिंदगी का हिस्सा बन गया था। इन सब चीजों से खुद को बाहर निकालने के लिए थेरेपी का सहारा लिया। लॉस एंजेलिस भी गईं और 8 महीने तक सबसे दूर रहीं। मैंने किताबें पढ़ीं, मेडिटेशन किया और दो साल बाद खुद को इससे बाहर निकलने में सफलता पाई। मुझे ऐसा लगा जैसे मेरा नया जन्म हुआ हो। उन्होंने बताया, अगर उस वक्त में उनकी कोई तस्वीर लेता था तो उन्हें ऐसा लगता था कि वह उनसे कुछ छीन कर ले जा रहा है। वह घंटो में फ्लाइट में बैठकर रोया करती थीं, लेकिन जब वह लोगों से मिलती तो ठीक होने का दिखावा करतीं। मुझे 'एबीसीडी 2 से ही मुझे दरकिनार करने का सिलसिला शुरू हो गया था। फिल्म से मेरे कुछ अच्छे सीन्स को काट दिया गया। वह मेरे जिंदगी के सबसे बुरे छह महीने थे, उसमें झलक दिखलाजा में जज के रूप में मेरा कार्यकाल भी शामिल था।

## हॉलीवुड मसाला



# ड्रेस की वजह से उड़ा था मजाक

**लॉस एंजिलिस।** एक्ट्रेस किम करदाशियां अपने फैशन सेंस को लेकर दुनिया भर में मशहूर हैं। हालांकि कई बार उन्हें इसके लिए ट्रोल भी किया जा चुका है। किम बताया, 2013 के मेट गाला इवेंट में पहनी गई अपनी ड्रेस पर मीम्स देखकर वह पूरे रास्ते रोते हुए घर गई थीं। मुझे भरोसा नहीं हो रहा था काउच से मेरी तुलना करते हुए काफी मीम बने थे। मैं प्रेगनेंट थी और काफी मोटी थी। मैं सोचने लगी कि जब मैं पहली बार बाहर जाऊंगी तो काफी बड़ी दिखूंगी।




# अब भी रखते हैं एरियाना का ख्याल

**लॉस एंजिलिस।** एक्टर पीट डेविडसन से एरियाना ग्रांडे ने सगाई तोड़ दी थी। अलग होने के एक साल बाद भी पीट, एरियाना का ख्याल रखते हैं। हाल ही में उन्होंने अपने टूटे रिश्ते पर बात की। पीट ने कहा- मैं उम्मीद करता हूं कि वो खुश होगी। मैं इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी करना चाहता क्योंकि मुझे वह सही नहीं लगता। मैं जो महसूस करता हूं उसे अपने काम के जरिए दिखाता हूं। सगाई टूटने के दो दिन बाद ग्रांडे ने स्पष्ट तौर पर 'तनाव' के बारे में बात करने के कुछ ही घंटों बाद सोशल मीडिया से दूरी बनाने की घोषणा की थी। दोनों ने पिछले साल जून में सगाई की पुष्टि की थी। एरियाना पिछले तीन हफ्तों से बहुत अधिक बीमार हैं और शायद इसके चलते वह अपने आने वाले कई कार्यक्रमों को रद्द कर सकती हैं।



# अनन्या लेंगी शाहरुख वाली एंट्री ...

**मुंबई।** एक्ट्रेस अनन्या पांडे करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' से टाइगर श्रॉफ के साथ इंडस्ट्री में एंट्री मार चुकीं हैं। अब भूषण कुमार की अगली फिल्म 'पति पत्नी और वो' में नजर आएंगी, जिसमें कार्तिक आर्यन और भूमि पेडनेकर भी हैं। डायरेक्टर मुदस्सर अजीज ने अनन्या को इस फिल्म में एंट्री के लिए शाहरुख खान का 'मैं हूं ना' वाले सीन की याद दिलाई। वही सीन जिसमें शाहरुख ट्रेन से झांकते नजर आते हैं। मुदस्सर चाहते थे कि उनकी इस फिल्म में शाहरुख वाला ही जलवा नजर आए। अनन्या शाहरुख के संदर्भ को सुनकर इतनी रोमांचित थीं कि उन्होंने बिना किसी हिचक के इस सीन की सूटिंग कर ली। इस सीन की शूटिंग में अड़चन यही थी कि डायरेक्टर की प्लानिंग इस सीन को रियल लोकेशन पर शूट की थी, जहां यात्रियों की भीड़ नजर आए।



# सल्लू के साथ काम करने का मिला मौका

**नई दिल्ली।** एक्टर गौतम गुलाटी जल्द ही सलमान खान के साथ उनकी अपकमिंग फिल्म 'राधे' में नजर आएंगे। बिग बॉस विनर गौतम ने अपने ट्विटर एकाउंट से एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें सलमान के साथ काम करने का मौका मिल रहा है। इस मौके को पाकर वह काफी खुश हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया, सलमान के साथ काम करना उनके लिए बिल्कुल एक सपने की तरह है। राधे में अपने रोल के बारे में जानकारी देते हुए कहा, सलमान की फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुशी हो रही है, वह बहुत ही सरल और अच्छे इंसान हैं। उनके साथ काम करना और उन्हें हर समय अपने आस-पास देखना किसी सपने से कम नहीं है और देश के टॉप मेगास्टार के साथ काम करने का मौका मिलने पर भगवान को केवल धन्यवाद कहना काफी नहीं है।

## टीवी मसाला



# जहरीला खेल खेलती नजर आईं निया

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस निया शर्मा की नागिन 4 में एंट्री हो गई है। शो में इच्छाधारी नागिन के साथ विजेंद्र कुमेरिया अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसी बीच शो का एक और प्रोमो सामने आया है। जिसे एकता कपूर ने शेयर किया है। प्रोमो शेयर करते हुए एकता ने लिखा- नागिन- भाग्य का जहरीला खेल। जल्द ही। प्रोमो में निया मार्केट में मंदिर के बाहर होती हैं जहां एक गुंडा आकर उन्हें परेशान करता है। उसके बाद एंट्री होती है विजेंद्र कुमेरिया की जो उन्हें बचाता है। बचाने के बाद वह जैसे ही निया का दुपट्टा उठाता है वहां से एक सांप निकलता है जिसे देखकर वह चौंक जाता है। इस शो में निया के आलावा एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी नागिन के रोल में नजर आएंगी और उनका लुक भी सामने आ चुका है। निया और जैसमीन के अलावा इस शो में शालीन भनोट और सायंतनी घोष भी नजर आएंगे।

### जल्द ऑफएयर होने वाला है बहू बेगम

**नई दिल्ली।** शो बहू बेगम के ऑफ एयर होने की खबरें आ रही हैं। जब भी कोई नया शो लॉन्च होता है तभी से उस शो से बहुत सारी उम्मीदें जग जाती हैं। शो में नजर आने वाले स्टार्स से भी कुछ नया और अच्छा



एक्सपेक्ट करते हैं। ऐसे में जब कोई शो उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता तो यह फैंस को काफी निराश करता है। शो के एक्टर अर्जित तनेजा ने इसे लेकर हिंट दिया है। एक्टर ने को-स्टार्स संग एक खूबसूरत सी फोटो शेयर की हैं। फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- शो का भाग्य कुछ भी हो, पर मुझे खुशी है कि मैं इन दोनों से मिला। उनके इस कैप्शन के बाद अंदाजा लगाया जा रहा है कि शो जल्द ही ऑफ एयर होने वाला है और अर्जित ने शो के ऑफ एयर होने का हिंट दिया है। यह शो जुलाई 2019 को शुरू हुआ था। शो में अर्जित तनेजा, डायना खान और समीक्षा जयसवाल लीड रोल में हैं।



# कैंसर से नहीं मस्तिष्काघात से मरने की रहती है संभावना

*जो लोग कैंसर का शिकार हैं या कैंसर का इलाज करा चुके हैं, उनमें आम लोगों के मुकाबले मस्तिष्काघात से मरने की संभावना अधिक होती है। इस बात का खुलासा एक अध्ययन में हुआ है।*

**नई दिल्ली।** अध्ययन में उन 70 लाख से अधिक रोगियों के डाटा का आकलन किया गया, जिनमें बीमारी के घातक रूपों की पहचान हुई थी। कैंसर और मस्तिष्काघात में संबंध- अमेरिका की पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट् के सर्विलांस, एपिडेमिओलॉजी और एंड रिजल्ट प्रोग्राम (सीर) से डाटा एकत्रित किया। इसमें अमेरिका की लगभग 28 प्रतिशत आबादी के कैंसर के मामले, उनके जीवित बचने, उपचार, उम्र और रोग के वर्ष की जानकारी शामिल थी। इस अध्ययन से पता चला है कि जिन लोगों को कैंसर है या कैंसर के इलाज के बाद जीवित हैं, उनमें मस्तिष्काघात से जान जाने का खतरा दो गुना से अधिक है। यह अध्ययन नेचर कम्युनिकेशंस नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ताओं ने कहा, सीर के डाटा से 70 लाख से अधिक रोगियों की जानकारी एकत्रित की गई। इसमें घातक कैंसर से जूझ रहे रोगियों का पता चला था। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर और बड़ी आंत के कुछ हिस्सों का कैंसर गंभीर मस्तिष्काघात से संबंधित है।

नजर ...



न्यूयॉर्क। अभिनेत्री राधिका आप्टे हिल्टन होटल में 47 वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स के दौरान इस तरह पोज देती नजर आईं।

# 'मैक माफिया' को मिला सर्वश्रेष्ठ ड्रामा पुरस्कार

*अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अभिनीत 'मैक माफिया' को 47वें अंतरराष्ट्रीय एमी समारोह में सर्वश्रेष्ठ ड्रामा श्रृंखला का पुरस्कार दिया गया है।*



**न्यूयार्क।** पुरस्कार मिलने के तुरंत बाद अभिनेता ने सोशल मीडिया पर आभार व्यक्त किया। नवाज ने मैक माफिया की टीम के साथ अपना चित्र ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा, न्यूयार्क में अंतरराष्ट्रीय एमी पुरस्कार समारोह में मेरे पसंदीदा निर्देशक जेम्स वाटकिंस के साथ 'मैक माफिया' में हमारे काम के लिए विजेता की ट्रॉफी मिलना अत्यंत प्रसन्नता का क्षण है। मैं 'मैक माफिया' की पूरी टीम को बधाई देता हूं। पैंतालीस वर्षीय अभिनेता ने 'मैक माफिया' श्रृंखला में भारतीय व्यवसायी दिली महमूद का रोल अदा किया है।

# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है गोंद के लड्डू



**नई दिल्ली।** मौसम बदलते ही लोगों के खानपान में भी बदलाव आने लगता है। गर्मियों में ठंडी तो सर्दियों में लोग अपनी डाइट में उन चीजों को शामिल करना पसंद करते हैं जो उनके शरीर को अंदर से गर्म रखने के साथ शरीर की कमजोरी को भी दूर करने का काम करती है। ऐसी ही एक चीज का नाम है गोंद। गोंद प्रकृति से मिला एक अनोखा उपहार है। जिसको खाने से बहुत सारे फायदे होते हैं। गोंद से मिलने वाले लाभ को देखते हुए गर्भवती महिलाओं से लेकर स्तनपान कराने वाली माताओं तक को गोंद से बने लड्डू खाने की सलाह दी जाती है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए:** गोंद को भूनकर उसका लड्डू बनाकर खाने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होती है। जिसकी वजह से व्यक्ति कम बीमार पड़ता है। सर्दी-जुकाम से बचने के लिए सर्दियों में इसी वजह से गोंद के लड्डू खाने की सलाह दी जाती है।

**हड्डियों बनाता है मजबूत :** रोजाना रात को सोने से पहले एक गोंद का लड्डू गर्म दूध के साथ खाने से हड्डियां मजबूत बनती हैं। ऐसा करने से मांसपेशियों के साथ रीढ़ की हड्डी भी मजबूत बनती है।

**कब्ज करे दूर :** रोजाना एक से दो गोंद के लड्डू का सेवन करने से कब्ज की परेशानी दूर होती है। लेकिन दो से ज्यादा गोंद के लड्डू का सेवन करना पेट को बिगाड़ सकता है। क्योंकि ज्यादा खाने से यह पचने में दिक्कत करता है।

**कमजोरी करे दूर :** अक्सर गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को गोंद खाने की सलाह दी जाती है। ताकि गोंद का सेवन करने से गर्भवस्था के दौरान शरीर में आई कमजोरी को दूर किया जा सके। इसके अलावा भी यदि शरीर में किसी तरह की कोई थकावट महसूस हो रही हो तो रोजाना गोंद का सेवन करना चाहिए।






# धमतरी के दो राइस मिलों में छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर रजत बंसल के निर्देशानुसार सोमवार को धमतरी शहर में स्थित दो राइस मिलों का औचक निरीक्षण कर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान दोनों राइस मिलों से 4193 क्विंटल धान और 3305 क्विंटल चावल जब्त किया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खाद्य, राजस्व एवं मण्डी विभाग के संयुक्त दल द्वारा सिहावा रोड स्थित महावीर ट्रेडर्स में अपर कलेक्टर दिलीप अग्रवाल की अगुवाई में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यहां पर 1100 क्विंटल धान और 40 क्विंटल चावल की जब्ती छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश–2016 में विहित प्रावधानों का उल्लंघन किए जाने पर की गई। इसी तरह सिहावा रोड स्थित विनायक राइस मिल में छापामार कार्रवाई कर वहां से 3093 क्विंटल धान और 3265 क्विंटल चावल की जब्ती उपरोक्त नियम के अंतर्गत की गई। इस प्रकार दोनों राइस मिलों से कुल 4193 क्विंटल धान और 3305 क्विंटल चावल की जब्ती की गई।

■ धान व चावल जब्त किए गए



इसके अतिरिक्त मण्डी एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा कतिपय थोक व्यापारी पंजीयनधारकों के संस्थानों में भी दबिश देकर जब्ती की कार्रवाई की गई। इसमें ग्राम कोलियारी के थोक व्यापारी संजय सोनकर से 160 कट्टा आईआर 64 तथा 87 कट्टा सांभा धान जब्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम पुरी निवासी रामकृष्ण साहू के स्टॉक जांचने के बाद 8 कट्टा सांभा, 15 कट्टा आईआर 64 एवं 12 कट्टा सरोना धान जब्त किया गया। इस प्रकार धान के कुल 282 कट्टे यानी 11,280 क्विंटल धान जब्त किए गए।

## मुड़ागांव व खड़मा से 21 लाख का धान जब्त



छुरा। तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों ने संजय सिंह यादव पिता निरंजन यादव मुड़ागांव के पास से 606 बोरा अवैध धान पाए जाने पर मंडी अधिनियम 1972 के तहत जब्त की। इसी तरह ग्राम खड़मा में लाजपत यादव किराना व्यापारी से अवैध 2324 बोरा धान जब्त की गई। इसकी कुल कीमत 21 लाख रुपए बताई गई है। खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी चेलक, मंडी निरीक्षक ध्रुव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजय ध्रुव, थाना प्रभारी के के वर्मा और तहसीलदार राकेश साहू आदि ने संयुक्त रूप से कार्यवाही की। दोनों व्यापारी पर छ ग कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 20/23 के तहत कार्यवाही करते हुए धान जब्त कर उन्हीं के सुपुर्द किया गया।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत दूसरा घायल

धमतरी। चारामा से लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को बस ने चपेटे में ले लिया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना के ग्राम कुरमातराई निवासी गौतम ध्रुव पिता निरंजन उम्र 30 वर्ष घड़ी चौक के पास स्थित एक हार्डवेयर की दुकान में काम करता था। सोमवार को गौतम अपने साथी मेडिकल स्टोर में काम करने वाले पड़ोसी गांव पीपरछेड़ी निवासी चितानंद पिता युवराज उम्र 28 वर्ष के साथ मोटर सायकल में सवार होकर चारामा गए थे। शाम को दोनों वापस धमतरी लौट रहे थे। उसी दौरान जगदलपुर जा रही महिन्द्रा रोडवेज की लग्जरी बस ने बाइक सवारों को सामने से ठोकर मार दी जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें संजीवनी 108 की मदद से इलाज के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गौतम की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल चितानंद को उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है। मंगलवार को चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

## दीवार चुनकर छिपाया था 42 लाख का 1671 क्विंटल धान, जब्त

कोरबा। उपार्जन केंद्रों में बेहतर समर्थन मूल्य पाने की आस में व्यापारी ने 1671 क्विंटल करीब 42 लाख का धान दीवार चुनकर छिपा दिया था।

जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने फिल्मी स्टाइल में धान का पता लगाकर दीवार तोड़कर अवैध धान जब्त कर लिया है। करीब 3 घंटे तक चली इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वहीं चारमार में दो व्यापारियों के यहां रखे गए 448 क्विंटल धान को भी प्रशासन ने जब्त किया है। जिसकी कीमत 8 लाख 20 हजार बताई जा रही है।

■ तीन व्यापारियों का भंडारित 53 लाख रुपए का धान बरामद

एक ही दिन में 3 व्यापारियों के यहां प्रशासन ने छापामारी कर 52 लाख 97 हजार 500 रुपए की 2119 क्विंटल धान बरामद किया है। राज्य सरकार इस साल किसानों से पहली बार प्रति क्विंटल 2500 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदने जा रही है। किसानों को गत वर्ष की तुलना में शासन से प्रति क्विंटल धान पर 450 रुपए अधिक मिलने की वजह से कोचिए एवं बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं। किसानों की ऋण पुस्तिका की आड़ में समिति के कर्मचारियों की आंखों में धूल झोंककर पुराना धान नए समर्थन मूल्य पर खपाने की फिराक में हैं ताकि बेहतर मुनाफा अर्जित कर सकें। इस साल धान खरीदी के शुरूआती दौर में लगभग डेढ़ माह तक राजस्व विभाग भी धान खरीदी केंद्रों से दूर रहेगा।

जिसकी आड़ में बिचौलिए अभी से पुराने धान को समितियों के आसपास खपाने की जुगत में लगे हुए हैं। कलेक्टर किरण कौशल ने धान के अवैध भंडारण करने वालों पर नजर रखने और उन पर कार्रवाई करने के लिए तहसील वार टीमें बनाई है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

तलाश की नई सुबह
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756

## Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है** - ग्लोबल इण्डिया प्राइवेट-लिमिटेड कंपनी में 100 परशेन्ट मान्यता प्राप्त तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार- 7300+9500+11000+13500 बाहर के लोगों को रहना+खाना+ मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करे:-भिलाई पावरहाउस, ओवरब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.-91097-99525** (आरो न.-4624)

**आवश्यकता है** - AIRTEL 4G कम्पनी में SMS Job 790 लड़के / लड़कियाँ / गृहणियाँ / रिटायर्डमैन घर बैठे Parttime / Fulltime SMS भेजकर कमाएं 15000-45000/- महिना मोबाईल + लैपटॉप + आकर्षक उपहार फ्री (कॉल / SMS) मो. 85829-66486, 85829-66483 (आरो-4938)

**आवश्यकता है** - कुशल अनुभवी ड्राईवर एवं कंडेक्टर की आवश्यकता है जिसको स्कूल बस चलाने का 3 से 5 साल का अनुभव हो तथा एक ऑफिस प्यून चाहिए **संपर्क- दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल अभनपुर ब्रांच मो.नं.-70893-00819 एवं रायपुर ब्रांच- मो.नं.- 96691-52700** (आरो.-1137)

**आवश्यकता है** - F.M.C.G. एजेंसी में (हारपिक,कालीन लाइजोल) की रायपुर लोकल में मार्केटिंग हेतु अनुभवी सेल्स मेन की आवश्यकता है। संपर्क करेः- अग्रवाल एजेंसी पुरानी बस्ती थाने के पीछे नवदुर्गा चौक शाहजहाँ मार्ग। मो. 98264-16557, 90391-08002 (आरो-5086)

**आवश्यकता है** - दुकान कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन 7000/- महीना **पता- वायर हाऊस जवाहर नगर, एम. जी. रोड रायपुर** (आरो.-5753)

**आवश्यकता है** - ऑफिस कार्य हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है कम्प्युटर ऑपरेटर, टेली अकाउंटेंट, रिसेप्शनिष्ट, टैलीकॉलिंग, मार्केटिंग, ऑफिस ब्वॉय, सुपरवाईजर, हेल्पर, ड्राईवर, सेल्समैन, सेल्सगर्ल, कुक एवं घरकाम करने वाली बाई **संपर्क करें- मो.नं.- 91319-41253, 70677-21112** (आरो.-4936)

**आवश्यकता है** - Riya इंटरनेशनल (Regd. 2011) सभी उम्र के युवकों अपने धनी महिलाओं संग Part/Fulltime मीटिंग करके (12000-60,000) कमाएं (गाड़ी सुविधा उपलब्ध 100% सर्विस) **संपर्क करें- मो.नं.- 7780043971, 7780042831, 8294250026** (आरो.-4916)

**आवश्यकता है** - हार्डवेयर दुकान (रेल्वे स्टेशन के समीप) में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है एकाउन्ट्स-2 पद, ऑफिस असिस्टेन्ट-2, लेबर-4, मार्केटिंग-2 पद **संपर्क करें- मो.नं.-94252-86528, 90093-86528** (आरो.-4945)

**आवश्यकता है** - टाटा एस चलाने हेतु ड्राईवर की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार बाहर के ड्राईवर को रहने की सुविधा लाईसेंस के साथ **संपर्क करें- अजय इंटरप्राईजेस बंजरपारा सडडू संपर्क समय 10 से 8 तक मो.नं.- 98277-99444** (आरो-5824)

**आवश्यकता है** - AIRTEL 4G कम्पनी में SMS Job 890 लड़के / लड़कियाँ / गृहणियाँ / रिटायर्डमैन घर बैठे Parttime / Fulltime SMS भेजकर कमाएं 15000-45000/- महिना मोबाईल + लैपटॉप + आकर्षक उपहार फ्री (कॉल / SMS) मो. 90656-77645, 74610-46087 (आरो-4939)

**आवश्यकता है** - केंटिन में कार्य हेतु लड़के चाहिए रहने व खाने की व्यवस्था वेतन 6000-8000/- महीना (कार्यअनुसार) **श्रीकृष्ण हॉस्पिटल (केंटिन) तीसरी मंजिल, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर मो.नं.- 94255-59771, 97701-42450** (आरो.-4946)

**आवश्यकता है** - डाटा एन्ट्री करने हेतु अनुभवी कम्प्युटर ऑपरेटर तथा बीएएमएस डॉक्टर - 2 की आवश्यकता है **बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड, रायपुर फोन नं.- 0771-2425009** (आरो.-5825)

**आवश्यकता है**- सैटिन माइक्रो फ़ाइनेंस कंपनी (आरबीआई द्वारा मान्यता प्राप्त) को फील्ड कार्य के लिए लड़कों की आवश्यकता है-पद - TQO, ABM, RO, CSO वेतन 14000 से 18000+ इन्सेंटिव, उम्र 20 से 32 साल, योग्यता 12 वी से स्नातक, साक्षात्कार एवं लिखित परीक्षा दिनाँक- 29/11/2019 धमतरी, **संपर्क नं. -9691826646, दिनाँक- 30 /11/2019 भिलाई संपर्क न. 7024265496, दिनाँक- 01/12/2019, रायपुर संपर्क न.- 9205592851** (Bsp)

**आवश्यकता है:-** एयरपोर्ट हेतु सीधीभर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, (लड़के-लड़कियां) 55500-75600 तुरंत ट्रेनिंग शुरु सुपरवाईजर, एयरहोस्टेज, चेकर, लोडर, ड्राईवर, हेल्पर, गार्ड (सभी फ्री सुविधाएं) रायपुर संपर्क- मो.नं.- 085860-46498 (आरो.-4883)

**आवश्यकता है** - रायपुर पंडरी स्थित दालमील में रेजा कुली के कार्य हेतु लेबर की आवश्यकता है रहने की सुविधा वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा फोटो आधारकार्ड सहित **संपर्क करें मो.नं.- 94252-06433** (आरो.-5822)

**आवश्यकता है** - ऑफिस साफ सफाई और रखरखाव कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है **गेट एकेडमी रायपुर तात्यापारा चौक 3rd फ्लोर राज टावर रायपुर मो.नं.-78060-34176-0771-4004176** (आरो.-5821)

**आवश्यकता है**- गणित विषय (प्रायमरी एवं हायर सेकेण्डरी कक्षा हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है **पता- छत्तीसगढ़ पब्लिक हा. से. स्कूल छत्तीसगढ़ नगर, मो.नं.- 9407707888** (आरो.-5085)

**आवश्यकता है**-एक प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को आवश्यकता है. फिल्ड एक्जीक्यूटिव की रायपुर,धमतरी, बलौदाबाजार, भाटापारा-8 पद, संपर्क करे-मो.- 76111 -07524, बिलासपुर, चांपा, बसना **संपर्क करे मो.- 76111-07766 अधिक जानकारी के लिए रामानुजगंज -76111-07788, कवर्धा- 76111-07549** (आरो न.-5719)

**आवश्यकता है** - कैप्टन इंडियन कुक, तंदुररोटी, मिस्त्री, वेट्रेस, वेटर, साउथ इण्डियन एण्ड बिलिंग कम्प्युटर स्टाफ चाहिए **संपर्क- मिलन स्वीट्स रेल्वे स्टेशन चौक, रायपुर -4221577, 94242-02342, 93033-85785, 77880-11100** (आरो.-1138)

**आवश्यकता है** - Reliance Jio कंपनी Sms Job करके लड़के-लड़कियां, गृहणियां घरबैठे कमाएं 15500-45000/- महीना लैपटॉप, मोबाईल मुफ्त नौकरी हेतु नाम, पता Whatsapp करें या Call **करें- 74881-52623, 62048-72887** (आरो.-4942)

**आवश्यकता है** -औरास प्लस कंपनी ऑफिस कार्य हेतु अनुभवी बिना अनुभवी युवक, युवतियों की आवश्यकता है योग्यता दसवीं स्नातक वेतन 14500-25000 समय 10 से 6 **मो.नं. रायपुर - 9558388380, कुम्हारी- 8085252893, अभनपुर- 8959657552**(आरो.-3947)


## किराया

**किराये से देना है** - रायपुर शहर में राजकुमार कॉलेज के पास यस बैंक के ऊपर जी. ई. मेनरोड पर तीन बड़े-बड़े हाल किराये से देना है प्राईम लोकेशन कोचिंग सेन्टर व कारपोरेट ऑफिस के लिए अतिउत्तम बेसमेंट पार्किंग व लिफ्ट की सुविधा **संपर्क करें- अभिषेक- 95822-99303, 7583808008** (Bsp)

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रांरभ - फेल विद्यार्थी समय बचाये पत्राचार ओपन प्राइवेट द्वारा 10वीं/12वीं पास करे**-BA, B.COM, B.SC, BBA, BCA, MCA, **(एकवर्ष में)** MA, M.COM, M.SC, MBA, MSW B.LIB, M.LIB, POLYTECHNIC, B.TECH, ETC **सभी कोसेर्स मान्यता प्राप्त युर्निवसिटी द्वारा संपर्क-** Bharti Education Academy sector-6 bhilai **98261-96515, 98268-96515** (आरो न.-4621)

## खरीदना




## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष** - फीस काम के बाद सभी समस्याओं का घरबैठे गारंटीड समाधान लवमैरिज , प्यार धोखा , वशीकरण , सौतन दुश्मन छुटकारा, मनचाही शादी, किया कराया, प्रेमी पति संतान अनबन समस्या कैसी भी जड़ से खत्म- **7347259119** (BHO)

**ज्योतिष** - अपनी जन्म तारीख बताओ मात्र 11 घन्टों में सभी समस्याओं से निजात पाओ जैसे खोयाप्यार, लवमैरिज, शादी, कॉल, व्हाट्सअप- **8740077945 जिनको ज्योतिष से धोखा मिला हो एक अवसर जरूर दें** (BHO)

## Business व्यापार

**व्यापार-** सीधा कंपनी से बात करके अपनी खाली जमीन, छत, प्लॉट, दुकान किराये पर देकर मल्टीमीडिया डिजिटल 4जी, 5जी मोबाईल टावर लगवायें एडवांस 90,00,000/- मासिक किराया 40,000/- + 1 नौकरी सैलरी 25000/- एग्रीमेंट सहित **मो.नं.- 82879-57830** (आरो.-4944)

**व्यापार आमंत्रण** - कम लागत में पैर वाली, हाथवाली, सेमी आटोमेटिक, फुल्ली- आटोमेटिक, दोना, पत्तल, अगरबत्ती मशीनों के निर्माता थोक, विक्रेता डाईयां पेपर उपलब्ध तैयार माल विक्रय सुविधा **प्रगति एसोसिएट्स, मंडी गेट रोड, जयश्री मर्लिन चौक, पंडरी रायपुर मो. 9300204321, 97541 93321** (आरो.-4782)

## वाहन

**ट्रैक्टर मॉल** - सोनालिका, महिन्द्रा, मैसी, आयशर, पावर ट्रैक सहित सभी कंपनियों के ट्रैक्टर टिपटॉप कंडीशन में प्राप्त करें इंजन में 6 माह की वारण्टी एवं 1 वर्ष के रख रखाव के एग्रीमेंट सहित **आदित्य केशरवानी मो.नं.- 97266-72740 अंकित शर्मा- 9131356695** (Bsp)

## Finance फायनेंस

**फायनेंस** -Mahindra finance खर्चा लोन से कटेगा सभी योजनाओं के अंतर्गत मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल,आधारकार्ड व समस्त लोन 1% ब्याज, 40% छूट महिलाओं व किसान भाईयों को विशेष छूट- 095181-86720, 093069-59483 (आरो.-4924)

**फायनेंस-** पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं Jeevan Bharti Finance जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित- **मो.नं.-94679-50862** (आरो.-4943)

**फायनेंस-** Mudra finance विशेष ऑफर मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, होमलोन, राशनकार्ड 1% ब्याज, 40% छूट दुकानवालों को किश्तों पे उपलब्ध ऑफर सीमित समय के लिए मो.नं.- 083930-54703, 075085-31962 (आरो.-4927)

## Medical चिकित्सा

## मनोरोग विभाग

**चिकित्सा** - डॉ.डी.के. दास मानसिक रोग विशेषज्ञ एन.एच.एम.एम. आई. हॉस्पिटल लालपुर रायपुर में प्रति सप्ताह सोमवार से लेकर गुरुवार तक उपलब्ध रहेंगे सिरदर्द, माईग्रेन, शरीर दर्द, डिप्रेशन, सिजोफ्रेनिया, नींद की बीमारी, मानसिक उत्तेजना, मिर्गी, बच्चों का विकास संबंधी बीमारी, नशा संबंधी बीमारी, शंका और वहम की बीमारी हेतु संपर्क करें- मो.नं.- 9827157323 (आरो.-5032)

## फर्नीचर




## एकेडमी




**निसंतान व गुप्तरोग-** छ.ग. की पहली आईएसओ 9001-2015 सर्टिफाईड क्लीनिक एवं MSME रजिस्टर्ड कम्पयूट- राइज्ड मशीन द्वारा जांच बुरी आदतों या हार्मोनल गड़बड़ियों के कारण इंद्रीय का विकास न होना शीघ्रपतन, पतलापन, छोटापन, नपुंसकता, शुक्राणुहीनता, सिकलिंग, निःसंतान, सेक्स में असंतुष्टि 18 वर्षों से संचालित डॉ. युगेन्द्र बीएएमएस (आयुर्वेद) **सिटीकेयर क्लीनिक फाफाडीह चौक और रेल्वे स्टेशन चौक के बीच होटल सिमरन हेरिटेज के पास, रायपुर मो. 097558-49375, 98271-14419 समय 11 से 2 बजे 5 से 8 (रविवार 11 से 2 बजे)** (आरों.-2920)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

हरिभूमि

| | |
|---|---|
| पुलिस कंट्रोल रूम- | 4287100/100 |
| एसपी कार्यालय - | 0771-2285004 |
| एंबुलेंस - | 108 |
| अंबेडकर अस्पताल - | 2890113 |
| मेकाहारा ब्लड बैंक- | 2880111 |
| पीएचक्यू - | 2221100 |
| महतारी एक्सप्रेस - | 102 |
| जिला अस्पताल - | 2583170 |
| एम्स रायपुर - | 2572240 |
| आरोग्य सेवा - | 104 |
| सिटी ब्लड बैंक - | 6460810 |
| बढ़ते कदम - | 9302750222 |
| | 9425509255 |
| फायर ब्रिगेड - | 101 |
| कलेक्ट्रेट - | 2426024 |
| रेलवे इंक्वायरी - | 139 |
| सेंट्रल विद्युत कॉल सेंटर - | 1912 |
| यातायात- | 1095 |
| महिला हेल्प लाईन - | 1091 |
| बिजली (निगम) - | 9301953213 |
| जल प्रदाय (निगम)- | 4270248 |
| पासपोर्ट - | 2263922 |
| इंकम टैक्स - | 2331600 |

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

रायपुर बाजार में विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें।
9098138778 6263818152

## RAIPUR BAZAR

## प्रिंट्स




## झूलाघर




## बोरवेल्स




## बोरवेल्स




## सर्विसेस




# Medical Special



## खबर संक्षेप

### दो घंटे के भीतर मैनेजर के खाते से एक लाख पार

**अम्बिकापुर।** निजी कंपनी के मैनेजर को ऑनलाईन होटल बुक करना महंगा पड़ किया जब अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे के लिंक को खोल फार्म भरने के बाद शुल्क के 10 रूपए पेटीएम कर दिया। पेटीएम करने के महज दो घंटे के भीतर ही अज्ञात लोगों ने उसके खाते से कई बार में एक लाख रूपए पार कर दिया। पीडित मैनेजर ने घटना की शिकायत पुलिस से किया है। जानकारी के अनुसार बनारस रोड निवासी व एक निजी कंपनी में मैनेजर के पद पर पदस्थ ऋतुराज दीक्षित सोमवार की शाम लगभग 4.45 बजे बिलासपुर में होटल में कमरा बुक करने ऑनलाइन गुगल में सर्च कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने मैनेजर को होटल बुक कराने के लिए एक लिंक भेजा तथा लिंक देखकर फार्म भरने के पश्चात होटल में कमरा बुक हो जाने की बात कही। मैनेजर ऋतुराज दीक्षिक ने लिंक खोलकर उसमें दिए गए फार्म भरा तो उसे 10 रूपए शुल्क पटाने कहा गया। मैनेजर ने पेटीएम से 10 रूपए का शुल्क पटा दिया और दो घंटे बाद उसके मोबाइल में अलग-अलग बार में एक लाख रूपए खाते से निकाल लेने का मैसेज आया।

### धान मिसाई मशीन की चपेट में आने से गंभीर ग्रामीण की मौत


**अम्बिकापुर।** गांव की परिचित के यहां धान मिसाई कर रहा ग्रामीण गले में रखे गमछा के मशीन में फंस जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटराही निवासी शम्भू सिंह आ. रामधनी (40 वर्ष) एक सप्ताह पूर्व 20 नवम्बर को गांव के ही लक्ष्मणधारी के यहां मशीन से धान मिसाई करने गया था। शम्भू जब मशीन में धान डाल रहा था तभी गले में पहने गमछा मशीन में फंस जाने से व गमछे के साथ मशीन से सट गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने मशीन को बंद कर उसे तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।


## दहशत : बांसकुड़ा में हाथियों ने ली दो ग्रामीणों की जान

# क्षत-विक्षत मिली ग्रामीणों की लाश, गमगीन हुआ पूरा गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद







- धान की रखवाली कर रहे किसान अंधेरे में पहुंचे हाथी से बच नहीं पाए, लगातार मौतों से नाराजगी

बांसकुड़ा में धान की रखवाली कर रहे दो ग्रामीणों को सोमवार रात हाथियों ने कुचलकर मार डाला। हाथी प्रभावित सिरपुर क्षेत्र के ग्राम बांसकुढ़ा में मंगलवार दोपहर पीएम के बाद ग्रामीणों की शव गांव पहुंचा तो पूरा गांव गमगीन हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस हृदय विदारक घटना के चलते गांव में किसी के घर चूल्हा नहीं जला। हाथियों ने जिस तरह से कुचलकर ग्रामीणों की जान ली है उससे क्षेत्रवासियों का विभाग के लिए आक्रोश व्याप्त है वहीं अब वे अपनी और धान की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं। सोमवार शाम 7 बजे 17 हाथियों का दल बांसकुड़ा के पट्टी नं 2 पहुंचा। गोविंद राम पटेल और बिसौहा राम ध्रुव खेत में धान की रखवाली कर रहे थे। रात में अंधेरे में ग्रामीण दल में पहुंचे हाथी को देख नहीं पाए। अचानक हाथियों से सामना होने के बाद ग्रामीण कुछ संभल पाते इससे पहले तीन दंतैल ने उन्हे घेर लिया। दंतैलों ने गोविंद और बिसौहा को बुरी तरह कुचलकर मार डाला। गोविंद की लाश तीन-चार खेत के बाद मिली, हाथी घसीटकर काफी दूर तक ले गए थे। इस दौरान जगह-जगह खून और शरीर के अंग पुलिस को मिले। क्षत-विक्षत लाश देख ग्रामीण और पुलिस सकते में आ गए। ग्रामीण मशाल लेकर रात करीब 12 बजे तक पुलिस और वन अमला के आते तक शव के पास रहे। पुलिस ने शवों को समेटकर पीएम के लिए जिला अस्पताल ले आई। मंगलवार सुबह पीएम के बाद शव को परिजनों सुपुर्द किया। दोनो ग्रामीणों की शव की अर्थियां एक साथ निकली और पूरा गांव उन्हे अंतिम विदाई देने उमड़ पड़ा। इधर, वन अमला से डिप्टी रेंजर मोहनदास मानिकपुरी और हाथी भगाओ फसल बचाओ समिति के संयोजक राधेलाल सिन्हा के मौजूदगी में 25-25 हजार रुपए तत्कालिक सहायता राशि दी गई।

### समिति करेगी प्रदर्शन

इस हमले के बाद हाथियों से सुरक्षा के लिए ग्रामीण गुस्साए हैं। हाथी भगाओ फसल बचाओ की जल्द ही बैठक होगी। जिसमें सीएम से मिलकर हाथियों से निजात दिलाए जाने और मुआवजा पर चर्चा की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के दल में 6 दंतैल हैं जिसमें तीन दंतैल लहंगर और गुडरूडीह के बीच मार्ग में विचरण कर रहे है और 17 हाथियों के दल में तीन दंतैल गांवो में पहुंच उत्पात मचा रहा है।

### अब तक 19 लोगों की मौत

हाथियों का दल लगातार ग्रामीणों की जाने ले रहा है, जिस तरह से इन ग्रामीणों को कुचला है, क्षेत्र के ग्रामीणों की दशहत और बढ़ गई है। इधर, अफसरों का कहना है कि बांसकुडा में हाथी पहुंचने की जानकारी ग्रामीणों को थी, इसके बाद भी वे धान की सुरक्षा के लिए चले गए। हाथियों से सामना होने पर उनकी जान चली गई है। डीएफओ ने कहा कि ग्रामीणों को अलर्ट रहने की जरूरत है। पीड़ित परिवार को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई है।

### परिजन बिखलते रहे

मृतक बिसाहू और गोविंद की मौत के बाद परिजन संभल नहीं पा रहे हैं। बिसौहा के दो पुत्री और एक पुत्र है, वह मजदूरी कर परिवार को भरण पोषण करता था। उनके घर भी अधूरा है। वहीं गोविंद का एक पुत्र और एक पुत्री है। गांव से करीब 700 मीटर प्लॉट में वह सब्जी और धान की खेती कर जीविकोपार्जन करता था। बीड़ा बांध कर खेत में रखे थे और मवेशियों से बचाने के लिए दोनों रखवाली करने पहुंचे थे।

# जवान की संदिग्ध मौत, गले पर रस्सी के निशान, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

कोष्टापारा निवासी जवान की संदिग्ध स्थिति में मौत होने के मामले में पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से नया मोड़ आ गया है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस इस प्रकरण में हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

भारत रक्षित वाहिनी 17वीं बटालियन में आरक्षक पद पर पदस्थ नीलेश निर्मलकर पिता रामसिंग उम्र 30 वर्ष नंदी चौक कोष्टापारा निवासी डेढ़-दो माह से घर आया हुआ था। इसी दौरान 5 नवंबर की शाम परिजन उसे उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले गए थे। जहां उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने घटना के संबंध में पुलिस को बताया था। घटना के समय नीलेश घर में अकेला था। उसी दौरान उसे अचानक हिचकी आई। उसके नाक व मुंह से दोपहर में खाया हुआ चावल निकला हुआ था। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए थे, जहां उसकी मौत हो गई। जबकि गले में पड़े रस्सी के निशान आकस्मिक मौत नहीं बल्कि फांसी लगाने के प्रयास करने की ओर इशारा कर रहे थे। जिसके चलते जांच करने वाले डाक्टर ने भी इसे संदिग्ध मौत लिखा था। शव की हालत देख पुलिस भी इसे संदिग्ध मौत मानकर चल रही थी। पुलिस मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी। शव का पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर ने 19 नवम्बर को रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी। इस रिपोर्ट में मृतक जवान के गले में रस्सी का लंबा निशान होने की बात कही गई है। यह निशान फांसी लगाने जैसा न होकर गला दबाने के निशान जैसा होने का संदेह जताया गया है।

सिटी कोतवाली टीआई कोमल सिंह नेताम ने बताया कि 5 नवम्बर को कोष्टापारा निवासी युवक की मौत की सूचना मिली थी। मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा था। रिपोर्ट मिलने पर धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट से घायल युवक की हालत गंभीर



**जगदलपुर।** भाजपा पार्षद द्वारा फेसबुक में की गई पोस्ट पर कमेंट्स करना युवक को महंगा पड़ा। पार्षद के समर्थक व रिश्तेदारों ने कमेंट्स करने वाले युवक को बुलाकर जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से गंभीर युवक का मेकाज में उपचार चल रहा था लेकिन दूसरे दिन भी हालत में सुधार न होता देख उसे देर शाम विशाखापटनम रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक घटनास्थल धरमपुरा मार्ग स्थित नमन हाइट्स के पास रविवार की रात साईं कॉलोनी निवासी युवक अश्वनी राव को कुछ अन्य युवकों ने फेसबुक में किए गए कमेंट्स को लेकर पिटाई कर दी। हमले से उसके जबड़े और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। पीड़ित युवक को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए विशाखापटनम रेफर किया जा रहा है।

## रैक में दबकर दुकान मालिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



प्रिंटिंग प्रेस के मालिक पर अचानक लोहे का रैक गिर गया। इस घटना में दुकान मालिक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय रिसाईपारा निवासी पंकज दीवान 45 वर्ष घर के पास प्रिंटिंग प्रेस की दुकान चलाता था। मंगलवार की शाम युवक दुकान में लोहे के रैक में रखा कार्ड निकालने गया था। उसी दौरान लोहे का भारी भरकम रैक युवक के ऊपर गिर गया। इस घटना में दुकान मालिक वजनदार रैक के नीचे बुरी तरह से दब गया था, जिसे उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया।


**न्यायालय नायब तहसीलदार बरमकेला**
**जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
**नियत पेशी तिथि मे उपस्थित होने हेतु सूचना का प्रकाशन**

राजस्व प्रकरण कमाक 15/अ-27/2017-18
ग्राम झाबड,प.ह.नं. 09

प्रति, श्रीमती निलाकुमारी पिता घासीराम पति तेजराम, जति-अघरिया निवासी देवारभाठा तहसील-सराईपाली, जिला- महासमुन्द (हाल मुकाम सुन्दरनगर प्लाट कमांक 541/8 लहर ब्यूटी पार्लर के सामने) रायपुर (छ.ग.)

विषय: न्यायालय नायब तहसीलदार में मामला क्रमांक 15/अ-27/2017-18 मे उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने बाबत।

एतद द्वारा इस नोटिस के जरीए आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदिका सावित्री बाई बेवा घासीराम जाति अघरिया निवासी ग्राम झाबड हाल मुकाम रामटेक तहसील सारंगढ जिला-रायगढ के द्वारा ग्राम झाबड प.ह.नं. 09 में स्थित कृषि भूमि कुल खसरा नंबर 32 कुल रकबा 10.026 हे. का 1/5 के मान से खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय मे 26.12.2019 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय मे नियत है,पर उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करे। इस पेपर ईश्तहार प्रकाशन के पश्चात अनुपस्थित होना पाये जाने पर आपके विरूद्ध एक पक्षिय कार्यवाही किये जाने पर आप व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार रहेगे ।

आज दिनांक 18.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 18.11.2019
पेशी दिनांक 26.12.2019

(प्रेमा किस्पोट्टा)
नायब तहसीलदार सरियावृत्त
बरमकेला (छ.ग.)


## हार्वेस्टर वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



- पंडरिया-कुकदुर मार्ग में ग्राम अधचरा के पास हुई दुर्घटना

धान कटाई के इस सीजन में बड़ी संख्या में दूसरे राज्यों से जिले में पहुंचे हार्वेस्टरों में से एक मंगलवार की सुबह जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र में दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसमें हार्वेस्टर चालकर सहित एक अन्य सवार के घायल होने की भी खबर सामने आ रही है। दोनों घायलों को कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों जिले में धान कटाई का कार्य जोरों में चल रहा है और धान कटाई के इस सीजन में दूसरे राज्यों से आए बड़ी संख्या में हार्वेस्टर संचालकों ने यहां ढेरा डाल रखा है जो घूम-घूमकर धान की कटाई कर रहे हैं। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह करीब 10.00 बजे इन्ही में से एक हार्वेस्टर चालक पंडरिया से कुकदुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम अधचरा के पास पहुंचा उसका हार्वेस्टर अनियंत्रित हो गया और सीधे सड़क से उतरकर करीब 6-7 फीट नीचे एक खेत में जाकर पलट गया। जिससे हार्वेस्टर चालक तथा एक अन्य सवार गंभीर रूपए से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने दोनो घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदुर पहुंचाया गया वहीं घटना की जानकारी कुकदुर पुलिस को दी गई।


**OFFICE OF THE RAIPUR SMART CITY LIMITED**

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

Online bids are invited for the following of works up to **16/12/2019** at **17:30** hours.

| SI. No. | System Tener No. | NIT NO. | Name of work/Description of work | Tender Amount | EMD Amount | Time Period | Tender Fee |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 58972 | 204/RSCL/2019 RAIPUR DATED 25/11/2019 | Development of Green Corridor, Youth hub and Vending Zone near Anupam Garden, Vandana Auto, RKC | Rs. 1901.67 Lakhs | RS. 14.30 Lakhs | 06 Months (including monsoon season) | Nil |
| 2 | 58984 | 207/RSCL/2019 RAIPUR DATED 25/11/2019 | Renovation and Beautification works at Vivekanand Sarovar Garden | Rs.239.26 Lakhs | Rs.2.0 Lakhs | 08 Months (including monsoon season) | Nil |

NOTE- 1. All the detailed information related to above bids ca be viewed on https://eproc.cgstate.gov.in

MANAGING DIRECTOR
RAIPUR SMART CITY LIMITED
RAIPUR (C.G.)


## कटक से गांजा लेकर मध्यप्रदेश में खपाते थे, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



एनएच-53पर सिंघोड़ा पुलिस ने 40 किलो गांजे के साथ मध्यप्रदेश के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह रियाज ढाबा के सामने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान ओड़िशा की ओर से आ रही एक सफेद टाटा टीएगो क्रमांक एमपी 53 सीए 6365 को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर डिक्की में रखे 40 किलो गांजा बरामद किया गया। कार में सवार करौंदीयाटोला, जिला सीधी मप्र निवासी सिद्धार्थ पिता कमल कुमार गुप्ता (37), अम्बुज पिता प्रेमनारायण द्विवेदी (23) और रामपुर सीधी मप्र निवासी उत्कर्ष पिता पन्नालाल दिवेदी (23) को नारकोटिक्स एक्ट 20 ख के तहत गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 4 नग मोबाइल, नगदी 11350 रूपये की गई। जब्त गांजे की कीमत 2 लाख आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उक्त गांजा कटक ओड़िशा से मध्यप्रदेश क्षेत्र में खपाने ले जा रहे थे।


पंचायत निर्वाचन परिशिष्ट-एक

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**
**(स्थानीय निर्वाचन) रायपुर (छ.ग.)**

// मुद्रण कार्य के लिए निविदा सूचना //

क्रमांक 385/ लेखापाल /2019 दिनांक 21/11/2019

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला रायपुर में पंचायतों के आगामी आम चुनावों के लिए, जनपद पंचायत वार तैयार की गई फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है) मेरे कार्यालय से किसी भी दिन, कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं मेरे कार्यालय में दिनांक 30.11.2019 को अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. फोटोयुक्त मतदाता सूची मुद्रण के लिए कागज रहित दर लेजर प्रिंट, डिजिटल प्रिंट के लिए मंगवाई जावेगी। मुद्रण हेतु कागज इस कार्यालय द्वारा प्रदाय किया जावेगा।
3. निविदा से सम्बधित विस्तृत जानकारी मेरे कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
(स्थानीय निर्वाचन) रायपुर

जी - 75395/1



**कार्यालय - प्राचार्य**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था परपोड़ी**
**जिला - बेमेतरा (छ.ग.)**
मो.नं. 07821-292198, 9406267681, E-mail ID - itiprpd@rediffmail.com. Website-www.itiparpodi.com

क्रमांक:- औप्रस / आईएमसी/स्थाप/भवन/निविदा/2019/ 448 / परपोड़ी, दिनांक 23-11-2019

// निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)//

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था परपोड़ी जिला बेमेतरा (IMC) द्वारा नवीन भवन निर्माण के शेष कार्य हेतु सीलबंद लिफाफे में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रति संस्था में दिनांक 23.11.2019 से दिनांक 20.12.2019 तक उपलब्ध रहेगा। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 20.12.2019 दोपहर 1:00 बजे तक निविदा, निविदा राशि 5000/- (पांच हजार रूपये) के साथ जमा कर सकता है, निविदा की प्रति एवं नियम/शर्ते राज्य स्तरीय वेबसाइट www.cgstate.gov.in एवं जिला स्तरीय वेबसाइट www.bemetara.gov.in तथा www.itiparpodi.com. से Download किया जा सकता है। दिनांक 20.12.2019 दोपहर 1:00 बजे के बाद निविदा स्वीकार नही किया जावेगा। निविदा शास.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था परपोड़ी, बेमेतरा में दिनांक 20.12.2019 को 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जावेगा।

(हरीश शर्मा)
प्राचार्य
आई.टी.आई.परपोड़ी
जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

जी - 75419/2



**संवाद विज्ञप्ति हेतु विवरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उत्तर बस्तर कांकेर अंतर्गत 04 रेत खदान समूहों (द्वितीय चरण) का आबंटन हेतु बंद लिफाफा में बोली आमंत्रित की जा रही है जिसकी विस्तृत जानकारी www.chhattisgarhmines.gov.in, kanker.gov.in, जिला कार्यालय कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर (खनि शाखा), संबंधित ग्राम/जनपद/जिला पंचायत भवन के सूचना पटल से प्राप्त कर सकता है। नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु बोली प्रस्तुत करने की आरंभिक तिथि 16/12/2019 से 23/12/2019 तक इच्छुक बोलीदार नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु जिला कार्यालय (खनिज शाखा) में बोली प्रस्तुत कर सकता है।

जी-75420/2



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना,**
**जल संसाधन विभाग रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 58932/निविदा सूचना क्र. 05/वलेलि/ई-प्रोक्यूरमेंट/ 2019-20

दिनांक. 26/11/2019

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 17/12/2019 समय 17.30 बजे तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम- भाटापारा शाखा नहर की अकोली वितरक नहर का रिसेक्सनिंग एवं सीमेन्ट कांक्रीट लाईनिंग कार्य तथा 04 नग पक्की संरचनाओं का निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत- रूपये 395.37 लाख।**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 03/12/2019 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प.डिसनेट संभाग क्र. 3, तिल्दा
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-75382/2



**OFFICE OF THE PRINCIPAL**
**GOVT. V.Y.T.P.G. AUTONOMOUS COLLEGE, DURG 491001 (C.G.)**
(Former Name — Govt. Arts & Science College, Durg)
NAAC Grade-A+, CPE Phase-Ill, DBT-Star College
Ph.: 0788-2359688, Fax: 0788-2359688
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

SHORT TENDER NOTICE
No. 1569 //GVYTPGAC/TENDER/2019 DT. 22.11.2019
TENDER NOTICE FOR THE SUPPLY OF LABORATORY INSTRUMENTS AND EQUIPMENTS

Govt. V.Y.T.PG College Durg invites sealed tender from reputed manufacturer/authorized dealers for purchase and supply of the following items.

| Item Name | Last date/time of submission of tender form | Date/Time of opening of Technical Bids |
|---|---|---|
| 1. LAB INSTRUMENTS / EQUIPMENT | 27.12.2019 3:00PM | 28.12.2019 & 30.12.2019 |
| 2. SMARTCLASS SETUP | | |
| 3. COMPUTER | | |
| 4. COMPUTER LAB FURNITURE | | |

Interested firm may submit their sealed tender in two bid form i.e. Technical bid and Financial bid as per term and condition of tender documents. The filled-in tender form for each item with tender fee of Rs. 700/- and earnest money of Rs. 5000/- both by demand draft in favor of Principal, Govt.V.Y.T.PG Autonomous College Durg should reach to the office up to above date clearly super scribed "Tender for..............." The tender documents (details of tender notice, instructions, Technical specification of items, term & conditions etc.) may downloaded from our website www.govtsciencecollegedurg.ac.in.

Principal
Govt.V.Y.T.PG Autonomous
College Durg

G-75384/3



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**महानदी जलाशय परियोजना द्वितीय चरण कार्य संभाग**
**रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

**आदेश क्रमांक 2711/व.ले.लि./2019-20,**
**रायपुर दिनांक 25/11/2019**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक 06/व.ले.लि./निविदा सिस्टम क्रमांक 44652 दिनांक 22.09.2018 नम्बर प्रथम आमंत्रण रायपुर जिले के विकास खण्ड-आरंग की राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना के दायें हिस्से में डाऊन स्ट्रीम फ्लोर का निर्माण कार्य, ओगी वियर का निर्माण कार्य, बायें हिस्से में डाऊन की ओर आर.सी.सी. रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। लागत 505.45 लाख अपरिहार कारणों से निरस्त किया जाता है।

**जी नम्बर- 55781**

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. द्वितीय चरण कार्य संभाग
रायपुर (छ.ग.)

जी-75386/5



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/एन.एच.एम./मुचिअ/2017/6829 नारायणपुर, दिनांक 25/11/2019

Walk-in Interview

कलेक्टर महोदय, जिला नारायणपुर के अनुमोदन दिनांक 25/11/2019 के तहत जिला खनिज न्यास निधि से विभिन्न विशेषज्ञ विषयों के चिकित्सा विशेषज्ञ (संविदा), पदों की नियुक्ति हेतु 11 दिसंबर 2019 को प्रातः 10 बजे से 5.00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला नारायणपुर में Walk-in-Interview आयोजित किया है।

| S. No. | Name of Post | Total | UR | Essential Educational Qualifiactionb |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Medical Specialist | 02 | 1 | Essential Qualification-MBBS & PG Degree/Diploma in respective specialty with registration in concerned medical council Salary Negotiable, as per essential qualification & Clinical work experience from Rs. 2.50 to 3.00 lac's/Month |
| 2 | Specialist Pediatrician | 01 | 1 | |
| 3 | Obstetric & Gynecologist Specialist | 02 | 1 | |
| 4 | ENT Specialist | 01 | 1 | |
| 5 | Orthopedics Specialist | 01 | 1 | |
| 6 | Radiologist | 01 | 1 | |
| 7 | Anaesthesiologist | 01 | 1 | |

अभ्यर्थी विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें कार्यालयीन सूचना पटल, विभागीय वेबसाइड www.narayanpur.gov.in में विज्ञापन का प्रारूप देख सकते हैं एवं अधिक जानकारी हेतु ई-मेल cmho.narayanpur@gmail.com में व मोबाईल नमं 9425593287/9407601776, 07781-252483 पर संपर्क करें।


मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-नारायणपुर

G-75397/1

## खबर संक्षेप

### ओयो होटल्स का घाटा बढ़कर 2,385 करोड़

**नई दिल्ली।** होटल कंपनी ओयो होटल्स एंड होम्स को 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्त वर्ष में 2,384.69 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ।



ओयो होटल्स द्वारा कंपनी पंजीयक के पास जमा मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार इससे पूर्व वित्त वर्ष में कंपनी को 360.43 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी की परिचालन आय 2018-19 में बढ़कर 6,456.90 करोड़ रुपए रही जो इससे पूर्व वित्त वर्ष में 1,413.02 करोड़ रुपए थी।

### साइबर सुरक्षा पर उन्नत कार्यक्रम जल्द


**हैदराबाद।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान , कानपुर (आईआईटी - कानपुर) ने साइबर सुरक्षा एवं साइबर रक्षा पर एक उन्नत ' सर्टिफिकेट प्रोग्राम' शुरू करने की घोषणा की। इसके लिए उसने



टैलेंटस्प्रिंट के साथ साझेदारी की है। आईआईटी कानपुर के कार्यक्रम निदेशक और कंप्यूटर साइंस के प्राध्यापक मनिंद्र अग्रवाल ने यहां मीडिया से कहा , यह कार्यक्रम साइबर सुरक्षा प्रौद्योगिकियों में हो रहे नए - नए बदलावों को जानने के इच्छुक पेशेवरों के लिए तैयार किया गया है।

### विस्तार, एसबीआई ने पेश किया क्रेडिट कार्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक और एयरलाइन कंपनी विस्तार ने एक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड पेश किया। इसके जरिए उपयोगकर्ता



मुफ्त टिकट रद्द करने , लाउंज सेवा और अतिरिक्त फ्लाइर प्वाइंट जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। विस्तार ने कहा , कई लाभ और सुविधाओं के साथ ' क्लब विस्तार एसबीआई ' कार्ड के दो संस्करण पेश किए गए हैं। इसमें मुफ्त टिकट रद्द करने , क्लब विस्तार सिल्वर / बेस श्रेणी की मेंबरशिप और यात्रा की श्रेणी को अपग्रेड करने के लिए वाउचर जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

### डालर के मुकाबले रुपया 24 पैसे बढ़ा

**मुंबई।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध पर विराम लगने की उम्मीद बढ़ने और विदेशी मुद्रा प्रवाह जारी रहने से भारतीय रुपया 24 पैसे की जोरदार वृद्धि के साथ



71.50 रुपए प्रति डालर पर पहुंच गया। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में कारोबार की शुरुआत में रुपया 71.67 रुपए प्रति डालर पर मजबूत खुला। सत्र के दौरान यह 71.49 से 71.68 रुपए प्रति डालर के दायरे में रहा और अंत में पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले 24 पैसे बढ़कर 71.50 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ।

### एचसीसीबी की सबा मुख्य खरीद अधिकारी

**बेंगलुरु।** रोजमर्रा उपयोग की वस्तुएं बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनी हिंदुस्तान कोका - कोला बेवरेजेज (एचसीसीबी) ने सबा शर्मा को मुख्य खरीद अधिकारी और प्रीति बलवानी को विधि सलाहकार (जनरल काउंसल) नियुक्त करने की घोषणा की। हिंदुस्तान कोका - कोला बेवरेजेज ने कहा कि दोनों शीर्ष नेतृत्वकर्ता टीम का हिस्सा होंगी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) क्रिस्टीना रूगिएरो को रिपोर्ट करेंगी। सबा शर्मा एचसीबीसी से जुड़ने से पहले प्रॉक्टर एंड गैंबल के साथ काम कर रही थीं।

# कार खरीदारों में पहली बार ऑल्टो ने बनाया दबदबा, 38 लाख के पार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आर्थिक सुस्ती झेल रही देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, मारुति सुजुकी की छोटी कार ऑल्टो ने 38 लाख का बिक्री आंकड़ा पार कर लिया है। मारुति की ओर से जारी बयान की मानें तो पहली बार कार खरीदने वाले ग्राहकों में ऑल्टो का दबदबा है।

- कंपनी ने यह कार 2000 में बाजार में उतारी थी

इसकी जानकारी देते हुए मारुति के कार्यकारी निदेशक (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, 'बेहतर डिजाइन, आसान परिचालन, उच्च ईंधन क्षमता, उन्नत सुरक्षा उपायों और आसान रखरखाव के चलते ऑल्टो पहली बार कार खरीदने वाले ग्राहकों की पहली पसंद रही है।'

## देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी है मारुति सुजुकी

### लगातार 15 साल ऑल्टो का जलवा

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने बताया कि ऑल्टो लगातार 15 साल तक भारत की सबसे बेहतर बिक्री वाली कार बनी रही। यहां बता दें कि ऑल्टो ने 10 लाख का बिक्री आंकड़ा 2008 में पार कर लिया था। इसके बाद 2012 में 20 लाख और 2016 में 30 लाख कारों के आंकड़े को पार कर लिया। वहीं कंपनी ने यह कार 2000 में बाजार में उतारी थी.



### बीएस6 ऑल्टो हो चुकी है लांच

मारुति ने इस साल बीएस6 मानकों पर खरी उतरने वाली ऑल्टो को पेश किया है जिसकी ईंधन दक्षता 22.05 किलोमीटर प्रति लीटर तक है. इसमें एयर बैग, ताला-तोड़ रोधक प्रणाली और उन्नत ब्रेक प्रणाली के साथ ही रिवर्स पार्किंग सेंसर, स्पीड वार्निंग और चालक और सह-चालक दोनों के लिए सीट बेल्ट की याद दिलाने वाली प्रणाली सहित तमाम नए उपाय किए गए हैं। मारुति ऑल्टो का यह नया मॉडल विभिन्न श्रेणियों में सीएनजी ईंधन विकल्प के साथ 2.89 लाख से लेकर 4.09 लाख रुपए में उपलब्ध है।

### आर्थिक सुस्ती झेल रही मारुति

बता दें कि डिमांड में कमी की वजह से मारुति सुजुकी ने लगातार 9वें महीने अक्टूबर में अपने पैसेंजर व्हीकल के उत्पादन में कटौती की है। अक्टूबर में कंपनी ने कुल 1,19,337 वाहन बनाए, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने कंपनी ने 1,50,497 वाहन बनाए थे। वहीं बिक्री में भी लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। हालांकि फेस्टिव सीजन में इंडस्ट्री को थोड़ा बूस्ट जरूर मिला है।

## पेट्रोल पंप के लिए नई उदारीकृत नीति घोषित

# कंपनियों को लगाने होंगे कम से कम 100 पेट्रोल पंप, 5 फीसदी दूरदराज क्षेत्र में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने ईंधन क्षेत्र में नई उदारीकृत खुदरा नीति जारी की है। इसके तहत ईंधन की खुदरा बिक्री के क्षेत्र में उतरने वाली कंपनियों को देशभर में कम से कम 100 पेट्रोल पंप लगाने होंगे और उनमें से पांच प्रतिशत पेट्रोल पंप दूरदराज इलाकों में होने चाहिए। सरकार ने पिछले महीने ही कंपनियों के लिए पेट्रोल पंप खोलने के नियमों में ढील दी थी। सरकार ने गैर-पेट्रोलियम कंपनियों को इस क्षेत्र में उतरने की अनुमति दी है। नई नीति के मुताबिक देश में पेट्रोल पंप का लाइसेंस पाने के संशोधित प्रावधानों के तहत संबंधित कंपनी को न्यूनतम 100 पेट्रोल पंप लगाने होंगे।

### राजपत्र में अधिसूचना जारी

इन पेट्रोल पंप में कम से कम पांच प्रतिशत दूरस्थ इलाके में होने चाहिए। एक राजपत्र अधिसूचना में पेट्रोल पंप लगाने के संशोधित प्रावधानों की जानकारी दी गई है। इसके तहत लाइसेंस पाने वाली कंपनी को पेट्रोल पंप का परिचालन शुरू होने के तीन साल के भीतर सीएनजी, बायो ईंधन, एलएनजी, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन आदि जैसे वैकल्पिक माध्यमों में से किसी एक के विपणन की सुविधा भी लगानी होगी। सरकार ने पेट्रोल पंप पाने का आवेदन शुल्क 25 लाख रुपए तय किया है। अधिसूचना के अनुसार, लाइसेंस मिलने के पांच साल के भीतर कंपनी को देश भर में कम से कम 100 पेट्रोल पंप खोलने होंगे जिनमें कम से कम पांच प्रतिशत पेट्रोल पंप दूरस्थ इलाकों में अवस्थित होने चाहिए।

**खास बातें**

- पेट्रोल पंप खोलने के नियमों में दी गई ढील
- गैर-पेट्रोलियम कंपनियों को उतरने की अनुमति
- पेट्रोल पंप का लाइसेंस पाने नियमों में संशोधन



### कंपनी का न्यूनतम नेटवर्थ अब 250 करोड़ होना चाहिए

इससे पहले पेट्रोल पंप के लिए लाइसेंस पाने के लिए एक कंपनी को पेट्रोलियम क्षेत्र में दो हजार करोड़ रुपए निवेश करने की जरूरत होती थी। अधिसूचना के अनुसार, 'पेट्रोलियम उत्पादों के खुदरा विपणन का लाइसेंस पाने के लिए आवेदन करते समय कंपनी का न्यूनतम नेट वर्थ 250 करोड़ रुपए होना चाहिए।'

### अरामको देश में आने तैयार

बीपी ने भी रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ मिलकर पेट्रोल पंप खोलने के वास्ते भागीदारी की है। हालांकि कंपनी ने अभी तक औपचारिक तौर पर आवेदन नहीं किया है। पुमा एनर्जी ने खुदरा लाइसेंस के लिए आवेदन किया है जबकि अरामको क्षेत्र में उतरने के लिए बातचीत कर रही है।

### देश में चल रहे 66,408 पेट्रोल पंप

फिलहाल देश में वर्तमान में चल रहे 66,408 पेट्रोल पंपों में से ज्यादातर पंप सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के ही हैं।

### रिलायंस 1400 पेट्रोल पंप चला रही

इनके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, न्यारा एनर्जी (पूर्व में एस्सार आयल) और रायल डच शेल निजी क्षेत्र की कुछ कंपनियां भी पेट्रोल पंप चला रही हैं लेकिन उनकी मौजूदगी बहुत कम हे। रिलायंस के 1,400 पेट्रोल पंप हैं जबकि उसकी सहयोगी बीपी ने भी 3,500 पेट्रोल पंप के लिये आवेदन किया है लेकिन अभी शुरू नहीं किये हैं। शेल के 167 पेट्रोल पंप ही हैं।

# ओप्पो के नए ऑपरेटिंग सिस्टम 'कलर ओएस7' में निजता पर जोर

## डॉक वॉल्ट, प्राइवेट सेफ जैसे कई फीचर जोड़े गए हैं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्मार्टफोन बनाने वाली चीन की कंपनी ओप्पो ने अपने नए ऑपरेटिंग सिस्टम 'कलर ओएस7' को यहां एक विशेष समारोह में वैश्विक बाजार के लिए पेश किया। इसमें निजता को प्रमुखता देने वाले डॉक वॉल्ट, प्राइवेट सेफ जैसे कई फीचर जोड़े गए हैं। कलर ओएस के वरिष्ठ प्रधान इंजीनियर मनोज कुमार ने 'डॉक वॉल्ट' के बारे में कहा, इस ऐप के लिए सूचना प्रौद्योगिक और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के साथ साझेदारी की गई है और ओप्पो ऐसा करने वाली पहली स्मार्टफोन कंपनी है। इस ऐप को सरकार की 'डिजि लॉकर' सेवा के साथ एकीकृत करके तैयार किया गया है। डॉक वॉल्ट में ग्राहक अपने ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेजों को डिजिटल स्वरूप में रख सकते हैं।

- ऐप के लिए मंत्रालय के साथ साझेदारी करने वाली पहली कंपनी



### प्राइवेट सेफ फीचर जोड़ा गया

निजता पर जोर देते हुए कंपनी ने अपने इस ऑपरेटिंग सिस्टम में 'प्राइवेट सेफ' फीचर भी जोड़ा है। ऐसे ऐप इस्तेमाल करने बहुत सारी मंजूरियां देनी पड़ती हैं और फिर वह ऐप पीछे से आपकी कई सारी जानकारियां इस्तेमाल करते रहते हैं। प्राइवेट सेफ मोड को शुरू करने के बाद ऐसे एप फोन से आपकी जानकारियां नहीं इस्तेमाल कर पाते।

इस ऐप को लेकर डाटा निजता उल्लंघन से जुड़ी चिंताओं के बारे में कुमार ने कहा कि 'डॉक वॉल्ट' ऐप पूरी तरह से कूट भाषा (इनक्रिप्टेड) में तैयार की गई है। कंपनी ने यह ऐप सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप तैयार की है।

# होंडा मोटरसाइकिल के मानेसर कारखाने में उत्पादन बहाल

## ठेका श्रमिकों का आंदोलन जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने मंगलवार को कहा कि उसके मानेसर संयंत्र में स्थायी श्रमिकों के साथ उत्पादन का काम फिर शुरू हो गया है। हालांकि नौकरी से निकाले गए ठेका कर्मचारी अब भी संयंत्र के बाहर आंदोलन जारी रखे हुए हैं। दोपहिया वाहन बनाने वाली जापान की कंपनी होंडा ने अपने इस संयंत्र में नवंबर के पहले हफ्ते में कामकाज बंद कर दिया था।

- कंपनी ने नवंबर के पहले हफ्ते में काम बंद किया था

200 ठेका मजदूरों को काम से निकाले जाने को लेकर श्रमिकों ने हड़ताल कर दी थी। इस कारखाने में 1,900 स्थायी और 2,500 ठेका श्रमिक हैं। कंपनी में पांच नवंबर से हड़ताल की स्थिति चल रही थी। उस दिन कथित रूप से कंपनी के प्रबंधकों ने कुछ ठेका मजदूरों को प्रवेश नहीं करने दिया था। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'कंपनी ने 22 नवंबर को मानेसर संयंत्र में उत्पादन फिर शुरू करने का निर्णय किया। सभी स्थाई कर्मचारियों को 25-28 नवंबर के बीच में चार चरणों में ड्यूटी पर आने के लिए कह दिया गया है।

### कर्मचारियों के वापस आने का क्रम जारी

बयान में कहा गया है कि कर्मचारियों के समयबद्ध तरीके से वापस आने का क्रम शुरू हो गया है। इसके चलते उत्पादन शुरू हो गया है। एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने पर सामान्य गति से उत्पादन होने लगेगा। वहीं दूसरी तरफ कर्मचारी संगठन ने कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाया कि संयंत्र पर काम फिर शुरू करके वह गलत कर रही है।

## आवास बुकिंग के लिए अंतिम तीन दिन शेष

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के घर बुकिंग केन्द्र में लोगों ने कराई अपने आशियाने की बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के निर्मित रिक्त आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों के मूल्य में कमी की योजना के लिए व्हाइट हाउस नगर निगम गाडन तथा प्रदेश के सभी 18 डिविजनों में शुरू किए गए घर बुकिंग केन्द्रों में दूसरे दिन भी लोगों ने अपने सपनों के आशियाने की बुकिंग कराई। इसे लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

- मूल्यों पर 15 से 20 प्रतिशत की कमी
- ऑन द स्पॉट फायनेंस की सुविधा

यह बुकिंग केन्द्र आगामी 30 नवंबर तक जारी रहेगा। गौरतलब है कि मंडल द्वारा अपने आवासीय एवं व्यावसायिक मकानों के मूल्यों पर 15 से 20 प्रतिशत की कमी की गई है। इसके साथ ही विभिन्न निर्मित योजनाओं में चिन्हित आवासीय एवं व्यावसयिक भवनों को प्रारंभिक मूल्य (बेस प्राइज) में बेचा जा रहा है। घर बुकिंग केन्द्र रायपुर में घर बुक कराने के साथ आसानी से होम लोन लेने की सुविधा भी दी जा रही है। जहां प्रमुख विभिन्न 8 राष्ट्रीयकृत बैंकों ने स्टॉल लगाया है। आवास ऋण प्राप्त करने आवेदकों को विस्तार से संपूर्ण जानकारी इनके द्वारा दी जा रही है। यदि पंजीयन कर्ता के समक्ष सभी दस्तावेज हो तो ऑन द स्पॉट लोन स्वीकृति भी प्रदान की जा रही है। मंडल द्वारा इस केन्द्र में साइट विजिट के लिए आवास रथ की व्यवस्था की गई है। जिससे लोगों को कम कीमत पर घर देख कर अपनी पसंद का घर लेने की सुविधा होगी। मंडल के ये भवन पहले आओं पहले पाओ योजना के अंतर्गत है। जिसका लाभ लेने घर की बुकिंग/पंजीयन बड़ी संख्या में लोगों द्वारा कराई जा रही है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के आयुक्त भीम सिंह (आईएएस) ने घर बुकिंग केन्द्र में लोगों की भीड़ एवं उत्साह को देख कर मंडल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ लोगों के घर लेने में सहायता करने को कहा है।



**कई शहरों में बुकिंग केंद्र बनाए गए:** सिंह ने बताया कि राज्य के विभिन्न शहरों के प्रमुख स्थानों पर इसी तरह के घर बुकिंग केन्द्र बनाए गए है। जहां से आम जन को मंडल द्वारा दी जा रही भवनों के मूल्यों में कमी की विस्तृत जानकारी के साथ घरों के आवेदन/पंजीयन बेचे जा रहें है।



### पहले दिन ही 31 घरों का आवंटन

भवनों के मूल्यों में कमी की इस योजना की जानकारी लोगों तक पहुंचाने एवं व्यापक प्रचार-प्रचार के लिए आवास रथ/ई-रिक्षा का उपयोग किया जा रहा है, जिससे कम कीमतों में घर का लाभ जरुरतमंद लोगों को ज्यादा से ज्यादा मिल सकें। घर बुकिंग केन्द्रों में पहले दिन में ही 31 घर का आबंटन किया गया, जिनका मूल्य राशि रु. 5.68 करोड़ है।

## मुनाफावसूली से सेंसेक्स रिकार्ड ऊंचाई से नीचे गिरा

**मुंबई।** बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स नई ऊंचाई पर पहुंच कर नीचे आ गया और सोमवार के मुकाबले 68 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार के जानकार लोगों के अनुसार देश की आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता और महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच दूरसंचार, आईटी और वाहन कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। कारोबार के दौरान 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स गिरावट के साथ 40,821.30 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 36.05 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 12,037.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में भारती एयरटेल रही। इसमें 4.34 प्रतिशत की गिरावट आई।

## रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर जैन ने किया सावधान

# मुद्रा ऋण योजना में बढ़ते एनपीए पर चिंता व्यक्त

एजेंसी ⏭ मुंबई

रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एमके जैन ने बैंकों को सावधान करते हुए कहा कि उन्हें मुद्रा ऋण योजना पर नजर रखनी चाहिए। इस क्षेत्र में फंसी कर्ज राशि 3.21 लाख करोड़ रुपए से ऊपर निकल गई है इसलिए बैंकों को ऐसे कर्ज की कड़ी निगरानी करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अप्रैल 2015 में मुद्रा ऋण योजना की शुरुआत की थी। मुद्रा योजना के तहत छोटे कारोबारियों, गैर-कृषि सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों और गैर-कंपनी व्यवसायियों को 10 लाख रुपए तक का कर्ज उपलब्ध कराया जाता है।

- फंसी कर्ज राशि 3.21 लाख करोड़ रु. से ऊपर निकली



### मुद्रा कर्ज पर नजर रखने की जरूरत

योजना के तहत ऐसे उद्यमों को कर्ज देने की व्यवस्था की गई है जिन्हें क्रेडिट रेटिंग नहीं होने की वजह से बैंकों से औपचारिक कर्ज नहीं मिल पाता है। जैन ने यहां सूक्ष्म वित्त पर आयोजित सिडबी के एक कार्यक्रम में कहा, मुद्रा कर्ज पर नजर रखने की जरूरत है।

### कई लाभार्थियों को गरीबी से बाहर निकलने में मदद

जैन ने कहा, जहां एक तरफ इस पहल से कई लाभार्थियों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली है वहीं इनमें कुछ कर्जदारों में गैर- निष्पादित राशि (एनपीए) के बढ़ते स्तर को लेकर चिंता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि बैंकों को ऐसे कर्ज देते समय आवेदन पत्रों की जांच परख करने के स्तर पर ही लेनदार की भुगतान क्षमता का बेहतर तरीके से आकलन कर लेना चाहिए।

### 2015 से इस योजना की शुरुआत

ऐसे कर्ज की अधिक नजदीकी के साथ निगरानी होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में इस योजना की शुरुआत होने के एक साल के भीतर ही रिजर्व बैंक के तत्कालीन गवर्नर रघुराम राजन ने चेतावनी देते हुए योजना में संपत्ति की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई थी लेकिन तब वित्त मंत्री रहे अरुण जेटली ने उनकी इस चिंता को खारिज कर दिया।

### एनपीए पिछले साल से 2.68 फीसदी बढ़ा

सरकार ने जुलाई में संसद को सूचित करते हुए कहा था कि मुद्रा योजना में कुल एनपीए 3.21 लाख करोड़ रुपए से अधिक पहुंच चुका है। यह वित्त वर्ष 2018- 19 में इससे पिछले साल के 2.52 प्रतिशत से बढ़कर 2.68 प्रतिशत पर पहुंच चुका है। योजना शुरू होने के बाद जून 2019 तक 19 करोड़ कर्ज इसमें बांटे गए जिसमें से मार्च 2019 तक 3.63 करोड़ खाते समय पर कर्ज चुकाने में असफल रहे।

## बिजनेस साइट

### डिटॉक्सिफिकेशन बदल रहा है लोगों की जिंदगी, मिल रही दवाओं से मुक्ति



**रायपुर।** स्वस्थ रहने के लिए आजकल लोगों में डिटॉक्सिफिकेशन का चलन जोरों पर है। भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास खुद के लिए बहुत कम समय होता है। वहीं पौष्टिक भोजन की कमी, धूम्रपान व शराब का सेवन शरीर में टॉक्सिन की मात्रा बढ़ा देता है, लेकिन शरीर को अंदर से साफ करने का सबसे अच्छा उपाय है डिटॉक्सिफिकेशन। लोग अब अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन के लिए डिटॉक्सिफिकेशन को अपनी लाइफस्टाइल में शामिल कर रहे हैं, और इसके लिए रायपुरियंस ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मध्य भारत से लोग छत्तीसगढ़ में बारनवापारा स्थित फाइव लोटस इंडो जर्मन नेचर क्योर सेंटर में आ रहे हैं। डिटॉक्स शरीर और दिमाग को स्वस्थ और तरोताजा रखने की प्रक्रिया है। बॉडी डिटॉक्सिफिकेशन के कई तरीके हैं जैसे कोलोन हाइड्रोलॉजी, बनाना लीफ थेरेपी आदि। फाइव लोटस इंडो जर्मन नेचर क्योर सेंटर में डॉक्टर्स के अनुसार अगर कोई लगातार थका हुआ महसूस करता है या तनावग्रस्त, लगातार सिरदर्द और आसानी से सर्दी-जुकाम- बुखार या इन्फेक्शन होता रहता है। पाचन असहज और अनियमित है या फिर जो लोग मोटापे के शिकार हैं। ऐसे सभी लोगों को डिटॉक्सिफिकेशन को अपनाना चाहिए ताकि दवाओं पर उनकी निर्भरता कम हो सके।

- बारनवापारा स्थित फाइव लोटस इंडो जर्मन नेचर क्योर सेंटर

खबर संक्षेप



## सिंधू, ताइ जू के लिए लगी 77 लाख की बोली

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन पीवी सिंधू को यहां प्रीमियर बैडमिंटन लीग के पांचवें सत्र की नीलामी में मंगलवार को हैदराबाद हंटर्स ने 77 लाख रुपये की बोली लगाकर अपने साथ बरकरार रखा। दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग के लिए गत चैंपियन बेंगलुरू रैपटर्स ने 77 लाख रुपये की संयुक्त रूप से सर्वोच्च बोली लगाई। रैपटर्स ने बोली में पुणे 7 एसेस को पछाड़कर ताइ जू को अपने साथ जोड़ा। भारत के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल बी साई प्रणीत को रैपटर्स की टीम ने 32 लाख रुपये खर्च करके अपने साथ बरकरार रखा। चेन्नई सुपरस्टार्ज ने पुरुष युगल खिलाड़ी बी सुमित रेड्डी को 11 लाख रुपये जबकि पुणे 7 एसेस ने चिराग शेट्टी को 15 लाख 50 हजार रुपये खर्च करके अपने साथ जोड़े रखा।


## भारत अंडर-19 टीम को अफगानिस्तान ने हराया



**लखनऊ।** बल्लेबाजों के गैरजिम्मेदराना प्रदर्शन के कारण भारतीय अंडर-19 टीम को कम स्कोर वाले तीसरे युवा एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में मंगलवार को यहां अफगानिस्तान से तीन विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा जो पांच मैचों की श्रृंखला में उसकी पहली हार है। श्रृंखला का चौथा मुकाबला 28 नवंबर को खेला जाएगा। भारतीय टीम 49 ओवर में 152 रन आउट हो गयी। अफगानिस्तान अंडर19 ने 46.2 ओवर में 155 रन बनाकर तीन विकेट से मैच अपने नाम किया। भारतीय टीम हालांकि पहले दोनों मैच जीतने के कारण श्रृंखला में 2-1 से आगे है।

## धोनी पर कयास लगाने के बजाय आईपीएल तक का इंतजार करें: शास्त्री

**कोलकाता।** टी20 फॉर्मेट में भारतीय टीम की निगाह अब अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले वर्ल्ड कप पर है। क्रिकेट फैन्स और जानकारों की नजरें इन दिनों महेंद्र



सिंह धोनी पर हैं क्योंकि धोनी 2019 वर्ल्ड कप के बाद से ही मैदान पर दिखाई नहीं दिए हैं। सीमित ओवर क्रिकेट खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान करीब 4 महीने से ब्रेक पर हैं और इंटरनैशनल क्रिकेट में वह वापसी कब करेंगे यह भी एक अबूझ पहेली बनी हुई है। इस बीच टीम इंडिया के कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि लोगों को धोनी पर कोई भी राय बनाने से पहले आईपीएल 2020 तक इंतजार करना चाहिए।

## बीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के कोच बने क्लिंगर



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व टी20 बल्लेबाज माइकल क्लिंगर को बिग बैश लीग टी20 टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए मेलबर्न रेनेगेड्स का कोच बनाया गया है। क्लिंगर ने कहा कि मौजूदा बीबीएल चैंपियन टीम को कोचिंग देने का मौका मिलना बड़े सम्मान की बात है। क्लिंगर ने पिछले सत्र में बीबीएल से संन्यास ले लिया था। वह बीबीएल के इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। इस टी20 टूर्नामेंट में उनके नाम पर आठ सत्र में एक शतक और 12 अर्धशतक की मदद से 1947 रन दर्ज हैं। खबर के अनुसार एडिलेड स्ट्राइकर्स और पर्थ स्कोरचर्स का भी हिस्सा रह चुके 39 बरस के क्लिंगर एंड्रयू मैकडोनाल्ड की जगह लेंगे जिन्हें आस्ट्रेलिया का सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

### क्रिकेट : भारतीय टीम के 360 अंक के साथ शीर्ष पर

# टेस्ट चैंपियनशिप में टीम इंडिया के प्वाइंट के बराबर नहीं दुनिया की टीमों के प्वाइंट




**खास बातें**

- ऑस्ट्रेलिया 116 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर
- सबके पॉइंट मिलाकर भी भारत से कम
- टीम इंडिया ने लगातार सात टेस्ट मैच जीतकर बनाया रिकार्ड
- टेस्ट में टॉप 10 बल्लेबाजों में भारत के चार बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम हर टेस्ट सीरीज के साथ ही नई ऊंचाइयां छू रही है इसके साथ ही टीम आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में भी टॉप पर बनी हुई है। रविवार को बांग्लादेश पर जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम के 360 अंक हो गए हैं।

खास बात है कि बाकी दूसरी टीमों के टैली को देखें तो भारत के पॉइंट उन सभी के संयुक्त पॉइंट से भी ज्यादा हैं। जानकारों का कहना है कि भारतीय क्रिकेट टीम 2021 में होने वाले टाइटल मैच (यूके) के फाइनलिस्ट में होगी। ऑस्ट्रेलिया 116 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

### टेस्ट मैच में अपराजेय रही टीम

टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत से भारत ने सात में से सात में जीत दर्ज की है। हालांकि इनमें से पांच सीरीज भारत में ही हुईं जिसका टीम ने फायदा उठाया। इस लिहाज से टेस्ट में भारतीय टीम अपराजेय रही है। बाहर होने वाले दो टेस्ट वेस्ट इंडीज के साथ थे जिसमें भारत को ज्यादा जहमत नहीं उठानी पड़ी।

### टीम खुद को मजबूत करने का विचार न छोड़े

भारत ने अपनी ही मैदान में साउथ अफ्रीका की टीम को पस्त कर दिया। इसके अलावा बांग्लादेश के खिलाफ भी भारतीय टीम शानदार जीत दर्ज करने में कामयाब रही। हालांकि भारतीय टीम को इन आसान जीतों से अपने आपको और मजबूत करने का विचार नहीं छोड़ना चाहिए। इन जीतों से टीम की मजबूती, कौशल और प्रतिभा का पता चलता है।

### टॉप-10 में चार भारतीय बल्लेबाज

आज टेस्ट टेस्ट टॉप 10 में चार भारतीय बल्लेबाज हैं। एवरेज की बात करें तो इसमें मयंक अग्रवाल, अजिंक्य रहाणे, विराट कोहली, और रोहित शर्मा शामिल हैं। हालांकि स्टीव स्मिथ अब भी टॉप पर बने हुए हैं। आगे भारत का ग्राफ भले ही थोड़ा डगमगा जाए लेकिन टीम से आगे निकलना बहुत ही मुश्किल है।

### दो गेंदबाज भी टॉप-10 में

गेंदबाजों की बात करें तो दो ही गेंदबाज टॉप 10 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। मोहम्मद शमी और ईशांत इस लिस्ट में शामिल हैं। जसप्रीत बूमराह में भी इसमें शामिल हो सकते थे लेकिन वह पांच घरेलू टेस्ट मैच नहीं खेल पाए।

## शीर्ष 20 में जगह बनाना मेरे लिए डकार रैली जीतने जैसा : संतोष



**नई दिल्ली।** अपनी सीमाओं से अच्छी तरह से वाकिफ भारत के चोटी के राइडर सीएस संतोष का मानना है कि अगले साल होने वाली डकार रैली में शीर्ष 20 में जगह बनाना उनके लिये विश्व की सबसे मुश्किल रैली को जीतने जैसा होगा जो पहली बार सऊदी अरब में आयोजित की जाएगी। अगली डकार रैली सऊदी अरब में होगी जिसमें चालकों को कुल 7500 मीटर का दुर्गम रास्ता तय करना होगा। यह रैली 12 चरणों में होगी।

### डकार रैली के लिए टीम घोषित

हीरो मोटोस्पोर्ट्स ने 2020 डकार रैली के लिये मंगलवार को अपनी चार सदस्यीय टीम घोषित की जिसमें संतोष के अलावा जोकिम रोड्रिग्स, ओरियल मेना और पाउलो गोंजालेज शामिल हैं। भारत के 35 वर्षीय राइडर संतोष तीसरी बार इस रैली में भाग लेंगे। वह 2018 में 34वें स्थान पर रहे थे जबकि 2019 में उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। संतोष ने एक साक्षात्कार में कहा कि मुझ जैसा खिलाड़ी कभी डकार जीतने का लक्ष्य नहीं रखता लेकिन मैं शीर्ष 20 में भी शामिल रहा जो कि बहुत अच्छा है।

## स्मिथ के करीब पहुंचे विराट मयंक पहली बार टॉप 10 में




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी ने मंगलवार को टेस्ट रैंकिंग जारी की है। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर मयंक अग्रवाल ने अपने दोहरे शतक और जबर्दस्त बल्लेबाजी की बदौलत टॉप 10 में जगह बना ली है।

बल्लेबाजी के मामले में स्टीव स्मिथ 931 अंकों के साथ टॉप पर हैं और बेन स्टोक नंबर 9 पर पहुंच गए हैं। इस रैंकिंग में विराट कोहली नंबर दो पर हैं। मंगलवार को आईसीसी ने रैंकिंग जारी की है जिसमें टॉप 10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी मौजूद हैं। इसमें विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे और मयंक अग्रवाल का नाम है।

### मयंक ने लगाई छलांग

*मयंक अग्रवाल पहले 13वें स्थान पर थे लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाने के बाद वह 10वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं रोहित शर्मा तीन स्थान नीचे चले गए हैं और टॉप 10 में जगह नहीं बना पाए। इसमें पांच स्थानों तक कोई बदलाव नहीं हुआ है। विराट और स्टीव स्मिथ के बीच अब तीन अंक का ही अंतर रह गया है।*



### उमेश-इशांत को हुआ फायदा

*गेंदबाजी की बात करें तो बांग्लादेश के खिलाफ पिंक टेस्ट में शानदारी बोलिंग करने वाले उमेश यादव और इशांत शर्मा को फायदा हुआ है। इशांत अब 22 से 17वें स्थान पर आ गए हैं और उमेश यादव 24 से 21वें स्थान पर आ गए हैं। इस रैंकिंग में 907 अंकों के साथ कमिंस नंबर वन पर और दूसरे नंबर पर कगीसो रबाडा काबिज हैं। पांचवें नंबर पर जसप्रीत बुमराह का नाम है। रविचंद्रन अश्विन 9वें नंबर पर हैं।*

## वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व रिकार्ड बनाने उतरेगा अफगानिस्तान

**लखनऊ।** टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के बाद भारत को छोड़कर अन्य टीमों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करने वाली अफगानिस्तान की टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जीत दर्ज करके विश्व रिकार्ड बनाने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज की टीमें लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में यह मैच खेलेंगी। अफगानिस्तान इसे घरेलू मैदान के तौर पर उपयोग कर रहा है।

**जिसके बल्लेबाज टिके, जीत उसी की :** स्पिनरों के माफिक पिच पर बल्लेबाजों को टिककर खेलने का माद्दा दिखाना होगा। जो टीम इसमें ज्यादा सफल होगी, बाजी उसी के हाथ लगने की सम्भावना है। अफगानिस्तान पर नजर डालें तो वनडे और टी—20 सीरीज में रहमत शाह को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज टिककर खेलने की क्षमता नहीं दिखा सका। दूसरी ओर, आलराउंडर जैसन होल्डर की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज के पास शाई होप, क्रेग ब्रेथवेट और रोस्टन चेज जैसे मंझे हुए बल्लेबाज हैं।

## बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मांगे धोनी विराट, बुमराह सहित सात खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के फैन्स के लिए अच्छी खबर यह है कि उन्हें जल्द ही क्रिकेट के मैदान में देखा जा सकता है। दरअसल बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई से एशिया इलेवन के लिए धोनी की मांग की है।

धोनी के अलावा बीसीबी ने 6 अन्य खिलाड़ियों के लिए भी अनुमति मांगी है। 18 और 21 मार्च को एशिया इलेवन के टी20 इंटरनैशनल मैच होने हैं।



### इन खिलाड़ियों को मांगा बीसीबी ने

*बीसीबी ने बीसीसीआई से धोनी के अलावा विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या, रोहित शर्मा, भुवनेश्वर कुमार और रवींद्र जडेजा को भी मांगा है। गौरतलब है कि महेंद्र सिंह धोनी ने वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। हालांकि अब देखना यह है कि एशिया इलेवन खेलने के लिए धोनी तैयार होंगे या नहीं।*

## राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेंगी विनेश और साक्षी

एजेंसी ▶▶| जालंधर

विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगाट और ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक जालंधर में 29 नवंबर से एक दिसंबर के बीच होने वाली सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में महिला वर्ग में आकर्षण का केंद्र होंगी।

इस चैंपियनशिप में 500 से अधिक पहलवान पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला स्पर्धाओं मे अपना दमखम दिखाएंगे। महिला वर्ग में भाग लेने वाली



खिलाड़ियों में तोक्यो ओलंपिक में पदक की दावेदार विनेश, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक, उदीयमान दिव्या काकरान, सीमा बिस्ला, सरिता मोर और नवजोत कौर प्रमुख हैं।

इस टूर्नामेंट में कुछ रोमांचक मुकाबले देखने को मिल सकते हैं। दिव्या काकरान को 68 किग्रा में पिंकी से कड़ी चुनौती मिल सकती है। नवजोत कौर को अपने भार वर्ग में गार्गी यादव की चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।

## भारतीय तीरंदाजों ने एशियाई चैंपियनशिप में जीते तीन कांस्य

एजेंसी ▶▶| बैंकाक

अतनु दास की अगुवाई में भारतीय तीरंदाजों ने मंगलवार को एशियाई चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक जीते जबकि कम से कम तीन रजत पदक पक्के किये। दास ने सबसे पहले पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कोरिया के जिन हायेक ओह को कांस्य पदक के शूटआफ मुकाबले में 6-5 से हराया।

दास ने सीनियर खिलाड़ी तरुणदीप राय और जयंत तालुकदार के साथ मिलकर कांस्य पदक मुकाबले में चीन को 6-2 से हराया। दीपिका कुमारी, लेशराम बोम्बायला देवी और अंकिता भक्त की रिकर्व महिला टीम ने जापान को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत के तीन तीरंदाज कंपाउंड वर्ग के फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। फाइनल बुधवार को खेले जाएंगे।



अभिषेक वर्मा, रजत चौहान और मोहन भारद्वाज की भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ईरान को 229-221 से हराकर फाइनल में जगह बनायी जहां उनका मुकाबला कोरिया से होगा। ज्योति सुरेखा वेनाम, मुस्कान किरार और प्रिया गुर्जर ने भी ईरान को 227-221 से पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उनका सामना भी कोरिया से होगा। वर्मा और ज्योति की कंपाउंड मिश्रित जोड़ी पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपै से होगा।

### व्यक्तिगत हितों को ध्यान में रखकर खेलते हैं खिलाड़ी: तेंदुलकर

# दलीप ट्रॉफी में नहीं दिखती टीम भावना, गांगुली इसमें सुधार करें

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का मानना है कि दलीप ट्रॉफी में खिलाड़ियों का ध्यान टीम से अधिक व्यक्तिगत प्रदर्शन पर रहता है। सचिन ने उम्मीद जताई है कि बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली को इसमें बदलाव करना चाहिए।

तेंडुलकर ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि गांगुली दलीप ट्रॉफी को देखें। यह ऐसा टूर्नामेंट है कि खिलाड़ी अपने प्रदर्शन और अगले टूर्नामेंट पर ज्यादा फोकस करते हैं और उसी के अनुसार खेलते हैं।'

### रणजी ट्राफी के तुरंत बाद होना चाहिए

तेंडुलकर ने कहा कि इसे रणजी ट्रॉफी फाइनल के तुरंत बाद खेला जाना चाहिए और उन चार टीमों के बीच होना चाहिए जो सेमीफाइनल तक पहुंची हैं और पूरा सत्र साथ में खेलती हैं। उन्होंने कहा, 'शीर्ष चार रणजी टीमों के साथ दो और टीमें इसमें हों क्योंकि ऐसी कई टीमें होंगी, जिनमें प्रतिभाशाली खिलाड़ी होंगे लेकिन क्वॉलिफाइ नहीं कर पातीं। अंडर 19, अंडर 23 अलग-अलग टीमों से इन खिलाड़ियों को लिया जा सकता है।'



### क्रिकेट टीम भावना का खेल

तेंडुलकर ने कहा, 'मैं इसमें बदलाव देखना चाहता हूं क्योंकि क्रिकेट हमेशा से टीम का खेल रहा है। यह टीम भावना और एक टीम के रूप में साथ खेलने को लेकर है। इसमें व्यक्तिगत प्रदर्शन पर फोकस नहीं रहना चाहिए।'

### पांच टीमों का क्षेत्रीय टूर्नामेंट


सचिन ने कहा कि यदि आईपीएल की नीलामी है या टी20 टूर्नामेंट या वनडे है तो खिलाड़ी उसी तरह से खेलते हैं। वे टीम के लिए नहीं खेलते। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। दलीप ट्रॉफी पांच टीमों का क्षेत्रीय टूर्नामेंट था लेकिन अब इसमें इंडिया ब्लू, इंडिया ग्रीन और इंडिया रेड टीमें राउंड रॉबिन प्रारूप में खेलती हैं।

## कपास के खेतों में काम करने वाली लड़की ने क्रास कंट्री के लिए किया क्वालीफाई

**औरंगाबाद।** कपास के खेतों में काम करने वाली 15 साल की लड़की ने राष्ट्रीय क्रास कंट्री चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है जिसका आयोजन स्कूल खेल महासंघ अगले महीने पंजाब में करेगा। औरंगाबाद जिले की बाबुलगांव बुद्रुक गांव की गायत्री सुखदेव गायकवाड़ के लिए स्कूल जाने के अलावा खेतों से कपास चुनना दिनचर्या में शामिल है। उन्होंने हाल ही में पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा में आयोजित राज्यस्तर की क्रास कंट्री में जीत दर्ज कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। गायत्री बालेवाड़ी खेल परिसर में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर में भी भाग लेगी।

## खबर संक्षेप

### फसल काटने पर विवाद ग्रामीण की कर दी हत्या



**अंबिकापुर।** बंधक बनाए गए खेत के फसल काटने को लेकर हुए विवाद के बाद तीन लोगों ने मिलकर ग्रामीण की हत्या कर दी। ग्रामीणों द्वारा पूर्व नियोजित योजना के तहत पहले युवक को शराब में कीटनाशक पिलाया गया फिर भी युवक के नहीं मरने पर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई और हत्या को दुर्घटना में तब्दील करने शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया। इस मामले में बलरामपुर जिले के कण्डा क्षेत्र की इस घटना के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम कण्डा निवासी 37 वर्षीय देवसाय कोड़ाकु आ. शिव प्रसाद कोड़ाकु का शव 23 नवम्बर को गांव में माध्यमिक शाला के समीप सड़क किनारे पड़ा हुआ था। इसकी शिकायत मृतक के भाई मानसाय द्वारा पस्ता पुलिस को दी गई थी।

### आरक्षक निकला बाइक चोर साथी के साथ पकड़ा गया



**जांजगीर-चांपा।** जिले में वाहन चोरी की वारदात प्रतिदिन बढ़ रही है। लगातार बढ़ रही वाहनों की चोरी मामले में जांजगीर-चांपा पुलिस को कामयाबी तो मिली है, लेकिन इस कामयाबी ने पुलिस विभाग का सिर झुका दिया है। दरअसल चोरी की तीन गाड़ियों के साथ पुलिस लाईन में पदस्थ एक आरक्षक और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। मामला कोतवाली थाना का है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन जांजगीर में पदस्थ राकेश रात्रे ने अपने साथी दुर्गेश कश्यप एवं प्रकाश तिवारी के साथ मिलकर पुलिस लाइन से ही एक आरक्षक की बाइक पार की थी। जिसे पुलिस ने उनसे बाइक बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि बाइक चोरी के मामले में जांच पड़ताल की जा रही थी और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पूछताछ की गई, तो इस मामले का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया कि बाइक चोरी के मामले में लाइन में पदस्थ आरक्षक राकेश रात्रे और उसके साथी दुर्गेश कश्यप के पास चोरी की हीरो मोटरसायकल जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले की विवेचना की जा रही है।

# सुपेबेड़ा में किडनी पीड़ितों के शिविर में मरीजों ने नहीं दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवभोग

सुपेबेड़ा में किडनी पीड़ितों के इलाज के लिए लगाए जाने वाले शिविर में किडनी पीड़ित रुचि नहीं दिखा रहे हैं। गांव में मंगलवार को एम्स के किडनी विशेषज्ञ डॉं विनय राठौड़ अपनी टीम के साथ पहुंचे थे। शिविर के दौरान मात्र 10 किडनी पीड़ितों ने ही अपना उपचार कराया। सुपेबेड़ा के किडनी प्रभावितों की सेहत को ध्यान में रखकर शिविर लगाया गया था। स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे डाक्टरों ने कहा कि शिविर में पहुंचे मरीजों ने जांच और चिकित्सा संबंधी परामर्श पर मरीज संतुष्ट नजर आए। मंगलवार को गांव में लगे शिविर में कुल 48 मरीजों की जांच की गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉं एसके बिंदवार, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के डॉं अभिरूचि गल्होरता, सीएमओ डॉं एचआर नवरत्न सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

### किडनी बीमारी के कई कारण

उन्होंने बताया कि किडनी की बीमारी किसी एक कारण से नहीं होती। कई तरह के कारण हो सकते हैं। ब्लड प्रेशर और शुगर का कंट्रोल और ज्यादा पानी पीने की सलाह के साथ ही दर्द निवारक दवाइयां अपने मन से न लें या इंजेक्शन लगाने से बचने की सलाह भी दी। आने वाले दिनों में इस सलाह का असर भी दिखेगा।

### गांव के सौ में से सिर्फ 10 मरीज ही शिविर में पहुंचे



### एम्स में होगा बेहतर इलाज

किडनी विशेषज्ञ डॉं विनय ने बताया कि मरीज अब इलाज को लेकर रुचि लेने लगे हैं। मरीजों का उनपर भरोसा होने लगा है। उन्होंने कहा कि मरीजों को एम्स आना चाहिए। वहां उनका बेहतर उपचार हो सकेगा।

### सरकार सुपेबेड़ा को लेकर गंभीर

गांव के त्रिलोचन ने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुपेबेड़ा को लेकर गंभीर हैं। सरकार सुपेबेड़ा में इलाज को लेकर हर संभव कदम उठा रही है। इसके बाद भी लोगों का उपचार के प्रति उदासीन रवैया समझ से परे है। त्रिलोचन ने कहा कि शिविर की जानकारी सभी ग्रामीणों को दी गई थी लेकिन वे शिविरों में आकर अपनी परेशानी क्यों नहीं बताना चाह रहे है,यह सोचने वाली बात है।

### मरीजों को स्वास्थ्य लाभ नहीं

गांव के लव कुमार नागेश ने कहा कि पिछले दो साल से गांव में कई बार शिविर लगाए जा चुके हैं। हमेशा दावा किया जाता है कि शिविर में आकर मरीज इलाज कराएं उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। शिविर में ईलाज कराने वाले मरीजों को स्वास्थ्य लाभ की बजाय उनका स्वास्थ्य दिन ब दिन और बिगड़ता चला जाता है। पंच टिनीमिनी ने कहा कि शिविर से किसी तरह का कोई स्वास्थ्य लाभ आज तक ग्रामीणों को नहीं मिला है। शिविर में इलाज कराने के लिए जाने के बाद भी संबंधित रोग की दवा उपलब्ध नहीं कराई जाती। इसी के चलते शिविरों से ग्रामीणों का भरोसा उठने लगा है। पंच टिनीमिनी ने कहा कि गांव में अब शिविर लगाना बंद कर देना चाहिए।

## विधानसभा : सरकार के कैबिनेट को कहा असंवैधानिक


# अजय चंद्राकर की दो टिप्पणियों पर सदन में जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास बातें**
- माफी मांगने के बाद कांग्रेस को कहा- विकलांग

राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर की दो टिप्पणियों को लेकर सदन में जमकर हंगाम हुआ। सत्ता पक्ष की कड़ी आपत्ति के बाद श्री चंद्राकर ने खेद जताते हुए माफी मांग ली, लेकिन जब उनकी बात आगे बढ़ी, तो फिर एक बयान पर सत्ता पक्ष भड़क गया। सत्ता पक्ष के एक नए सदस्य की टीका टिप्पणी से विपक्षी भाजपा सदस्य नाराज हो गए और सभी सदस्य सदन से बाहर चले गए, जो सदन की कार्यवाही स्थगित होने तक वापस नहीं आए।

सरकार के अनुपूरक बजट पर अपनी बात रखते हुए अजय चंद्राकर ने कहा कि का पूरा कैबिनेट असंवैधानिक है। यह सुनते ही सत्ता पक्ष के सदस्य नाराज हो गए। कई सदस्यों ने कहा कि यह गलत है। यह बयान वापस लेने कहा जाए। संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि हमारी सरकार को प्रदेश की जनता ने तीन चौथाई बहुमत से चुना है। ऐसी सरकार को आप असंवैधानिक कह रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि महाराष्ट्र में जिसके पास बहुमत नहीं है, वह संवैधानिक सरकार है और हम असंवैधानिक। इस पर भाजपा सदस्य शिवरतन शर्मा ने कहा कि जब आपने हमारे 14 विधायक तोड़े थे, तो वह क्या संवैधानिक था। श्री चौबे ने श्री चंद्राकर के बयान पर ये भी कहा कि अगर आप सरकार पर आरोप लगा रहे हैं, तो पहले इसकी सूचना देनी थी। इसके जवाब में विपक्ष के सदस्य बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आपको बड़ा दिल रखकर सुनना चाहिए। यहां महाराष्ट्र का उदाहरण भी नहीं आना चाहिए। फिर श्री चौबे ने कहा कि सीमाओं में रहकर बात की जानी चाहिए। इस पर अजय चंद्राकर ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से आरोप नहीं लगा रहा हूं। सरकार को असंवैधानिक इसलिए कह रहा हूं कि कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री के ओएसडी क्यों बैठ रहे हैं। बैठ सकते हैं या नहीं, ये भी आप दिखवा लें। इसके जवाब में श्री चौबे ने कहा कि हमने देखा है पिछले 15 साल में ऐसी ताकतों को जो कैबिनेट को संचालित करते थे। शोर के बीच कुछ सदस्यों ने ये भी कहा कि पूर्व सीएम के पूरे सचिवालय में संविदा नियुक्ति वाले काम करते थे।




### कांग्रेस को विकलांग कहा तो भड़का सत्ता पक्ष

इस गरमा-गरमी के बाद अजय चंद्राकर ने अपनी बात नए सिरे से शुरू करते हुए कहा कि ये सरकार विकलांगों को एल्डरमैन बना रही है। ऐसा लगता है, पूरी कांग्रेस ही विकलांग है। उनकी इस टिप्पणी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आपत्ति की। उन्होंने कहा कि ये बात शर्मनाक है। कांग्रेस पार्टी कैसे विकलांग हो सकती है। इसके बाद सत्ता पक्ष के कई सदस्यों ने कड़ी आपत्ति करते हुए नाराजी दिखाई। इसी बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आसंदी से आग्रह किया कि वे इस कथन के लिए सदस्य से माफी मांगने कहें। सत्ता पक्ष के बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री को इतना उत्तेजित नहीं होना चाहिए। इस पर अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि मैंने बार-बार अनुरोध किया है कि शालीन भाषा का प्रयोग करें। ऐसी अभिव्यक्ति न हो, जिससे दूसरों को चोट पहुंचती हो। काफी शोरशराबे के बीच अजय चंद्राकर ने कहा कि मेरे शब्दों से अगर किसी की भावना को ठेस पंहुची है, तो वे सौ बार क्षमा मांगते हैं। मेरी भावना किसी के अपमान की नहीं थी। इस पर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि ये पहले गलत बोलते हैं फिर माफी मांगते हैं। इस शोर के बीच कांग्रेस सदस्य देवेंद्र यादव ने कहा कि ये बार-बार गलत बात कहते और माफी मांगते हैं, ये सदन को गुमराह करते हैं। इस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि माफी मांगने के बाद भी ये नए सदस्य इस प्रकार की बात कह रहे हैं। इस पर भाजपा के सदस्यों ने भी नाराजगी दिखाई। इसी समय भाजपा के सभी सदस्य सदन से चले गए।

# भरी पंचायत में पति ने तीन बार तलाक बोलकर तोड़ लिया रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर



दहेज की मांग लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में परिजन ने लगातार कोशिशें की लेकिन हालात सुधरने की जगह और अधिक बिगड़ गए। परिजन ने दामाद और उसके माता-पिता को समझाईश देने पंचायत बुलाई।

- पीड़िता की शिकायत पर भेजा गया जेल, प्रताड़ित करने वाले परिजन फरार

गांव के बड़े-बुजुर्ग की समझाईश दामाद को इतनी नागवार गुजरी की उसने भरी पंचायत में तीन बार तलाक बोल कर अपनी पत्नी को छोड़ने की सार्वजनिक घोषणा कर दी और पंचायत से उठकर चला गया। आरोपी पति की करतूत देखकर पंच सन्न रह गए। इसके आगे के सारे रास्ते बंद होने के कारण पंच निरूतर होकर अपने घर चले गए।

यह घटना विकासखण्ड शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत जमड़ी का है जहां पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है तथा विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले सास-ससुर व परिवार के अन्य सदस्य पुलिस से बचने फरार है।

### आरोपी पति गिरफ्तार

पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति शाजिद, सास खैरू निशा, ससूर अब्दुल वाहिद, जेठ मो. शाहिद के विरूद्ध मुस्लिम महिला अधिकार संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत 3, 4 तथा टोनही प्रताड़ना अधिनियम की धारा 3, 4 तथा धारा 294, 34 व 498 ए का मामला पंजीबद्ध किया है। मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। परिवार के अन्य सदस्य फरार हो गए हैं जिन्हे पुलिस तलाश रही है। पुलिस की

### नहीं बख्शे जाएंगे आरोपी

बेटियों को भी सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। शासन द्वारा इस संबंध में कई कड़े कानून बनाए गए हैं। ऐसे मामलों के आरोपियों को नहीं बख्शा जाएगा। आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है तथा आरोपियों को तलाशा जा रहा है।

-टीआर कोशिमा, एसपी, बलरामपुर





# चुनाव याचिका की ग्राह्यता पर बहस पूरी, फैसला सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा के निर्वाचन को दी गई है चुनौती

रायपुर ग्रामीण क्षेत्र से निर्वाचित विधायक सत्यनारायण शर्मा के निर्वाचन को निरस्त करने लगाई गई चुनाव याचिका की ग्राह्यता पर बहस पूरी होने के बाद हाईकोर्ट जस्टिस गौतम भादुरी की सिंगल बेंच ने अपना फैसला सुरक्षित रखा है। सूत्रों के अनुसार रायपुर ग्रामीण क्षेत्र से निर्वाचित विधायक सत्यनारायण शर्मा के निर्वाचन को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत अपनी चुनाव याचिका में याचिकाकर्ता गौतम बुद्ध अग्रवाल ने कहा है,कि विधायक शर्मा ने अपने नामांकन पत्र में अपनी सम्पति का पूरा विवरण नहीं दिया था। ग्राम मुरेठी की जमीन व मकान की जानकारी उन्होंने अपने नामांकन पत्र में उल्लेख नहीं किया था। नामांकन पत्र की जांच के दौरान याचिकाकर्ता ने इस पर आपत्ति की थी। बावजूद इसके रिटर्निंग आफिसर ने याचिकाकर्ता के आपत्ति का निराकरण किए बिना ही आपत्ति को निरस्त कर दिया था। मंगलवार को प्रकरण की सुनवाई के दौरान विधायक सत्यनारायण शर्मा की ओर से उनके अधिवक्ता डॉ.निर्मल शुक्ला ने एक आवेदन प्रस्तुत कर चुनाव याचिका को चलने योग्य नहीं बताते हुए निरस्त करने की मांग की। दूसरी ओर याचिकाकर्ता गौतमबुद्ध अग्रवाल की ओर से उनके अधिवक्ता लव कुश साहू ने चुनाव याचिका को चलने योग्य बताते हुए इसे ग्राह्य करने पर जोर दिया। चुनाव याचिका की ग्राह्यता पर चली लम्बी बहस के बाद सिंगल बेंच ने अपना फैसला सुरक्षित रखा है।



**तीन गाड़ियों समेत 595 बोरी धान जब्त : बिलासपुर।** पेट्रोलिंग के दौरान मस्तूरी पुलिस ने अवैध रूप से परिवहन करते हुए तीन गाड़ियों को पकड़कर 595 बोरी धान बरामद किया है। एसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर मस्तूरी थाना प्रभारी फैजुल होदा शाह पेट्रोलिंग पार्टी बनाकर वाहनों की सघन जांच करने में लगे हुए थे।




# चाकू की नोक पर प्रेम का इजहार, छात्रा के इनकार पर किया वार, फिर कर ली खुदकुशी


हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

एकतरफा प्रेम के चलते एक सिरफिरे आशिक ने स्कूल में घुसकर छात्रा की गर्दन पर चाकू टिकाकर प्रेम का इजहार करते हुए उसका साथ मांगा। लेकिन, छात्रा द्वारा इनकार किए जाने के बाद उस पर चाकू से वार कर वहां से भाग निकला और खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के दौरान स्कूल में विद्यार्थी दहशत में रहे।

- एकतरफा प्रेम के चलते सिरफिरे आशिक ने स्कूल में घुसकर दिया घटना को

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे ग्राम नरधा स्थित महंत लालदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उस वक्त हुई, जब स्कूल लगी हुई थी। गांव का ही एक युवक मुकेश खाण्डेकर पिता अगतराम खाण्डेकर 24 वर्ष अचानक स्कूल में घुस गया और छात्रा की पर गर्दन पर चाकू अड़ा दिया और अपने प्रेम का इजहार करते हुए उससे भी प्रेम करने की बात कही, जिससे छात्रा ने मना कर दिया। इससे आक्रोशित युवक ने छात्रा की गर्दन वार कर फरार हो गया। इससे छात्रा के गले और कान में चोटें आई हैं, जिसे तत्काल शिवरीनारायण अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उपचार चल रहा है। इसके साथ ही गिधौरी थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

### फांसी लगाते हुए ली सेल्फी



घटना के बाद जानकारी पर घटनास्थल पहुंची गिधौरी थाना पुलिस ने आरोपी मुकेश खाण्डेकर पिता अगतराम खाण्डेकर 24 वर्ष के खिलाफ अपराध धारा 452, 307 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु की। लगभग चार घंटे बाद पता चला कि आरोपी ने मटिया के साहेब तालाब नहर के पास पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी मृतक ने पेड़ फांसी लगाने से पहले अपने दोस्तों को सेल्फी भी भेजी, जिसमें उसने अपनी कमीज को फाड़कर फांसी के लिये फंदा बनाया हुआ था। मृतक ने अपने दोस्तों को फांसी लगाने के दौरान की फोटो भी भेजी, जिसे उसके साथियों ने मृतक के भाई को इसकी जानकारी दी। इस पर उसकी खोज करते हुए जब लोग साहेब तालाब मटिया के पास पहुंचे, तो बबुल पेड़ के नीचे उसकी लाश गिरी पड़ी थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com